सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 24 अप्रैल, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 110, पेज 12, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 852 अंकों की गिरावट

गिरावट के चलते बीएसई सेंसेक्स 852 .49 अंक लुढ़क गया और एनएसई निफ्टी भी 205 अंक नुकसान में रहा। } 10

## बदलाव के पक्ष में मिलेगा शानदार जनादेश

पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण में बड़ी संख्या में वोट देने के लिए राज्य की जनता को बधाई दी और मतदान के अब तक के आंकड़ों को परिवर्तन के लिए शानदार जनादेश का संकेत बताया। } 12

## नीयत साफ हो तो नियति बदलने में देर नहीं लगती : योगी

### गोखपुर में मुख्यमंत्री ने 497 परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

विशेष संवाददाता



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब नीयत साफ हो तो नियति बदलने में देर नहीं लगती है। करने की दृढ़ इच्छाशक्ति हो और नीयत भी उसी के अनुरूप हो तो परिस्थितियां बदलती हुई दिखाई देती हैं। गोरखपुर में नौ वर्षों के अंदर आया विकासपरक परिवर्तन इसका प्रमाण है। सीएम योगी गुरुवार को राप्ती नदी के एकला बंधा पर लिगेसी वेस्ट का निस्तारण कर बनाए गए ईको पार्क, नौसढ़-मलौनी फोरलेन सड़क सहित विकास की 1055 करोड़ रुपये की लागत वाली 497 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छता टूलकिट और कैलेंडर का अनावरण कर स्वच्छ स्कूल अभियान का भी शुभारंभ किया। एकला बंधे पर आयोजित लोकार्पण-शिलान्यास समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ अच्छा करने की ...शेष पृष्ठ 10 पर

## यूपी बोर्ड 10वीं-12वीं रिजल्ट : बेटियों ने फिर मारी बाजी

### हाईस्कूल में 90.42% व इंटर में 80.38% छात्र सफल

विशेष संवाददाता

लखनऊ। माध्यमिक शिक्षा परिषद ने गुरुवार को यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 का परिणाम घोषित कर दिया। परिणामों में हाईस्कूल में 90.42% और इंटर में 80.38% छात्र सफल घोषित किए गए हैं। हाईस्कूल परीक्षा के टॉपर्स में प्रथम स्थान पर संयुक्त रूप से बाबूराम सावित्री देवी इंटर कॉलेज, शेखपुर बिलौली बाजार, पिहानी (सीतापुर) की कशिश वर्मा (97.83) और द मॉडर्न एकेडमी इंटर कॉलेज, जैदपुर (बाराबंकी) की अंशिका वर्मा (97.83%) रहीं। वहीं, इंटरमीडिएट परीक्षा के टॉपर्स ...शेष पृष्ठ 10 पर







# पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में रिकॉर्ड मतदान

## बंगाल : प्रथम चरण में करीब 92.35 प्रतिशत मतदान दर्ज

एजेंसी



कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण में बृहस्पतिवार को शाम पांच बजे तक करीब 92.35 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाला। इस दौरान हिंसा, मतदाताओं को डराने-धमकाने और कम से कम तीन उम्मीदवारों पर हमले की छिटपुट घटनाएं भी हुईं।

राज्य के हालिया चुनावी इतिहास में यह मतदान प्रतिशत सबसे अधिक है। मतदान शाम छह बजे समाप्त हो गया। अधिकारियों ने बताया कि निर्धारित समय से पहले मतदान केंद्रों पर पहुंचने वाले मतदाताओं को अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने की अनुमति दी जाएगी। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान बड़ी संख्या में नाम काटे जाने को लेकर विवाद के बीच राज्य के 16 जिलों में मतदान से 294 सदस्यीय राज्य विधानसभा के 152 निर्वाचन क्षेत्रों में 167 महिलाओं सहित 1,478 उम्मीदवारों के चुनावी भाग्य का फैसला होगा। भीषण गर्मी और उमस के बावजूद मतदाता सुबह से ही मतदान केंद्रों के बाहर बड़ी संख्या में कतारों में खड़े नजर आए और जैसे-जैसे समय बीतता गया, मतदान की गति तेज होती गई। मतदान केंद्रों के बाहर लंबी कतारें इस बात का संकेत थीं कि मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसे सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच महत्वपूर्ण मुकाबले के रूप में देखा जा रहा है। निर्वाचन आयोग के अनुसार, सुबह सात बजे मतदान शुरू हुआ। राज्य में शाम पांच बजे तक 89.93 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जिसमें दक्षिण दिनाजपुर जिले में सबसे अधिक 93.12 प्रतिशत मतदान हुआ। विश्लेषकों का कहना है कि मतदान में लोगों की भारी भागीदारी बढ़ी हुई राजनीतिक गोलबंदी और एसआईआर के सांख्यिकीय प्रभाव दोनों को दर्शाती है, जिसके तहत राज्य भर में मतदाता सूची से 91 लाख से अधिक नाम हटा दिए गए थे। पहले दो घंटे में 3.60 करोड़ मतदाताओं में से 18.76 प्रतिशत ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया और धीरे-धीरे मतदान में तेजी आई। पूर्वाह्न 11 बजे तक 41.11 प्रतिशत और अपराह्न एक बजे तक 62.18 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। तीन बजे तक 78 प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर चुके थे। उम्मीदवारों पर हमलों समेत कुछ जिलों में छिटपुट हिंसा की घटनाओं ने बंगाल के चुनावी माहौल में अपेक्षित तनाव पैदा कर दिया। निर्वाचन आयोग ने हिंसा के संबंध में अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी है। बीरभूम जिले के खारिसोल में अंतिम घंटों के दौरान तनाव काफी बढ़ गया, जब मतदाताओं ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के पक्ष में डाले गए वोट भाजपा के खाते में दर्ज हो रहे हैं। चुनाव अधिकारियों और नाराज मतदाताओं के बीच बहस छिड़ने के बाद स्थिति और बिगड़ गई, जिसके बाद स्थानीय लोगों का एक समूह मतदान केंद्र के बाहर इकट्ठा हो गया और प्रदर्शन करने लगा। इससे पहले, दिनाजपुर के कुमारगंज में भाजपा उम्मीदवार ...शेष पृष्ठ 10 पर

## तमिलनाडु में 85 फीसद पड़े वोट, सबसे अधिक सेलम में हुआ मतदान

एजेंसी



चेन्नई। तमिलनाडु की 234 विधानसभा सीट पर चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को रिकॉर्ड 85 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, शाम पांच बजे तक राज्य के 5.73 करोड़ से अधिक मतदाताओं में से 82.24 फीसदी ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

इससे पहले, तमिलनाडु में 2011 के विधानसभा चुनावों में सर्वाधिक 78.29 फीसदी मतदान दर्ज किया गया था, जब ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) ने शानदार जीत हासिल की थी। तमिलनाडु में ...शेष पृष्ठ 10 पर

### संक्षेप

## गंगा में डूबने से तीन युवकों की मौत

रायबरेली। जिले के सरेनी थाना क्षेत्र में गंगा नदी में डूबने से तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक का इलाज जारी है। मरने वालों में दो व्यक्ति सगे भाई बताए गए हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब 11 बजे सरेनी थाना क्षेत्र में गंगा नदी में डूबने से तीन नवयुवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक का इलाज जारी है। हादसे के शिकार नवयुवक एक शादी के कार्यक्रम में शामिल होने आए थे और आज गंगा स्नान करने निसगर घाट तक आये थे। मृतकों में रानीखेड़ा के निवासी हरिओम, हरिशंकर और सत्येन्द्र शामिल हैं।

## वैदिक मंत्रोच्चार के बीच खुले बद्रीनाथ धाम के कपाट

### पहले दिन ही उमड़ी अपार श्रद्धा, 15 हजार से अधिक भक्तों ने किये दर्शन

प्रमुख संवाददाता



बद्रीनाथ धाम (उत्तराखंड)। देवभूमि उत्तराखंड के विश्वप्रसिद्ध श्री बद्रीनाथ धाम के कपाट गुरुवार की सुबह शुभ मुहूर्त में 6:15 बजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। वैदिक मंत्रोच्चार, पारंपरिक पूजा-विधि और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच जैसे ही मंदिर के द्वार खुले, संपूर्ण धाम जय बद्री विशाल के जयकारों, शंखनाद और घंटियों की मंगलध्वनि से गूंज उठा। इस अलौकिक अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी धाम में उपस्थित रहे।

कपाटोद्घाटन के पहले ही दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। देश-विदेश से पहुंचे 15 हजार से अधिक भक्तों ने भगवान बद्री विशाल के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। सुबह से ही मंदिर परिसर में लंबी कतारें लग गई थीं। श्रद्धालुओं ने अखंड ज्योति के दर्शन कर स्वयं को धन्य महसूस किया। कपाट खुलने के अवसर पर मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया था। श्री बद्रीनाथ मंदिर को पुष्पमालाओं, पारंपरिक तोरण द्वारों और आकर्षक ...शेष पृष्ठ 10 पर

## चमकविहीन व सिकुड़ा गेहूं भी खरीदेगी यूपी सरकार

लखनऊ। मौसम की मार से परेशान किसानों को डबल इंजन सरकार ने बड़ी राहत दी है। रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए भारत सरकार ने निर्देश दिया है कि उत्तर प्रदेश के किसानों का अधिक से अधिक गेहूं एमएसपी पर खरीदा जाए तथा किसानों को लाभकारी मूल्य प्राप्त हो।

बता दें कि प्रदेश में बेमौसम वर्षा के कारण गेहूं की गुणवत्ता में कमी आई है। चमकविहीन होने के साथ गेहूं के दानों में सिकुड़न आ गयी है। इसे देखते हुए प्रदेश सरकार के अनुरोध पर किसानों के हित में भारत सरकार ने चमकविहीन एवं सिकुड़े गेहूं को खरीदने की अनुमति प्रदान की है। अब किसानों का 70 प्रतिशत तक चमकविहीन गेहूं तथा 20 प्रतिशत तक टूटे व सिकुड़ा ...शेष पृष्ठ 10 पर

## आईएसआई के दो आतंकवादी गिरफ्तार

### यूपी एटीएस को मिली बड़ी सफलता, सोशल मीडिया से नौजवानों को बनाया निशाना

वरिष्ठ संवाददाता



समीर खान



तुषार उर्फ हिज्बुल्ला

लखनऊ। यूपी एटीएस ने पाकिस्तानी गैंगस्टर्स व आईएसआई के लिए काम करने वाले दो आतंकियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी पायी है। उनके कब्जे से 0.32 बोर पिस्टल, 05 जिन्दा कारतूस, चाकू व दो मोबाइल फोन बरामद हुआ है।

उत्तर प्रदेश एटीएस को सूचना मिली थी कि भारत में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने व भारत की सम्प्रभुता, एकता व अखण्डता को नष्ट करने के उद्देश्य से पाकिस्तानी गैंगस्टर जो आईएसआई के कहने पर भारत की आंतरिक सुरक्षा को क्षति पहुंचाना चाहते हैं, उनसे जुड़कर उन आतंकवादी संगठनों व गैंगस्टर्स के साथ मिलकर भारत के युवकों को इंस्टाग्राम व विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से स्लीपर सेल बनाने व आतंकी गतिविधियों को कारित करने के लिए उकसाने का कार्य किया जा रहा है। इस सूचना को एटीएस की टीम ने विकसित किया तो यह तथ्य प्रकाश में आए कि पाकिस्तान की खूफिया एजेन्सी आईएसआई के निर्देश पर ...शेष पृष्ठ 10 पर



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 42.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 25.00 डिसे. |

### भीतर पढ़ें


- 15 मई से फार्मर आईडी अनिवार्य (पृष्ठ-02)
- उत्तर जोन का क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन आज (पृष्ठ-02)
- रुपया 33 पैसे टूटकर 94.11 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-10)
- वित्त मंत्री ने बैंक प्रमुखों के साथ बैठक की (पृष्ठ-10)


विशेष खबर

### एक साल में 20 .53 लाख से ज्यादा विदेशी पर्यटक पहुंचे प्रयागराज, संगम नगरी की बढ़ी लोकप्रियता

## विदेशी श्रद्धालुओं की पहली पसंद बना यूपी

विशेष संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बेहतर कानून-व्यवस्था, मजबूत बुनियादी ढांचे और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने वाली नीतियों के चलते विदेशी पर्यटकों का भरोसा लगातार बढ़ रहा है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण प्रयागराज के रूप में सामने आया है, जहां वर्ष 2025 में 20,53,918 से अधिक विदेशी श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचे। यह आंकड़ा दशार्ता है कि संगम नगरी केवल देश ही नहीं, बल्कि दुनिया भर के लोगों के लिए आस्था और संस्कृति का प्रमुख केंद्र बन चुकी है।

प्रयागराज में 20,53,918, वाराणसी में 3,21,358, मथुरा में 1,42,134, अयोध्या में 65,487 विदेशी पर्यटक साल 2025 में पहुंचे। प्रयागराज सदियों से गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के पवित्र संगम के लिए प्रसिद्ध रहा है। यहां की धार्मिक मान्यताएं, प्राचीन मंदिर, घाट, आश्रम और आध्यात्मिक वातावरण विदेशी पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित कर रहे हैं। विदेशी श्रद्धालु संगम स्नान, पूजा-अर्चना, योग, ध्यान और भारतीय संस्कृति को करीब से समझने के लिए प्रयागराज पहुंच रहे हैं। खासतौर पर माघ मेला, कुम्भ और धार्मिक आयोजनों के दौरान यहां अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। प्रदेश में योगी सरकार बनने के बाद सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया है, जिससे विदेशी पर्यटकों में विश्वास बढ़ा है। पर्यटन स्थलों पर पुलिस व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, साफ-सफाई, बेहतर सड़क संपर्क, एयरपोर्ट और रेलवे सुविधाओं में सुधार का सकारात्मक असर देखने को मिला है। प्रयागराज में पर्यटन सुविधाओं के विस्तार, घाटों के सुंदरीकरण, प्रकाश व्यवस्था और आधुनिक व्यवस्थाओं ने भी विदेशी मेहमानों को आकर्षित किया है। सरकार द्वारा धार्मिक स्थलों के विकास और प्रचार-प्रसार से प्रदेश की छवि वैश्विक स्तर पर मजबूत हुई है। पर्यटन विभाग के अधिकारियों ...शेष पृष्ठ 10 पर

## ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से 5 लोगों की मौत , 22 घायल

जिला संवाददाता

- जिलाधिकारी, एसपी, सीएमओ पहुंचे जिला अस्पताल
- घायलों का जाना हाल, हरसंभव मदद का आश्वासन
- सीएम योगी ने सड़क हादसे का लिया संज्ञान, जताया शोक
- मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये की आर्थिक मदद

लखीमपुर खीरी। निघासन तहसील के पढुआ थाना क्षेत्र में गुरुवार को मुंडन कार्यक्रम में जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली के पलट जाने से बड़ा हादसा हो गया। इस दुर्घटना में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 22 लोग घायल हो गए। सभी घायलों का जिला अस्पताल ओयल में इलाज चल रहा है, वहीं गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को बेहतर उपचार के लिए लखनऊ रेफर किया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे में हुई पांच लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से दो-दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने की घोषणा की है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि घायलों का समुचित एवं त्वरित उपचार सुनिश्चित किया ...शेष पृष्ठ 10 पर

# विशेष टीम गठित कर हो जमीनी विवादों का निस्तारण : योगी

## जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सुनी 200 लोगों की फरियाद, किया आश्वस्त, किसी के भी साथ नहीं होगा अन्याय

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ/गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जमीन से जुड़े विवादों का निस्तारण विशेष टीम गठित करके किया जाए। जमीन का मालिकाना हक उसके वास्तविक स्वामी के पास ही होना चाहिए। किसी व्यक्ति की जमीन पर यदि दबंगों ने कब्जा किया है तो जमीन को कब्जामुक्त कराने के साथ दोषियों को कानूनी सबक सिखाया जाए। किसी जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले बख्शे न जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है।

सीएम योगी गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ सीएम ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। जनता दर्शन में भूमि विवाद के मामलों में उन्होंने अफसरों से कहा कि विशेष टीम लगाकर ऐसे मामलों को शीघ्रता से निस्तारित किया जाए।

मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए।

# डोमिनगढ़ बंधा फोरलेन सड़क व रेल उपरिगामी पुल का सीएम ने किया निरीक्षण



**फोरलेन सड़क और उपरिगामी पुल से और सुगम हो जाएगा आवागमन**

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को निमार्णाधीन डोमिनगढ़ माधोपुर बंधा से महेसरा पुल तक फोरलेन सड़क और डोमिनगढ़ में बन रहे रेल उपरिगामी पुल (आरओबी) का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राजघाट पुल से हाबर्ट बंधा होते हुए डोमिनगढ़, कोलिया, गाहासाढ़ बंधा होते हुए जंगल कौड़िया-कालेसर मार्ग तक फोरलेन सड़क के निर्माण की भी जानकारी ली। उन्होंने इन तीनों परियोजनाओं को सुगम यातायात और बाढ़ बचाव के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

ईको पार्क सहित 1055 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं के लोकार्पण-शिलान्यास समारोह में शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री डोमिनगढ़ माधोपुर बंधा से महेसरा पुल तक फोरलेन सड़क और डोमिनगढ़ रेल उपरिगामी पुल का निरीक्षण करने पहुंचे। सबसे पहले वह लालडिग्गी के आगे बंधे पर रुके। यहां उन्होंने फोरलेन सड़क परियोजना के ड्राइंग मैप का अवलोकन किया और कार्य प्रगति के बारे में पूछा। मुख्यमंत्री ने कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड दो के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि काम में और तेजी लाकर इसे जल्द से जल्द जनता को समर्पित करने की तैयारी करें। इसके बाद सीएम योगी ने इसी मार्ग पर इलाहीबाग के पास बंधे पर रुककर निर्माण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने लक्षित समय सितंबर 2026 की बजाय जुलाई 2026 तक ही फोरलेन का काम पूरा करने के लिए कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए। यहां मुख्यमंत्री ने नगर आयुक्त को निर्देशित करते हुए कहा कि महेसरा तक बनने वाले फोरलेन के अंतिम छोर को खूबसूरत बनाने में नगर निगम भी योगदान दे। उन्होंने कहा कि महेसरा में सड़क से सटी वाटर बॉडी के समीप की भूमि पर कचरा पड़ा रहता है। वहां भी ईको पार्क जैसा विकास किया जा सकता है। फोरलेन सड़क का निरीक्षण करने के बाद मुख्यमंत्री ने डोमिनगढ़ चौकी के पास जगतबेला-डोमिनगढ़ रेल सेक्शन पर रहमतनगर-माधोपुर रोड पर रेल उपरिगामी पुल की प्रगति की जानकारी ली। ड्राइंग मैप देखने के बाद उन्होंने निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। सीएम योगी ने कहा कि गोरखपुर में जीवन सुगमता के लिए विकास की एक नई श्रृंखला खड़ी हो रही है। उन्होंने कहा कि हाबर्ट बंधा, डोमिनगढ़ बंधा पर फोरलेन सड़क और डोमिनगढ़ में रेल उपरिगामी पुल बन जाने से घुनघुनकोठा, जगतबेला और आसपास के लोगों को आवागमन में बड़ी सहूलियत हो जाएगी। फोरलेन के रूप में तटबंध सुदृढ़ हो जाने से बाढ़ से भी बचाव होगा। फोरलेन सड़क बन जाने से जंगल कौड़िया-कालेसर या फिर सोनौली मार्ग पर जाना बेहद सुगम हो जाएगा। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब सिटी के बाहर-बाहर फोरलेन की बेहतरीन कनेक्टिविटी मिल जाएगी। राजघाट, टीपीनगर से होते हुए नेपाल जाने वाले मार्ग पर जाने के लिए यात्रियों को शहर के अंदर जाने की जरूरत नहीं रहेगी। इस फोरलेन से सीधे महेसरा और फिर वहां से सोनौली मार्ग पर जाना आसान होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कार्यदायी संस्थाएं समय पर कार्य पूर्ण कर लेंगी और लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। डोमिनगढ़ माधोपुर बंधा से बसियाडीह मंदिर होते हुए महेसरा पुल के पास गोरखपुर-सोनौली मार्ग तक 10.2 किमी लंबाई में 379.54 करोड़ रुपये की लागत से फोरलेन सड़क का निर्माण जारी है। इसकी कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड दो है। इस सड़क को सितंबर 2026 तक पूरा कराया जाना है। हालांकि मुख्यमंत्री ने इसे जुलाई तक ही पूरा करने के लिए निर्देशित किया है। इसी तरह राजघाट पुल से हाबर्ट बंधा होते हुए डोमिनगढ़, कोलिया, गाहासाढ़ बंधा होते हुए जंगल कौड़िया-कालेसर मार्ग तक फोरलेन सड़क का निर्माण हो रहा है। 4.07 किमी लंबे इस मार्ग को फोरलेन सड़क में तब्दील करने पर 195.21 करोड़ रुपये की लागत आ रही है। कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड दो के अनुसार 75 प्रतिशत से अधिक कार्य हो चुका है और इसे मई 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है। जगतबेला-डोमिनगढ़ रेल सेक्शन पर रहमतनगर-माधोपुर रोड पर उपरिगामी पुल का निर्माण 132 करोड़ 60 लाख 78 हजार रुपये की लागत से किया जा रहा है। 755 मीटर लंबे इस पुल का निर्माण दिसंबर 2027 तक पूरा किया जाना है। इस पुल के बन जाने से टीपीनगर, कालेसर जंगल कौड़िया मार्ग से जोड़ते हुए रोहिन नदी के बाएं तट पर हाबर्ट तटबंध से माधोपुर तटबंध होते हुए मोहरीपुर का गोरखपुर-सोनौली मार्ग से सीधा संपर्क हो जाएगा। इससे सोनौली मार्ग पर जाने वाले यात्रियों को काफी सहूलियत मिलेगी, समय व ईंधन की बचत भी होगी।

# उत्तर जोन का क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन आज

## नौ राज्यों के कृषि मंत्री, अफसर, प्रगतिशील किसान व वैज्ञानिक लेंगे हिस्सा

विशेष संवाददाता (vol)



- **मुख्यमंत्री, केंद्रीय कृषि मंत्री व राज्यमंत्री रहेंगे मौजूद**
- **40 हजार कुंतल ढेंचे के बीज किसानों को मिलेंगे**

**लखनऊ।** उत्तर जोन खेती का प्राण है। कृषि क्षेत्र में उत्तर प्रदेश ने अनेक सकारात्मक कदम उठाए हैं। यूपी के इस कदम के कारण केंद्रीय किसान कल्याण मंत्रालय के तत्वावधान में 24 अप्रैल (शुक्रवार) को सेंट्रम होटल में क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन (उत्तर जोन) होगा। इसमें 9 राज्यों (उत्तर प्रदेश, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, चंडीगढ़, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, पंजाब व दिल्ली) के कृषि मंत्री, उद्यान मंत्री, प्रमुख सचिव, निदेशक, एफपीओ, प्रगतिशील किसान, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक, भारत सरकार के अधिकारी आदि रहेंगे। उद्घाटन सत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी व रामनाथ ठाकुर भी सम्मिलित होंगे। यह जानकारी कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने दी।

लोकभवन में गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत में आयोजन के संबंध में जानकारी देते उन्होंने बताया कि इसमें कृषि ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड, एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड की प्रगति, राज्यों के किसानों, केंद्र के स्टार्टअप, एफपीओ, नाबार्ड, बैंकों, मिल मालिकों, प्रसंस्करण इकाइयों, बागवानी की संभावनाओं, दलहन आत्मनिर्भरता मिशन की प्रगति, बीज एजेंसियों, खरीद एजेंसियों, सिंचाई कंपनियों, राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन आदि पर चर्चा व समीक्षा भी होगी। कृषि मंत्री ने बताया कि किसानों के कल्याण व आमदनी को लेकर विभिन्न राज्यों ने बेहतर कार्य किया है। वे अपने कार्यों का प्रस्तुतिकरण देकर अन्य राज्यों को भी अवगत कराएंगे। उत्तर प्रदेश के अंदर गन्ने के साथ इंटरक्रॉपिंग शुरू कराई गई है। इसके साथ ही धान की सीधी बोआई (डीएसआर) विधि को लेकर भी प्रस्तुतिकरण होगा। भारत सरकार ने सर्वोत्तम पद्धति मानते हुए इसे किसानों के हित का भी बताया है। वहीं पंजाब सरकार ने धान के फसल विविधीकरण की पद्धति, हिमाचल व उत्तराखंड ने बागवानी के क्षेत्र में विशेष पद्धति अपनाई है। इसके साथ ही कृषि के क्षेत्र में अन्य राज्यों के विभिन्न सकारात्मक कार्यों की भी जानकारी आदान-प्रदान होगी। सम्मेलन में नकली कीटनाशकों, उर्वरकों की कालाबाजारी पर नियंत्रण, प्रभावी वितरण, इसके विकल्पों को बढ़ावा देने, संतुलित उपयोग, रासायनिक फर्टिलाइजर की जगह पर अल्टरनेटिव फर्टिलाइजर के प्रयोग को लेकर भी पर विस्तृत चर्चा व समीक्षा भी होगी। सम्मेलन में उत्तर जोन के लिए आगे क्या पॉलिसी बनाई जाए और इसके जरिए किसानों को कैसे सामर्थ्यवान व आर्थिक रूप से सक्षम बनाया जा सके, इस पर भी चर्चा होगी। कृषि मंत्री ने एक सवाल के जवाब में बताया कि उत्तर प्रदेश में उर्वरक की कोई समस्या नहीं है। उत्तर प्रदेश में 20 लाख मीट्रिक टन से अधिक फर्टिलाइजर है। इसमें साढ़े 11 लाख एमटी यूरिया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने तय किया है कि लगभग 40 हजार कुंतल ढेंचे का बीज किसानों को उपलब्ध कराएगी, जिससे यूरिया की 20 प्रतिशत खपत कम होगी।

# अपार प्लस से हर छात्र पर डिजिटल नजर

## एक प्लेटफॉर्म पर सुरक्षित होगा पूरा शैक्षणिक रिकॉर्ड

विशेष संवाददाता (vol)

- **न किसी छात्र का रिकॉर्ड खोएगा, न ही कोई छात्र व्यवस्था से बाहर रहेगा**
- **4.24 करोड़ लक्ष्य के सापेक्ष 2.68 करोड़ अपार आईडी हुई जनरेट**

**लखनऊ।** अब उत्तर प्रदेश में कोई भी बच्चा पढ़ाई के सिस्टम से बाहर नहीं रहेगा और उसकी पूरी शैक्षणिक जानकारी एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दर्ज हो रही है। योगी सरकार के ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री, अपार प्लस मिशन के अंतर्गत हर छात्र को एक यूनिक आईडी दी जा रही है, जिससे उसकी पढ़ाई, उपस्थिति और प्रगति पर सीधी नजर रखी जा सकेगी। मतलब साफ है, न तो किसी बच्चे का रिकॉर्ड खोएगा और न ही कोई छात्र व्यवस्था से बाहर रह पाएगा। यह व्यवस्था सरकारी विद्यालयों के साथ-साथ सहायता प्राप्त और निजी मान्यता प्राप्त स्कूलों में भी लागू की जा रही है।

11 अप्रैल से शुरू होकर 30 जून 2026 तक चलने वाले इस मिशन में 4.24 करोड़ छात्रों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें अब तक 2.68 करोड़ से अधिक बच्चों को शामिल कर 63 प्रतिशत से ज्यादा लक्ष्य हासिल कर लिया गया है। खास बात यह है कि सरकारी स्कूलों में 82 प्रतिशत से अधिक बच्चों को इस डिजिटल व्यवस्था से जोड़ दिया गया है। इससे शिक्षा को जमीनी स्तर तक पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने की दिशा में तेज प्रगति दिखाई दे रही है। सबसे बड़े छात्र समूह तक डिजिटल पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य की पूर्ति की ओर बड़ी उपलब्धि है।

वहीं सहायता प्राप्त विद्यालयों में 74.84 प्रतिशत, निजी विद्यालयों में 50.54 प्रतिशत और अन्य श्रेणियों में 46.97 प्रतिशत प्रगति दर्ज की गई है। अपार प्लस व्यवस्था के अंतर्गत प्रत्येक छात्र को एक यूनिक डिजिटल आईडी प्रदान की जा रही है, जिसके माध्यम से उसकी नामांकन, उपस्थिति, कक्षा प्रगति, परीक्षा परिणाम और उपलब्धियों सहित पूरी शैक्षणिक प्रोफाइल एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सुरक्षित रूप से दर्ज हो जाती है। आधार से लिंक होने के कारण यह आईडी छात्र की पहचान को प्रमाणित करती है और स्कूल परिवर्तन की स्थिति में उसका पूरा शैक्षणिक रिकॉर्ड स्वतः स्थानांतरित हो जाता है, जिससे डेटा की निरंतरता बनी रहती है। इस प्रणाली से ड्रॉपआउट और फर्जी नामांकन की पहचान आसान होती है, वहीं सरकार को रियल-टाइम डेटा के आधार पर प्रभावी मॉनिटरिंग और नीति निर्माण में सहायता मिलती है। परिणामस्वरूप, हर छात्र सिस्टम में दर्ज और ट्रैक हो रहा है। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप शिक्षा को डेटा आधारित और ट्रैक योग्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

योगी सरकार ने अपार सेचुरेशन के लिए डेटा शुद्धिकरण, आधार सीडिंग, बायोमेट्रिक अपडेट और अभिभावक सहमति जैसी प्रक्रियाओं को एकीकृत कर व्यवस्थित रूप से लागू किया है। हर शनिवार टारगेटेड सेचुरेशन कैंप आयोजित किए जा रहे हैं, जबकि जिला और ब्लॉक स्तर पर सतत समीक्षा के माध्यम से प्रगति सुनिश्चित की जा रही है। मिशन मोड में संचालित यह अभियान प्रशासनिक कार्य-संस्कृति को गति और जवाबदेही से जोड़ रहा है।

अपार आईडी के माध्यम से प्रत्येक छात्र को एक स्थायी डिजिटल शैक्षणिक पहचान दी जा रही है, जिससे उसकी शैक्षिक उपलब्धियां, प्रगति और रिकॉर्ड एक ही प्लेटफॉर्म पर सुरक्षित रहेंगे। यह व्यवस्था पारदर्शिता बढ़ा रही है और छात्रवृत्ति, स्कूल परिवर्तन, उच्च शिक्षा प्रवेश और करियर ट्रैकिंग को भी अधिक व्यवस्थित और सुगम बना रही है।

# 15 मई से फार्मर आईडी अनिवार्य खाद व बीज लेने में होगा जरूरी

**लखनऊ।** प्रदेश में जायद 2026 सीजन की तैयारियों के तहत सरकार ने फार्मर रजिस्ट्री को लेकर अभियान तेज कर दिया है। निर्देश दिए गए हैं कि 30 अप्रैल 2026 तक 100 प्रतिशत किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए विशेष रूप से उन गांवों पर फोकस किया जा रहा है जहां अब तक रजिस्ट्री का सैचुरेशन कम है। अभियान के तहत सभी भूमिधर किसानों को शामिल किया जाएगा, चाहे वे पीएम किसान योजना के लाभार्थी हों या नहीं।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि 15 मई 2026 से फार्मर आईडी अनिवार्य कर दी जाएगी। इसके बिना किसानों को सरकारी कृषि योजनाओं, उर्वरकों और बीज का लाभ नहीं मिल सकेगा। ऐसे में किसानों को समय रहते अपना पंजीकरण पूर्ण कराने की सलाह दी गई है।

किसानों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिलों को व्यापक जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। इसमें लाउडस्पीकर के माध्यम से घोषणाएं, स्थानीय समाचार पत्रों में विज्ञापन और ग्राम प्रधानों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया है, ताकि हर किसान तक जानकारी पहुंच सके और रजिस्ट्रेशन में तेजी आए। इसी क्रम में जायद 2026 के लिए डिजिटल क्रॉप सर्वे भी निर्धारित समयसीमा में संचालित किया जाएगा। इसके लिए 28 अप्रैल 2026 को जिला स्तरीय टीमों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जबकि 1 मई से 31 मई 2026 तक पूरे प्रदेश में सर्वे अभियान चलाया जाएगा। इस सर्वे के माध्यम से फसलों का सटीक आंकलन कर योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में मदद मिलेगी।

## केंद्र की मंजूरीः अब चमकविहीन व सिकुड़ा गेहूं भी खरीदेगी यूपी सरकार

- **बेमौसम बारिश से परेशान गेहूं किसानों को डबल इंजन सरकार ने दी बड़ी सुविधा**
- **टोल-फ्री नम्बर 18001800150 पर समस्या बता सकते हैं किसान**

लखनऊ। मौसम की मार से परेशान किसानों को डबल इंजन सरकार ने बड़ी राहत दी है। रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए भारत सरकार ने निर्देश दिया है कि उत्तर प्रदेश के किसानों का अधिक से अधिक गेहूं एमएसपी पर खरीदा जाए तथा किसानों को लाभकारी मूल्य प्राप्त हो। बता दें कि प्रदेश में बेमौसम वर्षा के कारण गेहूं की गुणवत्ता में कमी आई है। चमकविहीन होने के साथ गेहूं के दानों में सिकुड़न आ गयी है। इसे देखते हुए प्रदेश सरकार के अनुरोध पर किसानों के हित में भारत सरकार ने चमकविहीन एवं सिकुड़े गेहूं को खरीदने की अनुमति प्रदान की है। अब किसानों का 70 प्रतिशत तक चमकविहीन गेहूं तथा 20 प्रतिशत तक टूटे व सिकुड़ा गेहूं सरकारी क्रय केन्द्रों पर बिना किसी कटौती के खरीदा जायेगा। किसानों के पंजीकरण में दर्ज विवरण का सत्यापन राजस्व एवं चकबन्दी विभाग द्वारा किया जा रहा है। अब नई व्यवस्था के अन्तर्गत जिन किसानों का उक्त विभागों द्वारा सत्यापन अभी तक नहीं हुआ है, उन किसानों का गेहूं भी क्रय केन्द्र प्रभारियों की ओर से किसानों के राजस्व/चकबन्दी अभिलेखों का मिलान करते हुए क्रय किया जायेगा। समस्त जनपदों के क्रय केन्द्रों पर 15 जून तक अनवरत रूप से गेहूं खरीद जारी रहेगी। किसानों के समस्त गेहूं की खरीद सुनिश्चित कराई जायेगी। भीड़ अधिक होने पर किसान अपनी सुविधानुसार क्रय केंद्र प्रभारी से टोकन प्राप्त कर लें और टोकन में दर्ज तिथि पर क्रय केंद्र लाकर गेहूं बिक्री करें। किसी भी असुविधा पर किसान टोल-फ्री नम्बर 18001800150 पर सम्पर्क कर सकते हैं। शासन ने प्रदेश के सभी 18 मंडल में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित किया है। नामित अधिकारी अपने सम्भाग का भ्रमण करते हुए किसानों से क्रय किए जा रहे गेहूं की व्यवस्था की समय-समय पर समीक्षा करेंगे। साथ ही बैठक करके गेहूं खरीद को सुचारु रूप से सम्पन्न कराएंगे।

# विशेष सदन में नारी शक्ति वंदन पर बवाल, निंदा प्रस्ताव पास

## सपा-कांग्रेस ने सदन की वैधता पर खड़े किये सवाल, किया बहिष्कार

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** गुरुवार को नगर निगम के विशेष सदन की बैठक नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा के लिए बुलाई गई थी, लेकिन बैठक की शुरूआत होते ही माहौल गरमा गया और देखते ही देखते सदन हंगामे का अखाड़ा बन गया। समाजवादी पार्टी (सपा) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पार्षदों के बीच तीखी बहस शुरू हुई, जो जल्द ही आरोप-प्रत्यारोप और नारेबाजी में बदल गई। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि दोनों पक्षों के पार्षद आमने-सामने आ गए और सदन की कार्यवाही बाधित हो गई। सपा और कांग्रेस के पार्षद सदन का बहिष्कार करके बाहर चले गए। इसके बाद सदन में विपक्ष की खाली कुर्सियों के बीच महापौर ने नारी वंदन अधिनियम को लोकसभा में पास न करने पर सपा और कांग्रेस के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पास किया।

नगर निगम में गुरुवार को महिलाओं के राजनीति में आरक्षण को लेकर भाजपा व सपा-कांग्रेस पार्षद आमने-सामने आ गए। सपा-कांग्रेस पार्षदों ने सदन में धरना-प्रदर्शन किया और मौजूदा सीटों पर महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने की बात कही। महापौर सुषमा खर्कवाल ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर अपना संबोधन शुरू किया। उनके बोलते ही कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) के पार्षदों ने विरोध करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी और सदन की वैधता पर ही सवाल खड़े कर दिए। विपक्ष का कहना था कि इस तरह के राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा के लिए नगर निगम का मंच उपयुक्त नहीं है। हंगामा होने के बीच सपा व कांग्रेस के पार्षदों ने सदन का बहिष्कार कर दिया। सपा के सभी 22 पार्षद व कांग्रेस के दो पार्षद सदन से बाहर निकल गए। बैठक के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। भाजपा पार्षदों ने महापौर के समर्थन में नारे लगाए, वहीं विपक्षी पार्षद लगातार विरोध जताते रहे।

## मैं सैनिक की बेटी, अनुशासन व स्वाभिमान मेरे जीवन के मूल : महापौर

सदन को संबोधित करते हुए महापौर सुषमा खर्कवाल ने भावुक शब्दों में अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि वह केवल महापौर के रूप में नहीं, बल्कि एक सैनिक परिवार से जुड़ी महिला के रूप में भी यहां खड़ी हैं। उन्होंने कहा कि अनुशासन और स्वाभिमान उनके जीवन के मूल मूल्य हैं, लेकिन बुधवार सुबह उनके आवास पर हुई घटना ने लोकतंत्र और मानवता दोनों को शर्मसार किया है। सदन में कई पार्षदों ने भी अपने विचार रखे। नामित पार्षद नेहा सिंह, पार्षद रेखा सिंह, शिवम उपाध्याय, गौरी सांवरिया, ऋचा मिश्रा, भृगुनाथ शुक्ला एवं अनुराग मिश्रा (अन्नू) ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में बोलते हुए महिला सशक्तिकरण, समान अधिकार और सामाजिक सम्मान की आवश्यकता पर जोर दिया। महापौर ने विपक्षी दलों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि जिस देश में नदियों को माँ कहा जाता है, वहाँ नारी के सम्मान को ठेस पहुंचाना अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि मां, बहन और बेटी जैसे पवित्र रिश्तों का अपमान देश की जनता कभी नहीं भूलेगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि एक माँ होने के नाते वह किसी भी माँ का अपमान करने की सोच भी नहीं सकतीं। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्षों तक महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित रखा गया और संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध कर महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाई गई। उन्होंने कहा कि अब देश की नारी जाग चुकी है और अपने अधिकारों के लिए पूरी ताकत से खड़ी है। महापौर ने बुधवार को उनके आवास पर हुए प्रदर्शन का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी नामपट्टिका पर जूता चलाना न केवल उनके पद का, बल्कि पूरे शहर की गरिमा का अपमान है। उन्होंने इसे लखनऊ की प्रथम नागरिक और एक सैनिक परिवार की महिला पर हमला बताया। भाजपा पार्षदों ने इस घटना की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पेश किया गया, जिसे 119 में से 93 पार्षदों ने सर्वसम्मति से पारित किया। महापौर ने इस समर्थन के लिए सभी पार्षदों और लखनऊ की जनता का आभार व्यक्त किया। अंत में महापौर ने कहा कि यह केवल शुरूआत है और नारी सम्मान की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि लखनऊ की जनता न्याय और सम्मान के इस प्रयास में हमेशा साथ खड़ी रहेगी।






## धरने पर बैठे कांग्रेस के पार्षद

हंगामे के बीच कांग्रेस के पार्षद मुकेश सिंह चौहान और ममता चौधरी नगर निगम मुख्यालय में ही महापौर की गाड़ी के पास धरने पर बैठ गए। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता से जुड़े असली मुद्दों को नजरअंदाज कर राजनीतिक एजेंडा थोपा जा रहा है। ममता चौधरी ने सवाल उठाया कि यदि महिला आरक्षण जैसे मुद्दे पर विशेष सदन बुलाया जा सकता है, तो मणिपुर, उन्नाव और अन्य राज्यों में महिलाओं के साथ हुई घटनाओं पर चर्चा के लिए सदन क्यों नहीं बुलाया गया। मुकेश सिंह चौहान ने सदन की कार्यवाही को 'जनता के पैसे की बबार्दी' बताते हुए कहा कि विकास के बजाय केवल राजनीतिक एजेंडा चलाया गया। दूसरी ओर सपा के पार्षदों ने सामूहिक रूप से बहिष्कार करते हुए परिसर छोड़ दिया।







- सदन में पार्षद रेखा सिंह ने महिला आरक्षण के समर्थन में शेरो-शायरी के जरिए अपनी बात रखी, जबकि भाजपा पार्षद संदीप शर्मा के कुछ आपत्तिजनक नारों ने माहौल को और अधिक गरमा दिया। महिला पार्षद तख्तियां लेकर भी पहुंचीं, जिन पर विपक्ष के खिलाफ तीखे संदेश लिखे हुए थे।
- नामित पार्षद नेहा सिंह ने महापौर की नेम प्लेट के साथ हुए कथित दुर्व्यवहार का जिक्र करते हुए सुरक्षा पर सवाल उठाए और एफआईआर दर्ज कराने की मांग की। उनका कहना था कि जब शहर की महापौर ही सुरक्षित नहीं हैं तो आम नागरिकों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी।

## जनता के मुद्दे दरकिनार

पूरे घटनाक्रम में सबसे चिंताजनक पहलू यह रहा कि शहर की मूल समस्याएं—पानी, सफाई, सीवर और यातायात जैसे अहम मुद्दे—चर्चा से पूरी तरह गायब रहे। राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप और महिला आरक्षण पर टकराव के बीच एक बार फिर जनता के सरोकार हाशिये पर चले गए।

संक्षेप

## कोतवाल बांसी के अगुवाई में पुलिस गश्त तेज



बांसी सिद्धार्थनगर जिले की बांसी कोतवाली पुलिस ने गश्त बढ़ा दी है। थाना कोतवाली बांसी के कोतवाल मृत्युंजय पाठक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कस्बे में सायंकाल पैदल गश्त की। इसके साथ ही चोरी, चिनैनी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिए रात में गश्त को और तेज किया गया है। एसएसपी डॉ. अभिषेक महाजन के आदेश पर पुलिस लगातार सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सक्रिय रूप से बांसी थाना कोतवाली पुलिस काम कर रही है।

## अनिल के निधन पर जताया गया दुख

प्रतापगढ़। लीलापुर क्षेत्र के तुलापुर गांव निवासी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के जिला पार्टी कार्यालय प्रभारी सत्तर वर्षीय अनिल प्रताप सिंह का गुरूवार की सुबह निधन हो गया। अनिल प्रताप के निधन की जानकारी मिलने पर पार्टी कार्यकर्ताओं में दुख का माहौल देखा गया। ब्लाक प्रमुख प्रेमलता सिंह, भाजपा नेता डॉ0 राकेश सिंह, जेबी सिंह, हरिनाम सिंह, राजकुमार दुबे, कमलेश बहादुर सिंह, गंगेन्द्र सिंह, सागर सिंह आदि ने अनिल प्रताप के निधन को दुखद ठहराया है।

## पोल से टकरायी कार, घायल

प्रतापगढ़। लालगंज कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाइवे लखनऊ वाराणसी के लालगंज रानीगंज कैथौला के बीच पूरे हरकिशुन के पास गुरूवार की सुबह एक कार अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकरा गयी। दुर्घटना में पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गये। रायबरेली जिले के लहुरेपुर सलोन निवासी रमेश बहादुर सिंह 45 पत्नी नीलम 40 के साथ कार से घर जा रहे थे। सुबह करीब साढ़े छः बजे कार विद्युत पोल से टकरा गयी। घायलों की चीखपुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। सूचना पर एम्बुलेंस द्वारा इन्हें लालगंज ट्रामा सेंटर ले आया गया। प्रारंभिक उपचार के बाद घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## किशोर लापता, अपहरण का केस

प्रतापगढ़। किशोर के लापता होने को लेकर उदयपुर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश के जनपद महासमुद के थाना सरईपाली के अन्तर्गत जलपुर निवासी सरेशचंद्र भोई पुत्र फत्ते सिंह भोई ने उदयपुर पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि वह जोगापुर भवन भटठा पर मजदूरी किया करता है। बीती इक्कीस अप्रैल को सुबह दस बजे उसका सत्रह वर्षीय बेटा शिवम नहाने के लिए नल पर गया था। देर शाम तक उसका पता न चलने पर तलाश शुरू की गयी। पीड़ित ने बेटे के साथ अप्रिय घटना की आशंका जतायी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ किशोर के अपहरण का केस दर्ज किया है।

# महिला आरक्षण पर जनसैलाब उमड़ा

## हजारों महिलाओं ने पुतला दहन कर विरोध जताया



सिद्धार्थनगर- गुरुवार को महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर बड़ा जनसैलाब उमड़ पड़ा। डुमरियागंज के सांसद जगदंबिका पाल के नेतृत्व में बीएसए ग्राउंड से नगर पालिका परिषद तक विशाल ह्लजन आक्रोश रैलीह्व निकाली गई। इसमें हजारों महिलाओं, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने हिस्सा लिया, जिससे जिले का राजनीतिक माहौल गरमा गया। सुबह से ही बीएसए ग्राउंड पर महिलाओं की भारी भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से आई महिलाएं हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर अपने अधिकारों की मांग कर रही थीं। ह्लनारी शक्ति जिंदाबादह्व, ह्लमहिला अधिकार हमारा अधिकारह्व और ह्ल33% आरक्षण लागू करोह्व जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जहां जगह-जगह लोगों ने इसका स्वागत किया। बड़ी संख्या में युवतियों और बुजुर्ग महिलाओं की भागीदारी ने इस आंदोलन की व्यापकता को दशार्या। रैली के समापन पर महिलाओं ने प्रतीकात्मक रूप से ह्लपूतना दहनह्व कर विरोध जताया। उनका कहना था कि यह दहन उन ताकतों के खिलाफ है, जो वर्षों से महिलाओं के अधिकारों को दबाने का प्रयास करती रही हैं। इस दौरान नारों की गूंज दूर तक सुनाई देती रही। सभा को संबोधित करते हुए सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में ह्लनारी शक्ति वंदनह्व जैसे विधेयक ऐतिहासिक कदम हैं। उन्होंने बताया कि इसे पारित कराने के लिए लोकसभा में विशेष सत्र बुलाया गया था, लेकिन कुछ विपक्षी दलों के विरोध के कारण यह संभव नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि यह केवल एक विधेयक का सवाल नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी के सम्मान, अधिकार और भागीदारी का मुद्दा है ।सांसद ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए लगातार प्रयासरत है। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन और जनधन योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। रैली के दौरान प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे और पूरे मार्ग पर पुलिस बल तैनात रहा। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए वैकल्पिक मार्गों का सहारा लिया गया, जिससे आमजन को कम से कम परेशानी हो। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्य, नौगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और महिलाएं मौजूद रहीं।

# लेखपाल 5000 रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार

## जन्म प्रमाण पत्र के लिए रिश्वत की मांग, थाने पर हंगामा

सिद्धार्थनगर- इटवा तहसील में गुरुवार को एंटी करप्शन टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जन्म प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर 5000 रुपए रिश्वत मांगने वाले लेखपाल को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। बस्ती से आई एंटी करप्शन टीम ने यह कार्रवाई पूरी गोपनीयता के साथ की। टीम को इटवा तहसील क्षेत्र के फरेंदा निवासी वसीउल्लाह ने शिकायत दी थी कि लेखपाल अरविंद जन्म प्रमाण पत्र जारी करने के लिए 5000 रुपए की रिश्वत मांग रहा है। कार्रवाई के दौरान तहसील के कर्मचारी मौके पर पहुंचकर आरोपी को निर्दोष बताते हुए हंगामा किया। कार्रवाई के दौरान तहसील के कर्मचारी मौके पर पहुंचकर आरोपी को निर्दोष बताते हुए हंगामा किया। शिकायत की पुष्टि के बाद टीम ने जाल बिछाया। गुरुवार को शिकायतकर्ता को लेखपाल के पास भेजा गया। बताया जा रहा है कि लेखपाल का कमरा अंदर से बंद था। जैसे ही शिकायतकर्ता फाइल के अंतिम कार्य का बहाना बनाकर अंदर पहुंचा, पहले से सतर्क टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टीम आरोपी लेखपाल को कमरे से बाहर निकालकर सीधे जोगिया उदयपुर कोतवाली ले गई। इस कार्रवाई के बाद तहसील परिसर में हड़कंप मच गया और दिनभर कर्मचारी व फरियादी इस घटना की चर्चा करते रहे। देर शाम तक प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया। हालांकि, कोतवाली में कार्रवाई के दौरान तहसील के कई कर्मचारी पहुंच गए और आरोपी को निर्दोष बताते हुए हंगामा किया। एंटी करप्शन टीम ने कर्मचारियों को बताया कि उनके पास रिश्वत लेने के पूरे साक्ष्य और वीडियो रिकॉर्डिंग मौजूद हैं, जिनमें लेखपाल 5000 रुपए लेते हुए साफ दिखाई दे रहा है। टीम ने स्पष्ट किया कि गिरफ्तारी पूरी तरह पुख्ता सबूतों के आधार पर की गई है। थानाध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी लेखपाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

## निवर्तमान अध्यक्ष समेत कई पूर्व पदाधिकारियों के नामांकन पत्र हासिल करने से बढ़ी तहसील में चुनावी सरगर्मी

प्रतापगढ़। संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव में नामांकन पत्रो के वितरण के पहले दिन सोलह पदों पर अधिवक्ताओं ने पर्चे हासिल किये। इनमें निवर्तमान अध्यक्ष समेत संघ के कई पूर्व पदाधिकारी भी शामिल हैं। नामांकन पत्रो के वितरण को लेकर गुरूवार को तहसील परिसर में चुनावी सरगर्मी बढ़ी दिखी। चुनाव समिति के कार्यालय मे अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल के साथ पदाधिकारियो ने विभिन्न पदो पर संभावित उम्मीदवारो को नामांकन पत्र प्रदान किये। नामांकन पत्र लेने वालो मे निवर्तमान अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व निवर्तमान कोषाध्यक्ष हरि नारायण पाण्डेय का नाम सामने आने से चुनावी गणित को लेकर भी चर्चा का माहौल गर्म हो उठा दिखा। समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बताया कि विभिन्न पदों के लिए सोलह अधिवक्ताओ ने समर्थको के साथ नामांकन पत्र हासिल किये। नामांकन पत्र लेने वालों में संघ के पूर्व महामंत्री प्रवीण यादव व पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकरनाथ शुक्ल भी शामिल हैं। समिति के अध्यक्ष ने बताया कि आज शुक्रवार को भी दिन में तीन बजे तक नामांकन पत्रों का वितरण समिति के कार्यालय पर किया जाएगा। इधर चुनाव समिति की हुई बैठक में विभिन्न पदो पर प्रत्याशियो की अनुमानित संख्या को लेकर निर्वाचन प्रक्रिया पर मंथन भी हुआ। बैठक का संचालन महामंत्री वीरेन्द्र सिंह ने किया। एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र ने चुनाव प्रक्रिया की देखरेख की। इस मौके पर शिवाकांत उपाध्याय, बेनीलाल शुक्ल, रामलगन यादव, शैलेन्द्र चतुर्वेदी, संतोष पाण्डेय मौजूद रहे। वहीं चुनाव समिति के कार्यालय पर गुरूवार को भी मतदाता सूची में नाम बढ़वाए जाने को लेकर मशक्कत का भी माहौल दिखा।

## दो पक्षों में भिड़ंत, आधा दर्जन के खिलाफ केस दर्ज

प्रतापगढ़। जमीनी विवाद को लेकर मारपीट तथा गालीगलौज व धमकी को लेकर लालगंज पुलिस ने आधा दर्जन आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली में तैनात आरक्षी दिग्विजय सिंह व आरक्षी अमर सिंह ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती बाइस अप्रैल को गश्त के दौरान भकरा लकुरी गांव में निर्माण कार्य को लेकर विवाद होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर आरक्षियो ने देखा कि एक पक्ष के प्रमोद मिश्र की पत्नी रेनू, सौरभ मिश्र पुत्र देव नारायण, देव नारायण पुत्र स्व0 जय नारायण, आरना मिश्रा पुत्री प्रमोद मिश्र तथा दूसरे पक्ष के योगेन्द्र मिश्र पुत्र ओम नारायण, कल्पना मिश्रा पत्नी शैलेन्द्र गालीगलौज करते हुए लाठी डंडे से लैस होकर मारपीट कर रहे थे। दोनो पक्ष गालीगलौज करते हुए एक दूसरे को जानलेवा धमकी भी दिये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, जांच कर दोषियो के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# श्रद्धा और आस्था ने प्रदेश के टॉप-10 में स्थान बनाया



सिद्धार्थनगर- यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में दो छात्राओं ने प्रदेश स्तर पर टॉप-10 में जगह बनाकर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्रा श्रद्धा पांडेय ने 96.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश की मेरिट सूची में छठा स्थान हासिल किया है। वहीं इसी विद्यालय की छात्रा आस्था ओझा ने 96.67 प्रतिशत अंक के साथ प्रदेश में सातवां स्थान प्राप्त किया। दोनों छात्राओं की इस उपलब्धि से न सिर्फ विद्यालय, बल्कि पूरे जनपद में उत्साह का माहौल है। श्रद्धा पांडेय जहां जिले में प्रथम स्थान पर रहीं, वहीं आस्था ओझा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उनके शानदार प्रदर्शन ने खासकर ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं के लिए प्रेरणा का काम किया है। परिणाम घोषित होते ही दोनों छात्राओं के घरों पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। परिजनों ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने बताया कि नियमित पढ़ाई, अनुशासन और सही समय प्रबंधन उनकी सफलता के प्रमुख आधार रहे। विद्यालय प्रशासन ने भी इस उपलब्धि पर गर्व जताया। प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने इसे पूरे विद्यालय परिवार के लिए प्रेरणादायक बताया और उम्मीद जताई कि अन्य विद्यार्थी भी इससे सीख लेकर बेहतर प्रदर्शन करेंगे। जनपद स्तर पर दोनों छात्राओं के सम्मान की तैयारियां शुरू हो गई हैं। विभिन्न सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों द्वारा सम्मान समारोह आयोजित करने की योजना बनाई जा रही है। यह सफलता एक बार फिर साबित करती है कि सही मार्गदर्शन और मेहनत के बल पर बेटियां हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छू सकती हैं।

# बढ़नी-कृष्णानगर बॉर्डर पर 14 किलो चरस बरामद

## रास्ते देशभर में होनी थी सप्लाई



सिद्धार्थनगर- नेपाल कृष्णानगर पुलिस ने बढ़नी-कृष्णानगर सीमा पर 22 अप्रैल बुधवार को 14 किलोग्राम चरस के साथ चार नेपाली तस्करों को गिरफ्तार किया। ये तस्कर सिद्धार्थनगर के रास्ते भारत में प्रवेश कर मादक पदार्थ को देश के विभिन्न हिस्सों में पहुँचाने की तैयारी में थे। इस घटना ने सीमा पर निगरानी व्यवस्था की कमजोरियों को उजागर किया है। नेपाल के कपिलवस्तु जिले की कृष्णानगर पुलिस को चरस तस्करी की पुख्ता जानकारी मिली थी। सूचना के आधार पर, पुलिस ने सादे कपड़ों में जवानों को तैनात कर सीमा पर निगरानी बढ़ा दी। बुधवार को चार संदिग्ध व्यक्तियों को भारत की ओर बढ़ते हुए देखा गया, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उनके पास से 14 किलोग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस के अनुसार, तस्करों ने चरस को अपनी कमर पर बेल्ट के रूप में छिपा रखा था। यह दशार्ता है कि मादक पदार्थों की तस्करी के तरीके अधिक संगठित और शातिर होते जा रहे हैं। यदि समय रहते कार्रवाई न होती, तो यह बड़ी खेप आसानी से सिद्धार्थनगर के रास्ते भारत में प्रवेश कर जाती। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान नकुल घर्ती मगर, दिल कुमारी घर्ती मगर, मनीषा घर्ती मगर और दिलकुमारी घर्ती के रूप में हुई है, ये सभी नेपाल के नागरिक हैं। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि सभी आरोपी कैरियर के तौर पर काम कर रहे थे, जो एक बड़े तस्करी नेटवर्क के लिए मादक पदार्थों की ढुलाई करते हैं। नेपाल पुलिस के उपाधीक्षक रिपेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि यह चरस की खेप सिद्धार्थनगर सीमा से भारत में प्रवेश कर विभिन्न राज्यों में सप्लाई की जानी थी। इस खुलासे ने सीमा सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। लगातार सामने आ रहे ऐसे मामलों से संकेत मिलता है कि बढ़नी-कृष्णानगर सीमा तस्करों के लिए एक आसान मार्ग बन गई है। सीमावर्ती क्षेत्रों में सक्रिय नेटवर्क के कारण मादक पदार्थों की आवाजाही पर प्रभावी ढंग से रोक नहीं लग पा रही है, जिससे स्थानीय प्रशासन की सतर्कता पर भी सवाल उठ रहे है।

## कलश यात्रा में ग्रामीणों ने की पुष्पवर्षा



प्रतापगढ़। श्रीमदभागवत कथा को लेकर गुरूवार को लक्ष्मणपुर विकासखण्ड के गजराही में श्रद्धालुओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली। कथाव्यास पं0 चन्द्रदेव जी महराज के संयोजन में निकली कलश यात्रा कथा स्थली से गांव के हनुमान मंदिर व शिव मंदिर होते हुए कथा स्थली वापस पहुंची। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु डीजे की धुन पर कन्हैया के भजनों में मंत्रमुग्ध दिखे। ग्रामीणों ने कलश यात्रा पर पुष्पवर्षा कर स्वागत भी किया। भगवान द्वारिकाधीश के जयघोष से कलश यात्रा मार्ग भक्तिमय हो उठा दिखा। संयोजक देवी प्रसाद शुक्ल ने व्यास पं0 चंद्रदेव जी महराज को सम्मानित किया। इस मौके पर भगवत प्रसाद शुक्ल, रेखा शुक्ला, उमेश शुक्ला, श्यामशंकर पाण्डेय, बलराम पाण्डेय, राजकिशोर, शेषमणि, सुभाष, सावित्री, अनूप त्रिपाठी, हरिवंश व आशुतोष पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## ई-लाटरी से मिलेगा बीज, अब नहीं होगा पहले आओ पहले पाओ

श्रावस्ती। उप कृषि निदेशक सुरेन्द्र चंद्र चौधरी ने जनपद के समस्त कृषकों को सूचित किया है कि खरीफ 2026 में कृषि विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं में बीज वितरण की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। अब ह्लपहले आओ पहले पाओह्व के स्थान पर बुकिंग कराकर ई-लाटरी के माध्यम से बीज उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि विभाग की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत सामान्य बीज वितरण एवं मिनिकिट बीज वितरण हेतु निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष सभी प्रमाणित एवं संकर बीजों की बुकिंग कृषि विभाग के आधिकारिक पोर्टल पर दिनांक 22 अप्रैल 2026 से प्रारम्भ कर दी गई है। बुकिंग की अंतिम तिथि 10 मई निर्धारित की गई है। कृषक अपनी आवश्यकता के अनुसार पोर्टल पर जाकर बीज की बुकिंग कर सकते हैं। बीज वितरण के लिए पात्र किसानों का चयन पूर्णतः पारदर्शी प्रक्रिया के तहत ई-लाटरी के माध्यम से किया जाएगा, जिससे सभी को समान अवसर मिल सके। कृषि विभाग ने जनपद के सभी किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित समयावधि में अपनी बुकिंग सुनिश्चित करें, ताकि योजनाओं का अधिकतम लाभ प्राप्त किया जा सके।

# सभी के सहयोग से सफल होगा बाल श्रम मुक्त श्रावस्ती



श्रावस्ती। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग की अध्यक्षता में श्रम विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें जिला श्रम बंधु की बैठक के साथ उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की संचालित योजनाओं की गहन समीक्षा की गई।

बैठक में उत्तर प्रदेश असंगठित कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत ई-श्रम कार्ड से लिंक योजनाओं, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना एवं लघु व्यापारी मानधन योजना पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों से अपेक्षा की कि रेहड़ी-पटरी, रिक्शा चालक, ठेला, सब्जी विक्रेता, गुमटी संचालक, नाई, चाय विक्रेता, मोटर साइकिल मरम्मत, टेंट हाउस एवं मैरेज हॉल जैसे कार्यों में लगे लघु व्यापारियों का अधिक से अधिक पंजीयन कराकर उन्हें योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। इस पर व्यापार मण्डल के सदस्यों ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। जिलाधिकारी ने ह्लबाल श्रम मुक्त श्रावस्तीह्व अभियान की कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान को नियमित रूप से चलाया जाए तथा जागरूकता के लिए दुकानों पर स्टीकर, पोस्टर एवं पम्पलेट चस्पा किए जाएं। इस दौरान जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद सहित अन्य अधिकारियों ने प्रचार सामग्री का विमोचन भी किया। बैठक में इकौना क्षेत्र के चार ग्राम—विदुहनी, कटरा, खरगूपुर एवं पूरे दीननामगढ़ को बाल श्रम मुक्त घोषित किए जाने हेतु प्रस्ताव पारित किया गया। इस अवसर पर सहायक श्रमायुक्त सन्तपाल, परियोजना निदेशक अश्विनी कुमार, उपायुक्त उद्योग सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# खाना पकाने से मना किया तो बेटी की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

प्रतापगढ़। जिले के कोहंडौर क्षेत्र में पुलिस ने अपनी बेटी की कुल्हाड़ी से हत्या करने के आरोप में बृहस्पतिवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। घटना घरेलू विवाद के बाद हुई। थाना प्रभारी धनंजय राय ने बताया कि आरोपी रामलाल को गौरा अतरसंड गांव स्थित उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल कुल्हाड़ी और डंडा भी बरामद किया है। नगर पुलिस अधीक्षक प्रशांत राज हुड्डा ने बताया कि बुधवार को पुलिस ने घर के पास से 30 वर्षीय महिला का शव बरामद किया, जिसकी पहचान कंधई थाना क्षेत्र के ताला गांव निवासी सोनम के रूप में हुई। वह एक दिन पहले ही अपने मायके आई थी।

सोनम के पति अजय कुमार ने शिकायत में आरोप लगाया कि उसके ससुर ने शराब के नशे में सोनम की हत्या कर दी। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने रामलाल के खिलाफ मामला दर्ज किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने कथित तौर पर अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस के अनुसार, उसने बताया कि मंगलवार को बेटी को घर लाने के बाद उसने अपनी फसल बेचकर पैसे प्राप्त किए और शराब पी। पुलिस के एक अधिकारी ने जांच के हवाले से बताया कि रात में उसने खाना न बनने को लेकर बेटी से विवाद किया। जब वह नशे में घर लौटा तो उसने बेटी से पूछा कि खाना क्यों नहीं बनाया। इस पर नाराज होकर बेटी ने जवाब दिया कि जब पिता शराब पीकर बाहर थे तो वह किसके लिए खाना बनाती। इस पर गुस्से में आकर आरोपी ने पहले सोनम पर डंडे से हमला किया और बाद में कुल्हाड़ी से वार कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने खून के धब्बे साफ कर और साड़ी छिपाकर सबूत मिटाने की भी कोशिश की। आरोपी को जेल भेज दिया गया है और मामले की जांच जारी है।

## अतिक्रमण हटाओ अभियान से सड़कें साफ, यातायात हुआ सुगम



श्रावस्ती। जनपद में आम नागरिकों को सुरक्षित एवं सुगम यातायात सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में विभिन्न थाना क्षेत्रों में संचालित किया गया। इसी क्रम में थाना सोनवा पुलिस ने कस्बा लक्ष्मण नगर में पैदल गश्त के दौरान सड़क किनारे पटरियों पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटवाया। अभियान के तहत सड़क किनारे लगे ठेले, रेहड़ी, अस्थायी दुकानों तथा अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटाकर मार्ग को साफ कराया गया। पुलिस टीम ने अतिक्रमण करने वालों को भविष्य में सार्वजनिक मार्गों पर कब्जा न करने की सख्त चेतावनी भी दी। साथ ही दुकानदारों एवं आमजन से अपील की गई कि वे यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें और सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त रखें। यह कार्रवाई पूर्णतः जनहित में की गई, जिससे आमजन को आवागमन में होने वाली असुविधा को दूर किया जा सके और शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके।

# अलक्षेन्द्र इंटर कॉलेज में जनगणना प्रशिक्षण का डीएम ने निरीक्षण किया



श्रावस्ती। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने अलक्षेन्द्र इंटर कालेज में संचालित त्रिदिवसीय जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता, व्यवस्थाओं एवं प्रतिभागियों की सहभागिता को बारीकी से परखा। जिलाधिकारी ने प्रशिक्षकों को निर्देशित किया कि जनगणना से जुड़े सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं को स्पष्ट और प्रभावी ढंग से प्रशिक्षणार्थियों तक पहुँचाया जाए, ताकि ड्यूटी में लगे कर्मचारी अपने दायित्वों का सही एवं जिम्मेदारीपूर्ण निर्वहन कर सकें। उन्होंने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसे पूर्ण निष्ठा और सटीकता के साथ सम्पन्न किया जाना आवश्यक है। इस दौरान उन्होंने पूरे परिसर का भ्रमण कर प्रशिक्षण की वास्तविक स्थिति का अवलोकन किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही जनगणना के नोडल अधिकारियों को भारत सरकार की मंशा के अनुरूप प्रशिक्षण कार्य को गंभीरता और मनोयोग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के अवसर पर उपजिलाधिकारी भिनगा आशीष भारद्वाज, उपजिलाधिकारी संजय कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ... आपराधिक इतिहास छिपाने वाले दे रहे शिक्षक को धमकी!

प्रतापगढ़। पहले आपराधिक इतिहास को छिपाया, फिर उत्सव के दिन लापता होकर रंगत को फीका किया और तो और अब मुकदमे की धौंस देकर आरोपियो द्वारा जबरिया शादी का दबाव एक शिक्षक को खुद न्याय की गुहार लगाने को मजबूर किये हुए है। शिक्षक को चक्रव्यूह में नाधने के लिए दी गई शिकायत भी पुलिस की भी जांच में दूध का दूध पानी का पानी कर गयी है। फिर भी शिक्षक को न्याय के लिए हर चौखट पर दस्तक देनी पड़ रही है। जिले के हथिगवां थाना क्षेत्र के टिकुरी दशरथपुर निवासी राहुल मिश्र कंपोजिट विद्यालय महराजपुर में सहायक अध्यापक पद पर तैनात है। थाना क्षेत्र के ही एक गांव में उसकी शादी तय हुई। बीते वर्ष पचीस नवंबर को शिक्षक के परिजनों ने घर पर तिलक कार्यक्रम की धूमधाम से तैयारी कर रखी थी। तिलक चढ़ाने के लिए देर रात तक दूसरा पक्ष शिक्षक के घर नहीं पहुंचा। इससे गांव इलाके में शिक्षक व उसके परिवार की पगड़ी भी उछली और जमकर छीछालेदर हुई। परेशान शिक्षक व उसके परिवार ने खोजबीन की तब पता चला कि गंभीर धाराओ मे शिक्षक को फंसाने की व्यूह रचना रचने वाले लोग खुद की गंभीर आपराधिक मुकदमें में वांछित होने के कारण तिलक के दिन लापता थे। पीड़ित शिक्षक ने जिले के एसपी को प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि अब दूसरे पक्ष के लोग उस पर जबरिया शादी का दबाव बनाने के लिए दुष्कर्म जैसी संगीन धाराओं में फंसाने और जानलेवा धमकी दे रहे हैं। इस मामले में हथिगवां पुलिस ने भी जांच कर अफसरो को वस्तु स्थिति से अवगत करा रखा है। पीड़ित शिक्षक ने खुद की सुरक्षा के लिए अफसरो से गुहार लगा रखी है।

लखनऊ विकास प्राधिकरण
(ISO 14001 : 2004, ISO 9001 : 2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ0प्र0) टोल-फ्री: 1800 1800 5000, वेबसाइट: http://www.ldalucknow.in

-: सार्वजनिक सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यावसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेन्ट ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/नामान्तरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है:-

| क्र सं. | मूल आवंटी का नाम | भवन भूखण्ड संख्या | योजना का नाम | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम | मूल आवंटी से (मृतक) का सम्बन्ध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती गीता अवस्थी | भूखण्ड सं0 के-712 | सेक्टर-के, आशियाना कानपुर रोड योजना | 26.02.2022 | श्री सुमित अवस्थी | (1) श्री अशोक अवस्थी (पति) (2) श्री अमित अवस्थी (पुत्र) (3) श्रीमती दीप्ति अवस्थी (पुत्री) | पुत्र |
| 2. | स्व0 प्रवीन कुमार (क्रेता) | भूखण्ड/भवन सं0 सी-49 | सेक्टर-एन अलीगंज योजना | 25.05.2010 | (1) श्रीमती कविता कुमार (2) श्रीमती बेनजी कुमार | उत्तराधिकार प्रमाण पत्र के अनुसार | पत्नी एवं पुत्री |
| 3. | स्व0 राम बहादुर यादव (आवंटी) | भूखण्ड सं0 6/वी-253 | सेक्टर-6 गोमती नगर विस्तार | 10.06.2013 | श्री रणजीत कुमार यादव | उत्तराधिकार प्रमाण पत्र के अनुसार | पुत्र |
| 4. | श्रीमती अंशू जगवानी | फ्लैट/भवन सं0 डी-9 | विवेकानन्दपुरी योजना | 09.12.2016 | श्री तरून धमेजा (पति) समस्त वारिस स्व0 अंशू जगवानी | ---- | पति |
| 5. | श्री विजय कुमार | भूखण्ड सं0 E-3, फेज-1 | ट्रांसपोर्ट नगर योजना | 15.11.2025 | श्री सौरभ साहनी | वसीयत के आधार पर | पुत्र |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कालम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

# कचरा में हीरा खोज लेते हैं सीएम योगी : रविकिशन

## मुख्यमंत्री ने लोकार्पण कर ईको पार्क का किया भ्रमण



गोरखपुर। लोकार्पण-शिलान्यास समारोह में सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि सीएम योगी का विजन अद्वितीय है। वह कचरा में हीरा खोज लेते हैं। वह असंभव को संभव कर देते हैं। उनकी सोच से एकला बांध पर जहां गटर था, वहां अब रोजगार मिलेगा। यहां फिल्मों की शूटिंग भी होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में गोरखपुर विकास की नजीर पेश कर रहा है। जहां बीमारी पहचान बन गई थी, वहां अब विकास का विश्वास है।

समारोह में मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने कहा कि सीएम योगी के मार्गदर्शन में नगर निगम ने एकला बांध पर दशकों से इकट्ठा विशाल कूड़े के ढेर को वैज्ञानिक विधि से निस्तारित कर रमणीक पिकनिक स्पॉट बनाने में कामयाबी हासिल की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के विजन के अनुरूप गोरखपुर नगर निगम सतत विकास की श्रृंखला को आगे बढ़ा रहा है। समारोह को गोरखपुर ग्रामीण क्षेत्र के विधायक विपिन सिंह ने भी संबोधित किया।

वैदिक मंत्र उपचार के बीच फीता काटकर लोकार्पण करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ईको पार्क का भ्रमण किया। नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने उन्हें पार्क में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी। इस दौरान नगर आयुक्त ने मुख्यमंत्री के समक्ष चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से यहां के पूर्व और वर्तमान स्थिति का तुलनात्मक दृश्य भी प्रस्तुत किया। पार्क का भ्रमण करने के दौरान सीएम योगी ने परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया। ईको पार्क में वेस्ट से बनी कलाकृतियों को देखकर सीएम ने प्रसन्नता जताई और वेस्ट से ही बने शेर की कलाकृति के सामने फोटो खिंचवाई। मंचीय कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले नगर निगम के कार्मिकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम स्थल से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नगर निगम के दस्ते में शामिल नए वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन वाहनों में पोकलेन, सीएनजी मैजिक, स्किड लोडर और डीपफ्रीजरयुक्त मोक्ष वाहन शामिल हैं। मोक्ष वाहन पार्थिव शरीर के सम्मानजनक परिवहन के काम आएगा। समारोह स्थल से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सीएम ग्रिड (चीफ मिनिस्टर ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट) योजना के तहत 6 स्मार्ट सड़कों का भी शिलान्यास किया। सीएम ग्रिड तृतीय चरण में 45.68 करोड़ रुपये से गणेश चौक से विश्वविद्यालय चौक एवं अलंकार ज्वेलर्स से एचपी स्कूल, डीएम आवास होते हुए हरिओम नगर तिराहा तक, 23.43 करोड़ रुपये से स्पोर्ट्स कॉलेज रोड से जायसवाल मार्ट होते हुए पुलिया तक तथा 21.60 करोड़ रुपये से कचहरी चौक से शास्त्री चौक होते हुए बेतियाहाता चौक सड़क को स्मार्ट बनाया जाएगा। जबकि तृतीय अनुपूरक चरण में 63.94 करोड़ रुपये की लागत से बेतियाहाता चौक से अलहदादपुर तिराहा, टीडीएम तिराहा से टीपीनगर तक एवं रैन बसेरा रोड से एनएच 28 तक, 62.94 करोड़ रुपये से टीडीएम तिराहा से पांडेयहाता पुलिस चौकी होते हुए बर्फखाना रोड से हाबर्ट बंधा तक और 25.45 करोड़ रुपये से अलहदादपुर तिराहा से रायगंज होते हुए घंटाघर तक सड़क का कायाकल्प किया जाएगा।

# दिनदहाड़े महिला के गले से झपटी चेन और मंगलसूत्र

## सीमा विवाद में घंटों उलझी रही खाकी



गीडा, गोरखपुर। खजनी और गीडा थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाके में गुरुवार सुबह बेखौफ बदमाशों ने दुस्साहस का परिचय देते हुए एक दंपति से छिनैती की। घटना पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेसवे के समीप छपिया स्थित सोनवान नाले पर सुबह करीब 10:30 बजे हुई। हद तो तब हो गई जब मदद के लिए पहुंची पुलिस दो घंटे तक सीमा विवाद को लेकर उलझी रही, जिसका फायदा उठाकर बदमाश सुरक्षित भागने में सफल रहे। मिली जानकारी के अनुसार बेलीपार थाना क्षेत्र के बड़ेरिया निवासी सुनील मौर्य अपनी पत्नी शीला मौर्य और दो मासूम बच्चों के साथ मोटरसाइकिल से अपने ससुराल सहजनवा थाना क्षेत्र के बनहीया जा रहे थे। जैसे ही उनका परिवार एनएच28 फोरलेन बाईपास पर छपिया स्थित सोनवान नाले के पास पहुंचा, पीछे से एक काले रंग की पल्सर पर सवार दो नकाबपोश युवक आए। बदमाशों ने चलती बाइक पर झपट्टा मारकर शीला मौर्य के गले से एक मंगलसूत्र, दो सोने की चेन छीन ली और देखते ही देखते तेनुआ टोल प्लाजा की दिशा में रफूचक्कर हो गए। लूट की सूचना पीड़ित ने तत्काल पुलिस को दी। मौके पर पहुंची खजनी पुलिस ने करीब दो घंटे तक घटनास्थल का मुआयना किया, लेकिन बाद में यह कहते हुए पल्ला झाड़ लिया कि घटनास्थल गीडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है। जब पीड़ित परिवार गीडा थाने पहुंचा, तो वहां भी उन्हें निराशा ही हाथ लगी। गीडा पुलिस ने पूछताछ तो की, लेकिन बिना किसी औपचारिक तहरीर के यह कहकर उन्हें वापस भेज दिया कि कुछ पता चलने पर सूचित किया जाएगा। वहीं स्थानीय सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यदि पुलिस ने सूचना मिलते ही घेराबंदी की होती, तो बदमाशों को पकड़ा जा सकता था। लेकिन पुलिस की प्राथमिकता अपराधी को पकड़ने के बजाय सीमांकन तय करने में रही। वहीं इस प्रकरण में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दिनेश कुमार पुरी के मोबाइल नंबर 9454401055 पर संपर्क किया गया लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक उत्तरी ज्ञानेंद्र नाथ प्रसाद ने कहा फिलहाल मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। मैं तुरंत इस घटना की जानकारी ले रहा हूं। जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# स्मार्ट मीटर व बिजली कटौती के खिलाफ व्यापारियों का हल्ला बोल



इटावा। स्मार्ट मीटर योजना अब सुविधा नहीं, बल्कि उपभोक्ताओं के लिए गंभीर परेशानी का कारण बन चुकी है। जिस तकनीक को पारदर्शिता और सुविधा के नाम पर लागू किया गया था, वही आज आम जनता के लिए आर्थिक और मानसिक बोझ बन गई है मध्यवर्गीय और दैनिक आय पर निर्भर परिवारों के लिए, यह नीति किसी सजा से कम नहीं है। उनकी रोजमर्रा की जरूरतें ही मुश्किल से पूरी होती हैं। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित के नेतृत्व में सैकड़ों व्यापारियों ने शहर के शास्त्री चौराहे पर स्मार्ट मीटर की होली जला कर विरोध प्रदर्शन किया तथा मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित नौ सूत्री मांग पत्र अधीक्षण अभियंता बिजली विभाग रिषभ देव को सौंपा, ज्ञापन में मांग की गई है प्रिपेड मीटर की अनिवार्यता को समाप्त कर प्रिपेड मीटर उपभोक्ता की स्वीकृति के आधार पर लगाई जाए, प्रिपेड मीटर लगाए जाते समय प्रिपेड मीटर के संचालन से संबंधित मैनुअल उपभोक्ता को उपलब्ध कराया जाए, प्रिपेड मीटर की 5 साल की गारंटी उपभोक्ता को उपलब्ध कराई जाए तथा उसका गारंटी कार्ड मीटर लगाते समय उपभोक्ता को उपलब्ध कराया जाए। प्रिपेड मीटर लगाए जाते समय ही उपभोक्ता के मोबाइल में प्रिपेड मीटर का ऐप डाउनलोड किये जाने की व्यवस्था की जाये, सीलिंग सर्टिफिकेट उपभोक्ता को मौके पर दिए जाएं तथा उन्हें मीटर बदलते समय हाथों-हाथ ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड किया जाए, प्रिपेड मीटर तेज चलने की शिकायतों के लिए एक स्वतंत्र लैब की स्थापना की जाए। इस अवसर पर संरक्षक हाजी शहंशाह वारसी, प्रदेशमंत्री मंजुलता द्विवेदी, जिलाउपाध्यक्ष अशोक जाटव, हाजी शेख आफताब, राजीव मिश्रा, युवा जिलाध्यक्ष रियाज अब्बासी, महिला जिलाध्यक्ष शकीला बेगम, रेडीमेड एसोसिएशन अध्यक्ष देव गुप्ता, युवा महामंत्री सुनील कुशवाहा, राहुल दीक्षित, सैयद लकी, इश्तयाक कुरैशी, परिमित दीक्षित, धर्मेन्द्र सिंह चैहान, लखन सोनी, तनु वर्मा, अंसार अहमद, अल्ताफ अहमद सहित सैकड़ों व्यापारी मौजूद रहे।

## बंगाल-तमिलनाडु में भाजपा हार रही है : अखिलेश यादव



इटावा। चंबल इलाके में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत में भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। अखिलेश ने बंगाल और तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव में भाजपा की हार का दावा किया। गाजीपुर की घटना पर पुलिस और भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए। इटावा के साथ भेदभाव का मुद्दा उठाया। वहीं साथ ही जातीय जनगणना, महिला आरक्षण और कानून व्यवस्था को लेकर भी सरकार को घेरा। अखिलेश यादव ने कहा, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में भाजपा ऐतिहासिक हार की ओर बढ़ रही है। उन्होंने गाजीपुर की घटना का जिक्र करते हुए आरोप लगाया समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता जब पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे थे, तब भाजपा और पुलिस ने मिलकर उनके साथ दुर्व्यवहार किया। उन्होंने यह भी कहा, पत्थरबाजी करवाई गई और आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार इटावा के साथ भेदभाव कर रही है। यहां की जमीनों पर माफियाओं का कब्जा बढ़ा है। नदियों और जंगलों को नुकसान पहुंचाया गया है। जनता को परेशानी दी जा रही है। साथ ही उन्होंने दावा किया कि समाजवादी पार्टी की सरकार आने पर भू-माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसी को भी कानून से ऊपर नहीं रहने दिया जाएगा। अखिलेश यादव ने कहा, समाजवादी पार्टी और विपक्ष की मांग है कि सामान्य जनगणना के साथ जातीय जनगणना भी कराई जाए, ताकि वंचित और शोषित वर्गों को नीतियों के माध्यम से उनका अधिकार मिल सके।

# यूपी बोर्ड : हाई स्कूल की परीक्षा में अनामिका व वेदांश ने लहराया परचम





जिला संवाददाता

गोला, गोरखपुर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी 10वीं के परीक्षा परिणाम में गोला तहसील क्षेत्र अभ्युदय इंटर कालेज की छात्रा अनामिका गुप्ता 89 फीसद व वेदांश रमण गुप्त 87.83 प्रतिशत अंक लाकर परिवार समेत क्षेत्र का मान बढाया है। बता दें अनामिका गुप्ता ग्राम डांडी खास निवासी

नरेंद्र गुप्ता की पुत्री है और वेदांश रमण गुप्त इसी परिवार के डा सत्यप्रकाश गुप्त के पुत्र है। छात्रों ने आपने बाबा स्व रामबिलास गुप्त (अवकाश प्राप्त शिक्षक आनंद विद्यापीठ इंटर कॉलेज ककरही) को अपना आदर्श बताया तथा उनसे मिले संस्कार व सीख को ही अपनी सफलता का श्रेय दिया। बच्चों ने कहा कि हम जो कुछ भी कर पा रहे है उसका सारा श्रेय परिवार और विद्यालय परिवार एवं अन्य सहयोगियों को जाता है। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व मण्डल उपाध्यक्ष रोहित रमण गुप्त, पवन सिंह, नरेंद्र गुप्त, राकेश गुप्ता, राजेश गुप्ता, कमलेश गुप्ता, अशोक गुप्त, सुरेश यादव, संगम यादव, साधु यादव, डिंपू यादव व ग्राम प्रधान राजु यादव सहित आदि ने खूब सराहना किया और इनके भविष्य कि उज्वल कामना करते हुए दी बधाई।

## अखिलेश यादव ने केदारेश्वर महादेव मंदिर में की पूजा

इटावा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने केदारेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की। अपने दौरे के दौरान उन्होंने मंदिर निर्माण कार्य की प्रगति को लेकर संबंधित संस्था के प्रतिनिधियों से बातचीत की, साथ ही आम लोगों से भी मुलाकात कर उनका हाल जाना। गुरुवार दोपहर अचानक मंदिर पहुंचे का यह कार्यक्रम पहले से तय नहीं था। मंदिर में उन्होंने विधि-विधान से पूजा अर्चना की और निर्माण कार्य को लेकर जानकारी ली।

## पुराने विवाद में युवक पर हमला, तीन पर मुकदमा दर्ज

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के सरैया कालोनी निवासी सचिन साहनी पुत्र कृपाल साहनी के तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन में जुटी है। बताते चलें कि स्थानीय थाना क्षेत्र के सरैया सरदारनगर स्थित न्यू कॉलोनी में पुराने विवाद को लेकर दबंगों ने एक युवक को घेरकर बेरहमी से लाठी डंडे से पीटकर दिया। जिससे उसका हाथ टूट गया। आरोप है कि हमलावरों ने घर में घुसकर दोबारा मारपीट की। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सरैया न्यू कॉलोनी निवासी पीड़ित सचिन साहनी ने बताया कि वह 15 अप्रैल की शाम लगभग 7 बजे गांव के ही अमरजीत गौड़ पुत्र अनिल गौड़ ने अनिल व सुधीर पुत्र अज्ञात के साथ उसे चरनी के पास घेर लिया। गाली-गलौज करते हुए सभी ने मिलकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। जिससे उसका हाथ टूट गया। पीड़ित के मुताबिक, जान बचाने के लिए वह घर की ओर भागा, लेकिन आरोपी उसके घर में घुस आए और फिर से मारपीट करने लगे। शोर सुनकर आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर उसे बचाया। जाते समय आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई है।

**सूचना**

सूचित करना है कि मैंने अपने पुत्र रोहित मिश्रा व पुत्रवधु राधिका को उसके गलत चाल-चलन के चलतें अपनी चल-अचल सम्पत्ति सें बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का इसके किसी भी कृत्यों से कोई सरोकार नहीं होगा। सतीश कुमार पुत्र जंगली प्रसाद निवासी-ग्राम पुरनिया, मजरे मरकामऊ, थाना बदोसराय, बाराबंकी।

## एसएसपी ने जनसुनवाई की

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस कार्यालय में नियमित रुप से होने वाली जनसुनवाई की गयी। जिसमें अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे फरियादियों के आवेदन लेकर उन्हें न्यायोचित, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का आश्वासन दिया। विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए आवेदकों की शिकायतो को गंभीरतापूर्वक सुना।

# गैस सिलेंडर फटने से तीन घरो में आग लगी

**फतेहपुर चौरासी**। गैस सिलेंडर फटने से तीन घरों में आग लग गयी। आग लगने से लाखों का नुकसान हुआ है। थाना क्षेत्र के गांव बहादुरखेड़ा निवासी बाबूलाल ने बताया कि बुधवार की रात खाना बनाने के लिए गैस चूल्हा जलाया आग गैस सिलिंडर में लग गयी। सिलिंडर में लगी आग देखकर वह बाहर भागा, तभी धमाके के साथ सिलिंडर फट गया। सिलिंडर फटते ही बाबूलाल के घर में आग लग गयी। आग में अनाज, नगदी सहित अन्य सामान जल गया। ग्रामीण जबतक आग पर काबू पाते आग ने मुन्नीलाल, मंशाराम व पुत्तीलाल के घरों को चपेट में ले लिया। तीनों घरों में भी छप्पर, भूंसा आदि सामान जल गया। राजस्व कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर अग्निकाण्ड में हुई क्षति का आकलन किया। जिसकी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी है।

## नवाबगंज में बजबजाती नालियां, फागिंग-छिड़काव न होने से बढ़ा बीमारी का खतरा

नवाबगंज, उन्नाव। नगर पंचायत नवाबगंज के वार्ड नंबर 8 स्थित मोहल्ला दुगार्गंज में गंदगी और जलभराव की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार नालियां पूरी तरह से भरी हुई हैं और गंदा पानी सड़कों व घरों के सामने बजबजा रहा है। हालात ऐसे हैं कि लोग अपने घर के गेट पर बैठना तक मुश्किल समझ रहे हैं, क्योंकि क्षेत्र में तीव्र दुर्गंध फैली हुई है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बावजूद नगर पंचायत के अधिकारी इस समस्या को लेकर उदासीन बने हुए हैं। वहीं प्रदेश सरकार द्वारा संचारी रोगों—जैसे डेंगू और मलेरिया—की रोकथाम के लिए विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत एंटी लार्वा का छिड़काव और नियमित फागिंग के निर्देश दिए गए हैं। इसके बावजूद दुगार्गंज क्षेत्र में अब तक न तो फागिंग कराई गई है और न ही दवा का छिड़काव किया गया है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने और फागिंग-छिड़काव शुरू कराने की मांग की है, ताकि लोगों को गंदगी और संभावित बीमारियों से राहत मिल सके।

## सरस्वती मेडिकल कॉलेज के छात्र ने रचा अनुकरणीय कीर्तिमान, फोरेंसिक मेडिसिन पर पुस्तक का विमोचन

उन्नाव। क्षेत्र स्थित सरस्वती मेडिकल कॉलेज में अध्ययनरत बैच 2022 के छात्र ओम अग्रवाल ने चिकित्सकीय पाठ्यक्रम के महत्वपूर्ण विषय 'फोरेंसिक मेडिसिन एण्ड टॉक्सिकोलॉजी' पर उल्लेखनीय कार्य करते हुए एक पुस्तक की रचना की है। छात्र ने विगत 15 वर्षों के प्रश्नपत्रों का गहन अध्ययन एवं विश्लेषण कर यह पुस्तक तैयार की है, जिससे अन्य छात्रों को विषय की सुगमता एवं सटीकता से समझने में मदद मिलेगी। पुस्तक का विमोचन संस्थान में आयोजित गेस्ट लेक्चर के दौरान प्रधानाचार्य डॉ. आर.एन. श्रीवास्तव द्वारा किया गया। डॉ. श्रीवास्तव ने छात्र की बुद्धिमत्ता एवं नवाचार की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान ऐसे एकेडमिक प्रयासों को हर संभव सहयोग देगा। उन्होंने इसे संस्थान के लिए गर्व का क्षण बताया और छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। फोरेंसिक मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. अवधेश कुमार ने भी पुस्तक की सराहना की और कहा कि यह छात्रों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। छात्र ओम अग्रवाल ने बताया कि कई अन्य मेडिकल कॉलेजों के छात्रों ने भी यह पुस्तक खरीदी है और अध्ययन के बाद सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है।

# पेट्रोल पंप एनओसी व सीएचडी नेटवर्क से संबंधित बैठक



इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पेट्रोल पंप एनओसी एवं सीएचडी नेटवर्क से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों एवं तेल कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी भूमि का वाणिज्यिक उपयोग के लिए आवंटन संभव नहीं है और आपका सरकार के साथ कोई निर्धारित प्रतिबद्धता नहीं है, कि सरकार जमीन देगी, इसलिए टोरेंट एनर्जी कंपनी भूमि क्रय अथवा किराए पर लेकर अपने प्रोजेक्ट स्थापित करे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि ऊर्जा से जुड़े सभी परियोजनाओं को भारत सरकार के निर्देशानुसार अत्यंत तीव्र गति से पूर्ण किया जाए। पेट्रोल पंप स्थापना के संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि शासन स्तर से एनओसी जारी करने के स्पष्ट निर्देश हैं, लेकिन आवेदकों द्वारा आवश्यक एफिडेविट शपथ पत्र समय से प्रस्तुत नहीं किए जा रहे हैं, जिससे प्रक्रिया में विलंब हो रहा है। उन्होंने ऑयल कंपनी से कहा कि आप आवेदकों से एफिडेविट ले लो हम एनओसी दे देंगे और आप अपना पेट्रोल पंप लगाओ। उन्होंने तेल कंपनियों को निर्देशित किया कि वे आवेदकों के साथ बैठक कर आवश्यक औपचारिकताएं शीघ्र पूर्ण कराएं और लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि तकनीकी रूप से असंगत प्रस्तावों को स्पष्ट रूप से निरस्त किया जाए, ताकि अनावश्यक लंबितता समाप्त हो। बैठक में अपरजिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, जिला पूर्ति अधिकारी सीमा त्रिपाठी, एआरटीओ प्रदीप देशमणि सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्कूल बस के इंजन में निकला आग का धुंआ, हड़कंप

भरथना, इटावा। भरथना कोतवाली कस्बा क्षेत्र के जवाहर रोड पर गुरुवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब भरथना से इटावा की ओर छात्रों को लेकर जा रही शुद्धति ग्लोबल स्कूल की बस के इंजन में अचानक आग लग गई। और इंजन से काला धुंआ गुब्बारा बनकर निकलने लगा। बस में करीब ढाई दर्जन से अधिक नन्हें-मुन्ने छात्र सवार थे। आग का काला धुंआ निकलते ही बस में सवार छात्रों में बुरी तरह चीख पुकार के साथ अफरा-तफरी मच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस जैसे ही जवाहर रोड मार्ग से आगे बढ़ रही थी, तभी इंजन से अचानक आग के साथ धुआं निकलने लगा और देखते ही देखते इंजन में आग भड़क उठी। इंजन में आग लगते ही बस चालक और स्कूल स्टाफ ने सूझबूझ दिखाते हुए सभी छात्रों को सुरक्षित बस से नीचे निकाला जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और सभी ने मिलकर आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। हालांकि राहगीर और आसपास के लोगों की सूझबूझ से आग पर काबू पा लिया गया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई छात्र घायल नहीं हुआ। घटना की सूचना मिलते ही छात्रों के माता-पिता और अभिभावकों ने घटना स्थल पर पहुंच कर अपने बच्चों से सलामती और कुशलता पूछी जिससे उनकी चिंता और आक्रोश देखने को मिला। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि स्कूल वाहनों की नियमित जांच होनी चाहिए, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

## गैराज में खड़े ट्रक और डंफरों के टायर जले



भरथना, इटावा ! कस्बा क्षेत्र के मुहल्ला राजागंज में बुधवार सुबह करीब 11 बजे खेतों में पड़े गेहूं के अवशेषों में लगी भीषण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आग पास में स्थित एक गैराज तक पहुंच गई। घटना में गैराज में खड़े ट्रक और डम्फरों के टायर जल गए, जिससे लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है। किसान राजेश दुबे के खेत में गेहूं के अवशेष में अज्ञात कारणों से आग लग गई। तेज हवा के चलते आग तेजी से फैलती हुई आसपास के खेतों में पहुंची, जिसमें किसान लाल बहादुर मिश्रा के खेत भी चपेट में आ गए। आग की लपटें बढ़ने पर पास स्थित रिटायर्ड आरटीओ कर्मी विनोद कुमार यादव के गैराज तक पहुंच गई, जहां खड़े ट्रक और डम्फरों तक पहुंच गई। आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही तहसीलदार दिलीप कुमार और उपनिरीक्षक राजकुमार कस्बा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। फायर ब्रिगेड और स्थानीय लोगों ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक आग काफी नुकसान कर चुकी थी। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। प्रशासन मामले की जांच में जुटा है।

## ओवरलोडिंग पर पुलिस का शिकंजा , 14 वाहन सीज, 154 चालान, ढाई लाख का जुर्माना

जसवंतनगर, इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर क्षेत्र में ओवरलोडिंग और यातायात नियमों के उल्लंघन के खिलाफ सख्त अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व क्षेत्राधिकारी आयुषी सिंह ने किया, जबकि थानाध्यक्ष कमल भाटी अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर मुस्तैद रहे। चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर सघन निरीक्षण किया। कार्रवाई में ओवरलोडिंग करते हुए 4 डंपरों को बालू के साथ सीज किया गया। इसके अलावा 1 ट्रैक्टर को ओवरलोड ईंट ढोते हुए पकड़ा गया, जिसे भी सीज कर दिया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 9 ई-रिक्शा और 1 मोटरसाइकिल को भी जब्त किया गया। इस तरह कुल 14 वाहनों पर सीज की कार्रवाई की गई। सीओ आयुषी सिंह ने वाहन चालकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें और ओवरलोडिंग से बचें, जिससे दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति देखी गई है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बघिनी नानकार विकास खण्ड मिठवल जनपद सिद्धार्थनगर**

**पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27**

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत बघिनी नानकार विकास खण्ड मिठवल द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/ तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 28.04.2026 को 10.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय बघिनी नानकार के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 28.04.2026 को 12.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

**नियम व शर्तेः-**

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत बघिनी नानकार के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत बघिनी नानकार कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत बघिनी नानकार के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**बिनद्रावती**
**प्रधान**
**ग्राम पंचायत बघिनी नानकार**
**सिद्धार्थनगर।**

**सचींद्र नाथ पाठक**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत बघिनी नानकार**
**सिद्धार्थनगर।**

**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रानिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत**
**मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, आलमबाग, लखनऊ-226005 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मद के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्रम संख्या | निविदा सं0 | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 51265187 | "Centre Lathe for Axle turning of LHB Wheel" as per specification attached (Cost of Basic machine only). | 1 Nos. | 20.05.2026 |

निविदा शर्तें : 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। टेंडर नोटिस संख्या-51265187 दिनांक- 22.04.2026 1342/2026

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

संक्षेप

## वैष्णवी ने मेरिट में छठा स्थान पाकर बढ़ाया मान

सीतापुर। हुसैनपुर गांव की रहने वाली वैष्णवी ने हाईस्कूल परीक्षा में प्रदेश मेरिट में छठा स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार और शिक्षकों में खुशी का माहौल है। वैष्णवी के पिता छोटे लाल किसान हैं और खेती से परिवार का भरण-पोषण करते हैं। मां वंदना गुप्ता गृहणी हैं। वैष्णवी ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के नोट्स और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। वैष्णवी का लक्ष्य डॉक्टर बनकर देश सेवा करना है। उन्होंने बताया कि सही दिशा में पढ़ाई और शिक्षकों के मार्गदर्शन से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

## 10 लाख के जेवर-नकदी पर हाथ साफ, सुरक्षा पर सवाल

सीतापुर। अटरिया थाना क्षेत्र के रनुवा पारा गांव में बीती रात चोरों ने बंद पड़े मकान को निशाना बनाकर लाखों रुपये के जेवरात और नगदी पार कर दी। वारदात के बाद गांव में दहशत फैल गई है और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, गांव निवासी विमल शुक्ला अपने परिवार के साथ लखनऊ के इटौंजा क्षेत्र में एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। घर खाली होने का फायदा उठाकर अज्ञात चोर पीछे की दीवार फांदकर अंदर घुस गए। घर में दाखिल होते ही चोरों ने कमरे में रखे बक्सों को खंगाला और एक बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखे कीमती जेवरात व नगदी चोरी कर ली। देर रात जब परिवार लौटा तो टूटा ताला और बिखरा सामान देखकर सन्न रह गया। सूचना पर पहुंची अटरिया पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पीड़ित के अनुसार करीब 10 लाख रुपये के जेवरात चोरी हुए हैं। पुलिस संदिग्धों की तलाश में जुटी है।

## इलेक्ट्रिक दुकान में भीषण आग, लाखों का सामान जलकर खाक



सीतापुर। रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के लाला पुरवा में बीती रात एक इलेक्ट्रिक दुकान में भीषण आग लगने से लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया और पीड़ित दुकानदार को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार, जानकी नगर निवासी आदित्य कुमार पुत्र बृजेश कुमार की लाला पुरवा में इलेक्ट्रॉनिक सामान की दुकान है, जहां बैटरी, इनवर्टर व अन्य उपकरणों का कारोबार होता है। बुधवार देर रात अचानक दुकान में आग लग गई। रात का समय होने के कारण किसी को इसकी भनक नहीं लग सकी, जिससे आग ने जल्द ही विकराल रूप धारण कर लिया। सुबह करीब 9 बजे जब आदित्य दुकान खोलने पहुंचे, तो अंदर का मंजर देखकर सन्न रह गए। दुकान में रखा सारा सामान जलकर नष्ट हो चुका था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर नुकसान के आकलन व कार्रवाई की मांग की है।

# विद्या मंदिर के अर्जित जिला टॉप, मिले 95.33 प्रतिशत अंक

### -हाईस्कूल में विद्या मंदिर के छात्रों को जिलें में रहा दबदबा








गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के आठ छात्रों ने जिले की टॉप-टेन सूची में स्थान बनाकर विद्यालय का दबदबा कायम किया। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया।

हाईस्कूल परिणाम में टॉप-10 सूची के सभी विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। अर्जित गुप्ता ने 95.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। आयुष वर्मा ने 94.17 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। आर्यन वर्मा और आयुष ने 93.83 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। अंश पटेल ने 93.67 प्रतिशत, अनुभव पांडेय ने 93.50 प्रतिशत, आयुष खन्ना ने 93.33 प्रतिशत और अमरेंद्र वर्मा ने 93.17 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं अविरल पटेल ने 92.5 प्रतिशत और अंकित कुमार ने 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप-10 सूची में स्थान बनाया। इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में भी छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। तेजस्वनी नारायण ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।यह छात्रा हाईस्कूल परीक्षा में टापर रही थी, अर्पित वर्मा ने 88.6 प्रतिशत, जिज्ञासा ने 87.8 प्रतिशत, अंकित वर्मा ने 86.6 प्रतिशत, अर्पित वर्मा ने 86 प्रतिशत, आंशी वर्मा और स्मृति वर्मा ने 85.8 प्रतिशत तथा प्रिसी वर्मा और अंशिका गुप्ता ने 85.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यार्थियों के प्रदर्शन से विद्यालय प्रबंधन और अभिभावकों में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय परिसर में सफल विद्यार्थियों का फूलमाला पहनाकर और मिठाई खिलाकर सम्मान किया गया। इस दौरान शिक्षकों और अभिभावकों ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रबन्ध समिति के कोषाध्यक्ष ईश्वरदीन वर्मा ने कहा कि यह परिणाम छात्रों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के समर्पण का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है, जिसका परिणाम इस सफलता के रूप में सामने आया है। प्रधानाचार्य राजकुमार कनौजिया ने कहा कि विद्यार्थियों ने निरंतर परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण से यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा कि विद्यालय आगे भी छात्रों को बेहतर शिक्षा और मार्गदर्शन प्रदान करता रहेगा, ताकि वे भविष्य में और ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकें।

# विद्या निकेतन में हाईस्कूल-इंटर का शानदार रिजल्ट








गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में छात्रों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए टॉप-10 सूची में स्थान बनाया। परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय में उत्साह का माहौल रहा और मेधावी छात्रों को बधाई दी गई। हाईस्कूल परिणाम में श्रेया दीक्षित ने 91.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। सचेंद्र पाल ने 90.33 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। सक्षम शर्मा ने 89.83 प्रतिशत और श्रेया शुक्ला ने 89.66 प्रतिशत अंक हासिल किए। इसके अलावा आराध्य शुक्ला ने 87.66 प्रतिशत, शौर्य वर्मा ने 87.50 प्रतिशत, अंश पटेल ने 86.83 प्रतिशत और आशीष कुमार ने 86.50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। पल्लवी सिंह और शेष मिश्र ने 86.33-86.33 प्रतिशत तथा मो० सैफ ने 86.16 प्रतिशत अंक हासिल कर टॉप-10 सूची में स्थान बनाया। इंटरमीडिएट परिणाम में भी छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन किया। रिया वर्मा ने 87.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। अनन्या मिश्रा और वर्षा कुमारी ने 87.6-87.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया। समृद्धि ने 86.8 प्रतिशत और प्रज्ञा राज ने 86.4 प्रतिशत अंक हासिल किए। इसके अलावा वसुंधरा तिवारी ने 84.6 प्रतिशत, अंश मुडावल ने 84.4 प्रतिशत, नैन्सी वर्मा ने 83.4 प्रतिशत और माही मिश्रा ने 83.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं अवंतिका बाजपेई ने 82.8 प्रतिशत और दिव्यांश यादव ने 82.6 प्रतिशत अंक हासिल कर टॉप-10 सूची में स्थान बनाया। विद्यालय के बालक विभाग के प्रधानाचार्य महेन्द्र त्रिपाठी और बालिका विभाग की प्रधानाचार्या मधु त्रिपाठी ने छात्रों की सफलता पर प्रसन्नता जताई।

# होमगार्ड्स परीक्षा पर प्रशासन सख्त

### डीएम-एसपी का औचक निरीक्षण, व्यवस्थाएं कसीं



लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेंट परीक्षा 2025 को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ मैदान में उतरा है। परीक्षा की संवेदनशीलता को देखते हुए डीएम अंजनी कुमार सिंह और एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने एएसपी पूर्वी पवन गौतम के साथ गुरुवार को संयुक्त रूप से विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की गहन पड़ताल की और अधिकारियों को सख्त दिशा-निर्देश दिए। डीएम-एसपी ने क्रमशः राजकीय इंटर कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज एवं अबुल कलाम आजाद गर्ल्स इंटर कॉलेज पहुंचकर परीक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था, कंट्रोल रूम की मॉनिटरिंग प्रणाली और परीक्षा कक्षों की तैयारियों का गहन अवलोकन किया। उन्होंने सीटिंग प्लान, अभ्यर्थियों के प्रवेश एवं निकास की व्यवस्था, कक्ष निरीक्षकों की तैनाती तथा शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान डीएम अंजनी कुमार सिंह ने केंद्र व्यवस्थापकों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा की सुचिता सर्वोपरि है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई, छाया एवं बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। वहीं एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ न जुटने देने तथा संवेदनशील बिंदुओं पर विशेष सतर्कता बरतने के भी निर्देश दिए। डीएम-एसपी ने संयुक्त रूप से यह भी निर्देशित किया कि कंट्रोल रूम के माध्यम से सभी केंद्रों की सतत निगरानी की जाए। इसके अलावा उन्होंने परीक्षा ड्यूटी में लगे सभी कार्मिकों को पूर्ण ईमानदारी, पारदर्शिता, जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाओं को संतोषजनक पाया, वहीं जहां भी सुधार की आवश्यकता महसूस हुई, वहां तत्काल आवश्यक निर्देश देकर व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए।

# सीतापुर ने रचा इतिहासः यूपी बोर्ड में जिला बना नंबर-1, बेटियों का दबदबा



सीतापुर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के परीक्षा परिणाम में इस बार सीतापुर ने ऐसा परचम लहराया कि पूरा प्रदेश देखता रह गया। हाईस्कूल और इंटरमीडिएटकृदोनों में प्रदेश की मेरिट सूची में प्रथम स्थान हासिल कर जिले के छात्रों, खासकर बेटियों ने इतिहास रच दिया। हाईस्कूल में पहला स्थान बाबूराम सावित्री देवी इंटर कॉलेज, पहला की छात्रा कशिश वर्मा ने 97.83ः अंक के साथ हासिल किया। वहीं इंटरमीडिएट में भी इसी विद्यालय की छात्रा शिक्षा वर्मा ने 97.60ः अंक पाकर प्रदेश में टॉप कर सीतापुर का गौरव बढ़ाया। एक ही विद्यालय से दोनों टॉपर्स निकलना जिले के लिए बड़ी उपलब्धि है। जिले में 146 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में हजारों विद्यार्थियों ने भाग लिया और परिणाम में शानदार सफलता हासिल की। हाईस्कूल में 89.59ः और इंटर में 85.83ः छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए। साथ ही हाईस्कूल में 18 और इंटर में 14 विद्यार्थियों ने प्रदेश की टॉप-10 सूची में जगह बनाई।

## शिखा बनीं यूपी टॉपर, 488 अंकों के साथ रचा इतिहास

सीतापुर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के परीक्षा परिणाम में बिलौली बाजार गांव की शिखा वर्मा ने प्रदेश में टॉप कर क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया। किसान परिवार से आने वाली शिखा की इस उपलब्धि से पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। परिणाम घोषित होते ही परिजन भावुक हो उठे और घर में जश्न का माहौल बन गयझ शिखा के पिता जितेन्द्र वर्मा खेती के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं, जबकि मां कांती देवी गृहणी हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद शिखा ने कड़ी मेहनत और अनुशासन से यह मुकाम हासिल किया। परिवार में बड़े भाई दीपक इंजीनियरिंग के बाद जूनियर इंजीनियर की तैयारी कर रहे हैं, जबकि बहनों ने भी शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन किया है। शिखा ने हिन्दी में 97, अंग्रेजी 95, गणित 100, फिजिक्स 99 और केमिस्ट्री 97 अंक प्राप्त कर कुल 488 अंक हासिल किए। शिखा का सपना एसएससी परीक्षा पास कर आयकर विभाग में अधिकारी बनना है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों और कॉलेज के सहयोग को दिया। सोसां गांव की कशिश वर्मा ने हाईस्कूल परीक्षा में टॉप कर यह साबित कर दिया कि मेहनत और अनुशासन ही सफलता की असली कुंजी है। किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाली कशिश रोजाना दो किलोमीटर साइकिल चलाकर स्कूल जाती थीं और सोशल मीडिया से दूरी बनाकर पढ़ाई पर पूरा ध्यान देती थीं। कशिश के पिता पुतान खेती करके परिवार का भरण-पोषण करते हैं, जबकि मां नीलम देवी गृहणी हैं। कशिश ने मोबाइल का इस्तेमाल लगभग नहीं किया और किताबों व क्लास नोट्स के सहारे 7-8 घंटे प्रतिदिन पढ़ाई कर यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने हिन्दी में 98, अंग्रेजी 95, गणित 99, विज्ञान 99, सामाजिक विज्ञान 99 और गृह विज्ञान में 97 अंक प्राप्त किए। कशिश का सपना शिक्षिका बनकर देश सेवा करना है। वह स्वामी विवेकानंद को अपना आदर्श मानती हैं और मानती हैं कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता।

## अर्पिता ने पाया प्रदेश में तीसरा स्थान

सीतापुर)। कड़ी मेहनत और लगन से हाईस्कूल परीक्षा में तीसरा स्थान हासिल करने वाली अर्पिता आज क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणा बन गई हैं। अर्पिता रोजाना सात किलोमीटर साइकिल चलाकर स्कूल जाती थीं और प्रतिदिन 8-9 घंटे पढ़ाई कर यह सफलता हासिल की। अर्पिता के पिता अम्ब्रीश कुमार किसान हैं और मां सरोज कुमारी गृहणी हैं। परिवार की साधारण आर्थिक स्थिति के बावजूद अर्पिता ने अपने लक्ष्य से कभी समझौता नहीं किया।

## मानसी बनीं प्रदेश में छठी टॉपर

सीतापुर)। प्रकाश विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्रा मानसी पोरवाल ने इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रदेश में छठा स्थान प्राप्त कर परिवार और क्षेत्र का मान बढ़ाया है। मानसी के पिता नंद किशोर गुप्ता कस्बे में बर्तन की दुकान चलाते हैं, जबकि मां नारायण देवी गृहणी हैं। मानसी ने सीमित संसाधनों के बीच सोशल मीडिया से दूरी बनाकर रोजाना करीब आठ घंटे पढ़ाई की। उनकी सफलता से परिवार में खुशी का माहौल है और सभी परिजन गर्व महसूस कर रहे हैं।

# विषम हालात में चमकी हृदयांशी, 93.66ः के साथ जिले में छठा स्थान



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कृषक समाज इंटर कॉलेज की हाईस्कूल छात्रा हृदयांशी सक्सेना ने 93.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में छठा स्थान हासिल किया है। कठिन और विषम परिस्थितियों के बावजूद छात्रा की मेहनत, लगन और आत्मविश्वास ने यह सफलता दिलाई, जिससे विद्यालय का गौरव बढ़ा है। कुछ माह पहले ही छात्रा के माता-पिता का आकस्मिक निधन हो गया था। इस गहरे व्यक्तिगत आघात के बावजूद हृदयांशी ने पढ़ाई से ध्यान नहीं हटने दिया और चुनौतियों को स्वीकार करते हुए धैर्य को अपना संबल बनाया। सीमित संसाधनों और मानसिक दबाव के बीच भी उसने निरंतर परिश्रम जारी रखा, जिसका परिणाम इस उल्लेखनीय सफलता के रूप में सामने आया। हृदयांशी का लक्ष्य आगे चलकर यूपीएससी की तैयारी कर देश सेवा करना है। उसने बताया कि वह कठिन परिस्थितियों को अपनी कमजोरी नहीं बल्कि प्रेरणा मानकर आगे बढ़ना चाहती है। प्रधानाचार्य एपी सरोज ने कहा कि हृदयांशी की यह उपलब्धि उसकी मेहनत और मजबूत इच्छाशक्ति का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय हमेशा ऐसे प्रतिभाशाली छात्रों को आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत रहेगा। विद्यालय के प्रबंधक एवं पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा ने छात्रा को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि हृदयांशी जैसे विद्यार्थी समाज के लिए प्रेरणा हैं, जो कठिन परिस्थितियों में भी हार नहीं मानते और अपने लक्ष्य को प्राप्त करते हैं।

## कला प्रदर्शनी में नवोदित कलाकारों की प्रतिभा का प्रदर्शन



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। गुरु हरिकिशन पीजी कॉलेज में नवोदित कलाकारों द्वारा आयोजित कला प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं की प्रतिभा देखने को मिली। विभिन्न चित्रकृतियों के माध्यम से कलाकारों ने अपनी सृजनात्मकता और कल्पनाशीलता का प्रभावी प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. पंकज सिंह (प्राचार्य सीजीएन पीजी कॉलेज) एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. अंजू भोगल (प्राचार्या गुरुनानक कन्या महाविद्यालय) ने फीता काटकर किया। इसके बाद दीप प्रज्ज्वलन कर प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. निर्मल सिंह और प्रबंधक सरदार परमेन्दर पाल सिंह ने पुष्पगुच्छ एवं पेंटिंग भेंट कर किया। मुख्य अतिथि डॉ. पंकज सिंह ने विद्यार्थियों की कलाकृतियों की सराहना करते हुए उनकी सृजनात्मकता, भाव-भंगिमा और प्रस्तुति को उत्कृष्ट बताया। उन्होंने महाविद्यालय के सकारात्मक वातावरण और दीवारों पर की गई कलात्मक सज्जा की भी प्रशंसा की। विशिष्ट अतिथि डॉ. अंजू भोगल ने नारी शक्ति के विभिन्न स्वरूपों को चित्रों के माध्यम से उकेरे जाने की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रदर्शनी में नारी के विभिन्न रूपों को प्रमुखता से चित्रित किया गया। कलाकारों ने तैल एवं एक्रेलिक रंगों का उपयोग करते हुए भावानुकूल रंग संयोजन प्रस्तुत किया। चित्रों में लयात्मकता, संतुलन और सृजनात्मक अंतराल का प्रयोग आकर्षण का केंद्र रहा। गहरे रंगों के उपयोग से चित्रों में गहराई और प्रभाव दिखाई दिया। इस अवसर पर अनुष्का वर्मा, रोशनी, नाजरीन, खुशबू बानो, श्वेता, प्रीतिका, रोशनी मित्र, मानसी मौर्य, रागिनी वर्मा, सुषमा गुप्ता, सुनीता और आंचल सहित अन्य विद्यार्थियों ने अपनी कलाकृतियां प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. निर्मल सिंह ने सभी अतिथियों, आयोजकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। प्रबंधक सरदार परमेन्दर पाल सिंह ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन एवं आयोजन चित्रकला विभाग के सहायक प्राध्यापक अशोक वर्मा और कन्हैया लाल मिश्र के निर्देशन में किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के शिक्षक एवं स्टाफ मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ।

## डीएम-एसपी का औचक निरीक्षण, लापरवाही पर सख्ती के संकेत

सीतापुर। यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा से पहले जिला प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहा है। लिखित परीक्षा (25, 26 व 27 अप्रैल) को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से कराने के लिए जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की हकीकत परखी। डीएम ने उजागर लाल इंटर कॉलेज और आरएमपी इंटर कॉलेज पहुंचकर स्ट्रांग रूम, परीक्षा कक्ष और मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने साफ निर्देश दिए कि सभी तैयारियां समय से पूरी हों और किसी भी स्तर पर चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीसीटीवी, शुद्ध पेयजल और शौचालय जैसी सुविधाओं को हर हाल में दुरुस्त रखने के आदेश दिए गए। वहीं एसपी अंकुर अग्रवाल ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़े तेवर दिखाते हुए कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी या अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने और सुरक्षा चाक-चैबंद रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) नीतीश कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। प्रशासन की इस सख्ती के बीच अब निगाहें परीक्षा के दिन पर टिकी हैंकृक्या व्यवस्था कागजों से निकलकर जमीन पर भी उतनी ही मजबूत दिखेगी या फिर हर बार की तरह दावों की पोल खुलेगी।

## महिला आरक्षण पर सियासी संग्रामः कांग्रेस का पलटवार, भाजपा पर भ्रम फैलाने का आरोप

सीतापुर। जिला कांग्रेस कार्यालय में गुरुवार को बुलाई गई प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिला आरक्षण बिल ह्लनारी वंदन अधिनियमह्व को लेकर सियासी तापमान तेज हो गया। कांग्रेस नेताओं ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पार्टी जानबूझकर यह ह्लझूठा परसेप्शनह्व फैला रही है कि कांग्रेस और विपक्ष महिला आरक्षण के खिलाफ हैं। जिला अध्यक्ष डॉ. ममता वर्मा ने साफ कहा कि वर्ष 2023 में महिला आरक्षण बिल पक्ष और विपक्ष की सहमति से पास हो चुका है और 16 अप्रैल 2026 को इसकी अधिसूचना भी जारी हो चुकी है। ऐसे में ह्लबिल गिरनेह्व की बात पूरी तरह भ्रामक है। उन्होंने आरोप लगाया कि असल में भाजपा परसीमन (डिलिमिटेशन) को मुद्दा बनाकर राज्यों के बीच मतभेद और असंतोष पैदा करने की कोशिश कर रही है, जिसे विपक्ष ने समय रहते रोका। डॉ. वर्मा ने प्रधानमंत्री पर भी निशाना साधते हुए कहा कि अगर सरकार सच में महिलाओं को अधिकार देना चाहती है, तो पहले ह्लघर से शुरूआतह्व करे और महिलाओं को वास्तविक सम्मान दे। उन्होंने मांग रखी कि महिला आरक्षण को तत्काल लागू किया जाए, लेकिन परसीमन 2026-27 की जातिगत जनगणना के आधार पर हो, ताकि दलितों और पिछड़ों का हक न मरे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में शहर अध्यक्ष शिशिर बाजपेयी समेत कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

## बुजुर्ग महिला की मौत

सीतापुर। कोतवाली मिश्रिख क्षेत्र में गुरुवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। घटना सिधौली-मिश्रिख मार्ग पर ग्राम घरवासपरा के पास हुई। जानकारी के अनुसार तरसावां निवासी कमला देवी अपने पोते अभय के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिश्रिख से दवा लेकर बाइक से घर लौट रही थीं। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कमला देवी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए और कोहराम मच गया। मृतका के बेटे ने गांव के ही राजकिशोर मौर्य पर आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भीषण अग्निकांड से 66 घर राख 115 परिवार प्रभावित

### डीएम- विधायक पहुंचे गांव, पीड़ितों को बांटी राहत सामग्री



लखीमपुर खीरी। गोला गोकर्णनाथ तहसील के ब्लॉक बिजुआ स्थित ग्राम अमरपुर मजरा गोगांवा में गत दिवस भीषण अग्निकांड ने तबाही मचा दी। आग की चपेट में आकर 66 घर जलकर राख हो गए, जिससे 115 परिवार बुरी तरह प्रभावित हो गए। हादसे के बाद पूरे गांव में चीख-पुकार और मातम का माहौल छा गया। घटना की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह और विधायक अमन गिरी मौके पर पहुंचे। दोनों ने प्रभावित परिवारों से मिलकर उनका हालचाल जाना और हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। इस दौरान पीड़ितों को तत्काल खाद्यान्न सामग्री भी वितरित की गई। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने तहसील प्रशासन को स्पष्ट निर्देश दिए कि मा. मुख्यमंत्री की मंशानुरूप कोई भी प्रभावित परिवार शासन द्वारा अनुमन्य सहायता से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि राहत एवं पुनर्वास कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पीड़ितों को आश्वस्त करते हुए कहा कि इस कठिन समय में पूरा शासन-प्रशासन आपके साथ खड़ा है और हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख बिजुआ, एसडीएम गोला प्रतीक्षा त्रिपाठी, तहसीलदार भीम चंद्र सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे और राहत कार्यों में जुटे रहे।

## पवार प्लांट में लगी आग

जंगबहादुरगंज खीरी। पसगवां क्षेत्र ग्राम अजबापुर में लगी डीसीएम श्री राम शुगर मिल के पवार प्लांट में अचानक आग लग गई जिससे निकलने बाला धुआं काफी ऊंचाई तक उठते हुए नजर आया। बताया जा रहा है कि अत्यधिक तापमान होने के कारण बॉयलर की बेल्ट से निकली चिंगारी से आग लग गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया सूचना मिलते ही राहत बचाव यूनिट और दमकल की टीम मौके पर पहुंच गई जिनकी कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया आगजनी वाले स्थान के आस पास आवाजाही बंद कर दी गई थी फिलहाल इस हादसे से कोई जनहानि नहीं हुई है।

# सरस्वती शिशु मंदिर के दो छात्रों ने बढ़ाया जिले का मान



मोहम्मदी खीरी। कस्बा के यूपी बोर्ड से संचालित विद्यालयों को पीछे छोड़ते हुए सरस्वती शिशु मंदिर के दो छात्रों ने अनुशासन और सनातन पद्धति के बीच रहकर पढ़ाई करते हुए जिले में स्थान बनाने पर विद्यालय का मान बढ़ाया है। वही इस उपलब्धि पर अध्यापक गण और प्रबंध समिति के लोगों ने हर्ष जताया है। कस्बा के मोहल्ला बाजार खुर्द निवासी की इशान शर्मा ने हाई स्कूल की परीक्षा में 93.83 प्रतिशत अंक हासिल कर जिला की सूची में स्थान बनाया है। उनका कहना है मेरे पिता शिव किशोर शर्मा इलेक्ट्रॉनिक की दुकान चलते हैं मोबाइल से दूर रहकर ऑफलाइन पढ़ाई की हिंदी में कम नंबर आने का मलाल है। बहाना बनाकर कभी विद्यालय अनुपस्थित नहीं रहा। खाली समय में क्रिकेट खेल लेते हैं। उनका सपना सिविल सर्विसेज में जाने का है। सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरु जन को दिया है। इसी विद्यालय के अकस गुप्ता ने 93.5 प्रतिशत अंक हासिल कर जिला में नाम रोशन किया है। इनके पिता मनोज गुप्ता जूस का ठेला लगाकर रोजी-रोटी चलाते हैं। सोशल मीडिया से दूर रहकर पढ़ाई की है। खाली समय में पिता के साथ रोजगार में हाथ बटाते थे। कम संसाधनों पर पढ़ाई कर सफलता के शिखर को छुआ है सफलता का श्रेय माता-पिता और विद्यालय के गुरु जनो को दिया है। इनका सपना सिविल सर्विसेज में जाकर देश सेवा करनी है। बहाना बनाकर कभी विद्यालय से दूर नहीं गया।

कस्बा के सरस्वती विद्या मंदिर में इंटरमीडिएट की परीक्षा में नगर के शौर्य गुप्ता ने 92.6 प्रतिशत अंक हासिल कर जिला में दूसरा स्थान हासिल किया है। पिता मेडिकल स्टोर चलकर घर का खर्च चलते हैं खाली समय में पिता के साथ व्यापार में हाथ बंटाना अच्छा लगता था। सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और विद्यालय के अनुशासन ने इस मुकाम पर पहुंचाया है उनका सपना इंजीनियर बनने का है। जे ई ई की परीक्षा दे चुके हैं।

संक्षेप

## साइबर फ्राड में पुलिस ने की कार्रवाई

**आजमगढ़।** निजामाबाद थाना की पुलिस ने साइबर फ्राड के 20 हजार रुपये वापस कराए हैं। मिट्ठनपुर हादी गांव निवासी विजय कुमार के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के खाते से दिसंबर 2025 में भूलवश 20 हजार रुपये आईसीआईसी बैंक के एक खाते में ट्रांसफर हो गए। पीड़ित ने संबंधित व्यक्ति से धनराशि वापस मांगी तो उसने देने से इंकार कर दिया। इस पर पीड़ित ने 1930 नंबर पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई थी। जांच के बाद पुलिस ने रुपये होल्ड कराए थे। विधिक कार्रवाई पूरी कर रुपये खाते में वापस कराए।

## चोरों ने घर में घुस लाखों का माल किया पार

**आजमगढ़।** बिलरियागंज थाना क्षेत्र के चांदपुर गांव में गुरुवार की रात चोरों ने घर खंगाल दिया। दो दिन बाद 25 अप्रैल को बेटी की तिलक के लिए परिवार में तैयारी चल रही थी। चोर एक लाख रुपये नगदी के साथ लाखों के जेवर, कीमती सामान समेटकर फरार हो गए। इसके साथ ही पास के दो और घरों में घटना को अंजाम दिया। बिलरियागंज थाना क्षेत्र के चांदपुर गांव निवासी जगदीश राम ने बताया कि उनकी बेटी की शादी तय है। 25 अप्रैल को तिलक लेकर जाना था। परिवार शादी की तैयारियों में जुटा था। घर में रिश्तेदारों के आने-जाने का माहौल था, लेकिन चोरों ने रात में उनकी सारी खुशियों पर पानी फेर दिया। छत के रास्ते चोर घर में घुस गए। इसके बाद बाक्स की कुंडी तोड़कर उसमें रखा सोने-चांदी के जेवर, कीमती कपड़े, साड़ियां और तिलक के लिए रखे एक लाख रुपये लेकर फरार हो गए। चोरों ने अनाज से भरे ड्रम को भी खंगाल डाला। इसके साथ ही जगदीश के सगे भाई श्रीनाथ के घर को भी निशाना बनाया। वहां से एक एंड्रायड मोबाइल फोन, 1500 नकदी, चांदी की एक अंगूठी और दो सेट मीना उठा ले गए। गांव के कमला राम के यहां भी चोरों ने हाथ साफ किया। यहां शादी में शामिल होने आई विवाहित बेटी के जेवरात चोर उठा ले गए। बेटी के चोरी हुए सामान में सोने-चांदी के जेवर थे। इसके साथ ही बहू के भी जेवर थे। परिवार के लोगों को घटना की जानकारी गुरुवार की सुबह हुई। परिजनों ने डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की।

## क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन

**आजमगढ़।** पुलिस लाइन में रिक्रूट महिला आरक्षियों के बीच चल रही दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन हुआ। रिक्रूट महिला आरक्षियों की टीम बीविजेता रही। सीओ सदर आस्था जायसवाल ने रिक्रूट महिला आरक्षी खिलाड़ियों को मेडल दिए। जनपद में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं रिक्रूट महिला आरक्षियों में 21 अप्रैल से दो दिवसीय राज्य क्रिकेट मैच प्रतियोगिता का आयोजन किया था। जिसमें ए, बी, सी और डी टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के प्रथम चरण में टीम ए व टीम बी के मध्य क्रिकेट प्रतियोगिता हुई, टीम बी विजेता रही। दूसरे मुकाबले में टीम सी और टीम डी के बीच हुआ, टीम डी विजेता रही। दोनों विजेता टीमें बी और डी के मध्य बुधवार की रात फाइनल मुकाबला हुआ। उत्कृष्ट प्रदर्शन कर टीम बी ने विजेता का खिताब अपने नाम किया। टीम बी की कप्तान आरक्षी सुरभि मौर्य रहीं. जबकि टीम डी उपविजेता रही, जिसकी कप्तान रिकू महिला आरक्षी सुजाता शुक्ला रहीं। प्रतियोगिता में शानदार बल्लेबाजी प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक रन बनाने पर सुरभि मौर्य को मैन ऑफ द सीरीज घोषित किया गया।

# प्रस्तावित विकास कार्यों को लेकर विस्तृत मंथन



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित विकास कार्यों को लेकर गुरुवार को विस्तृत मंथन किया गया। जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की मौजूदगी में हुई बैठक में करीब 274 करोड़ रुपये की परियोजनाओं पर सहमति जताई गई जिससे ब्रज क्षेत्र के धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है।

उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता प्रदेश के गन्ना मंत्री लक्ष्मी नारायण चैधरी ने की जबकि उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्रा विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक का संचालन सीईओ लक्ष्मी नागप्पन ने किया।

मंत्री लक्ष्मी नारायण चैधरी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बलदेव क्षेत्र में श्रद्धालुओं की बढती संख्या को देखते हुए विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाए। सीईओ लक्ष्मी नागप्पन ने बताया कि बलदेव क्षेत्र में यमुना के सैंतरी घाट एवं कंजौली घाट के निर्माण, सौंदर्यकरण तथा श्रद्धालुओं के लिए पंडाल, कुर्सी आदि की सुविधाओं के विकास हेतु प्रस्ताव शासन को भेजे जा रहे हैं।

इसके अतिरिक्त बलदेव में हनुमान तिराहे से मंदिर तक तथा अवैरनी चैराहे से मेला मैदान तक स्मार्ट रोड निर्माण का प्रस्ताव भी तैयार किया गया है। बैठक में यमुना एक्सप्रेसवे पर बलदेव के लिए इंटरचेंज निर्माण हेतु लगभग 13 करोड रुपये के प्रस्ताव की जानकारी भी दी गई। विधायक मेघश्याम सिंह ने गोवर्धन क्षेत्र से संबंधित कई मांगें रखीं। परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे विधायक के साथ अडींग स्थित जर्जर ऐतिहासिक किले के संरक्षण हेतु संयुक्त निरीक्षण करें। साथ ही मार्ग पर नए आरओबी (रेल ओवर ब्रिज) निर्माण के प्रस्ताव को भी जानकारी दी गई। बैठक में महापौर विनोद अग्रवाल, राज्यसभा सदस्य तेजवीर सिंह विधायक मेघश्याम सिंह, विधायक ओम प्रकाश सिंह, सांसद हेमा मालिनी के प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा के अलावा नगर आयुक्त जग प्रवेश सहित जिला के विभिन्न विभागों के अधिकारी बैठक में उपस्थित थे। परिषद के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी मदन चंद्र दुबे, उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी सतीश चंद्र, पर्यावरण सलाहकार मुकेश शर्मा समेत परिषद के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# सरकारी दमन के खिलाफ वाम पंथी मुखर

**जौनपुर।** वामपंथी दलों ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जन आंदोलनों पर सरकारी दमन को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में किसानों, मजदूरों और विपक्षी दलों व संगठनों की शांतिपूर्ण सभाओं, प्रदर्शनों तथा जुलूसों की अनुमति नहीं दी जा रही है। वाम दलों ने प्रशासन पर इस संबंध में भेदभावपूर्ण व्यवहार करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि भाजपा और कुछ सांप्रदायिक संगठनों को बिना अनुमति के कार्यक्रम आयोजित करने की छूट दी जाती है।हाल ही में नोएडा में वेतन वृद्धि, आठ घंटे के काम और अन्य कार्य दशाओं में सुधार की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे मजदूरों के साथ पुलिस ने अलोकतांत्रिक व्यवहार किया था। वाम दलों ने आरोप लगाया कि सरकार ने मजदूरों की जायज मांगों पर विचार करने के बजाय आंदोलन का दमन करने और उसे बदनाम करने का प्रयास किया। वाम दलों ने बताया कि नोएडा का यह आंदोलन शुरू से ही स्वतःस्फूर्त था, जो मजदूरों के जीवन की वास्तविक समस्याओं को उठा रहा था। उन्होंने सरकार से प्रदेश में जनता, विशेषकर मेहनतकशों के जनवादी संवैधानिक अधिकारों पर हो रहे हमलों को रोकने का अनुरोध किया है। वाम दलों की प्रमुख मांगों में राजनीतिक दलों और संगठनों द्वारा जनता की जायज मांगों को लेकर किए जाने वाले शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शनों को न रोकना और प्रशासन द्वारा भेदभावपूर्ण व्यवहार बंद करना शामिल है। उन्होंने यह भी मांग की है कि नोएडा और अन्य जगहों पर श्रमिकों के वेतन वृद्धि तथा श्रम कानून लागू करने की मांगों को लेकर चलाए जा रहे आंदोलनों पर दमन बंद कर उनकी जायज मांगों को पूरा किया जाए। वाम दलों ने नोएडा आंदोलन के दौरान गिरफ्तार मजदूरों, मजदूर नेताओं व सामाजिक कार्यकर्ताओं को तत्काल रिहा करने तथा उन पर कायम किए गए फर्जी केस वापस लेने की मांग की।उन्होंने पुलिस द्वारा प्रदेश के प्रत्येक जिले में जनसंगठनों और विपक्षी दलों के नेताओं और कार्यकताओं को बेवजह गिरफ्तार करने, हाउस अरेस्ट करने, उन पर शांति भंग का केस करने और फर्जी धाराओं में जेल भेजने की प्रथा को सख्ती से रोकने का भी अनुरोध किया। वाम दलों ने नोएडा मजदूर आंदोलन के संदर्भ में तत्काल सभी श्रमिक संगठनों और सरकार के बीच वार्ता कर मजदूरों की जायज मांगों पर विचार करने की भी मांग की है।

# आग से कार धू-धू कर जली



**जौनपुर।** डेढ़ महीने से खड़ी कार आग से जलकर बर्बाद हो गयी। संदिग्ध परिस्थितियों में कार में लगी आग से मची अफरा तफरी मच गयी।नगर के सीतापुर के आंख अस्पताल परिसर के बाहर डेढ़ महीने से खड़ी है कार देखते-देखते कार जलकर राख गयी। शहर कोतवाली क्षेत्र के उत्तरी वाजिदपुर का मामलास्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल परिसर इन दिनों अनौपचारिक पार्किंग स्थल बनता जा रहा है, जहां बाहरी लोग अपने वाहन खड़े कर देते हैं। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस घटना ने अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही और सुरक्षा इंतजामों की पोल खोल दी है। यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए, तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

## जान से मारने की धमकी 5 के खिलाफ रिपोर्ट

**जौनपुर।** गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के ग्राम निशान उदियासन नहर के पास एक महिला के इकलौते बेटे को जान से मारने की नीयत से घेरने और पुराने मुकदमे में सुलह न करने पर हत्या की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पांच नामजद अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। निशान गांव निवासी जमीला पत्नी रशीद ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनके पड़ोसी सनवर, मेंहदीहसन उर्फ मोनू, सद्दाम, चांद मोहम्मद पुत्रगण मुद्दी और सोहराब पुत्र रुस्तम काफी दबंग और सरकस किस्म के व्यक्ति हैं। पीड़िता के अनुसार, इन लोगों ने पहले भी उनके घर में घुसकर उनके और बच्चों के साथ मारपीट की थी, जिसके संबंध में बीते मार्च माह में थाना गौराबादशाहपुर में मुकदमा दर्ज हुआ था। आरोप है कि उसी रंजिश को लेकर बीते शनिवार सुबह करीब 8 बजे जब पीड़िता का इकलौता बेटा सन्नी उदियासन नहर के पास था, तो उपरोक्त आरोपियों ने उसे जान से मारने की नीयत से घेर लिया। किसी तरह अपनी जान बचाकर वह अपनी मां के पास पहुंचा। पीड़िता का कहना है कि आरोपी लगातार उन पर पुराने मुकदमे में सुलह करने का दबाव बना रहे हैं और धमकी दे रहे हैं कि यदि सुलह नहीं की तो उनके बेटे को जान से मार देंगे और उनकी संपत्ति छीन लेंगे। आरोपियों ने तहरीर देने पर उनकी बेटी के साथ भी अनहोनी की धमकी दी है। थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार यादव के निर्देश पर पुलिस ने सनवर, मेंहदीहसन, सद्दाम, चांद मोहम्मद और सोहराब के खिलाफ मामला पंजीकृत किया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक मुन्ना लाल शर्मा को सौंपी गई है।

## स्मार्ट मीटर लगाने के काम पर रोक : सांसद

**जौनपुर।** यूपी के जौनपुर में गुरुवार को राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने विभिन्न समसामयिक और राजनीतिक मुद्दों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए स्मार्ट मीटर को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब स्मार्ट मीटर लगाने का काम रोक दिया गया है और जनता को इस संबंध में चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।सांसद द्विवेदी ने कहा कि सरकार और संबंधित मंत्री ने निर्णय लेते हुए स्मार्ट मीटर की स्थापना पर फिलहाल रोक लगा दी है। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें, क्योंकि अब नए स्मार्ट मीटर नहीं लगाए जाएंगे।राजनीतिक मुद्दों पर बोलते हुए उन्होंने आल इंडिया त्रिमूल पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी को कानून, संविधान और लोकतंत्र पर विश्वास नहीं है और वह अपने हितों के अनुसार काम करती है। उन्होंने मान्यता को संविधान के दायरे में रहकर काम करने की सलाह दी और दावा किया कि पश्चिम बंगाल में आगामी समय में भाजपा की सरकार बन सकती है।वहीं के कांग्रेस सांसद द्वारा प्रधानमंत्री न पर की गई टिप्पणी की उन्होंने कड़ी निंदा की। द्विवेदी ने इसे राजनीतिक दिवालियापन बताते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री के लिए इस तरह की भाषा का इस्तेमाल बेहद शर्मनाक है और इसकी व्यापक स्तर पर आलोचना होनी चाहिए। नारी शक्ति अधिनियम के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि विधेयक पारित हो चुका है, लेकिन इसके क्रियान्वयन के लिए संवैधानिक प्रक्रियाएं आवश्यक हैं। उन्होंने बताया कि परिसीमन और जनगणना जैसी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद ही इसे प्रभावी रूप से लागू किया जा सकेगा। सांसद द्विवेदी के इन बयानों के बाद स्मार्ट मीटर और अन्य राजनीतिक मुद्दों को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

## सड़क टूटकर गड्ढे में तब्दील, राहगीर परेशान

**आजमगढ़।** सरायमीर थाना क्षेत्र के राजापुर सिकरौर-तोवा मार्ग की मरम्मत न होने से कुंवर नदी के दोनों तरफ लगभग पांच सौ मीटर सड़क टूटकर गड्ढे में तब्दील हो गई है। जिससे राहगीरों को आने-जाने में कठिनाई हो रही है। तोवा-राजापुर सिकरौर मुख्य मार्ग होने से लाहीडीह बाजार, नियाउज, शिवराजपुर, धन्नीपुर, गहनी आदि गांव के लोगों का आना-जाना रहता है। सरायमीर बाजार में लोग कारोबार और बाजर के लिए आते हैं। मजबूरी में लोगों को इसी मार्ग से आना-जाना पड़ता है। यह रास्ता तोवा से होकर मिजार्पुर ब्लाक सहित निजामाबाद, दुवार्सा धाम और फूलपुर को जोड़ता है।

## हादसे के बाद सवालों के घेरे में इंजिनियर व ठेकेदार

**मीरजापुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 135 के रीवा मार्ग स्थित ड्रमंडगंज घाटी में लगातार हो रहे सड़क हादसों ने अब सड़क निर्माण की गुणवत्ता और डिजाइन पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। गुरुवार को अधिवक्ताओं ने तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन कर घाटी की सड़क को नए सिरे से डिजाइन कराने की मांग उठाई। अधिवक्ताओं ने जॉइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आंदोलन तेज किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने कहा कि घाटी में बने फोरलेन मार्ग के मोड़ और ढलान तकनीकी मानकों के अनुरूप नहीं हैं। हाल ही में हुई 11 लोगों की मौत ने इस समस्या को और गंभीर बना दिया है। वकीलों ने मांग की कि सड़क के पूरे स्ट्रेच का उच्च स्तरीय तकनीकी ऑडिट कराया जाए। विशेषज्ञों की टीम द्वारा जांच के बाद जहां भी खामियां सामने आएं वहां आंशिक सुधार के बजाय पुनः डिजाइन कर निर्माण कराया जाए। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि बीते कुछ वर्षों में इस मार्ग पर लगातार हादसे हो रहे हैं लेकिन जिम्मेदार विभाग स्थायी समाधान के बजाय अस्थायी मरम्मत तक सीमित है। इससे दुर्घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। तहसील मुख्य द्वार पर हुए प्रदर्शन में अधिवक्ताओं ने नारेबाजी करते हुए प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया। इस दौरान उपरौध अधिवक्ता समिति के अध्यक्ष राजेंद्र मौर्य, अनिल मौर्य, धनेश्वर, विपिन तिवारी, श्यामधर पांडे, प्रभुनाथ दुबे, मनोज दुबे, कमलेश गौतम, उमाशंकर , अशोक मिश्रा, समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# आकाश सिम्स हॉस्पिटल में लगा निःशुल्क ईएनटी स्वास्थ्य शिविर



**मथुरा।** आकाश सिम्स हॉस्पिटल में नाक, कान एवं गलारोग से पीड़ित मरीजों के लिए एक निःशुल्क ई.एन.टी. हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। इस हेल्थ कैम्प में वरिष्ठ ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. हिमांशु जैन और डॉ. नीलम प्रजापति ने लगभग 50 से अधिक मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया। इसके साथ ही ओडियोमैट्री (आवाज की जाँच), रेडियोलॉजी एवं पैथोलॉजी जाँचों पर 30 प्रतिशत की छूट दी गयी। फ्री ईएनटी हेल्थ कैम्प में ज्यादातर कान से कम सुनना, कान में पानी की समस्या, नाक की हड्डी टेढ़ी होना, मुँह में छाला, गले में गाँठ, कान का फटा पर्दा और साइनस की समस्या के मरीज देखे गये। कैम्प में आये हुए उपस्थित लोगों ने आकाश सिम्स हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. गौरव भारद्वाज और डॉ. हिमांशु जैन एवं डॉ. नीलम प्रजापति का आभार व्यक्त किया।

## युवक ने लगाया फर्जी आरोपी बनाने का आरोप

**जौनपुर।** बक्शा थाना क्षेत्र के पुरातेजी गांव निवासी युवक ने खुद को फर्जी मुकदमे में फंसाए जाने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग की है।पीड़ित सुधांशु पुत्र वेदप्रकाश का कहना है कि जिस दिन उसे मामले में आरोपी बनाया गया, उस दिन वह जौनपुर में मौजूद ही नहीं था। वह अपने ट्रांसपोर्ट व्यवसाय के सिलसिले में महाराष्ट्र के देवलापार (श्रीनगर कन्याकुमारी हाईवे) गया हुआ था। उसके पास यात्रा से जुड़े कई ठोस साक्ष्य भी मौजूद हैं, जो यह साबित करते हैं कि घटना के दिन वह शहर से बाहर था। पीड़ित के अनुसार, गांव में आबादी की जमीन को लेकर कुछ लोगों के बीच विवाद चल रहा था, जिसमें उसका कोई लेना-देना नहीं है।

# टैक्स वसूली में लापरवाही पर गिरेगी गाज

- **जून तक टैक्स जमा करने वाले भवन स्वामियों को मिलेगी 20% की भारी छूट**



**फिरोजाबाद।** नगर आयुक्त प्रशांत नागर के निदेर्शानुसार गुरुवार को नगर निगम कार्यालय में कर विभाग की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न हुई। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026-27 की इस पहली बैठक में नगर आयुक्त ने स्पष्ट कर दिया कि राजस्व वसूली के लक्ष्यों को समय से पूरा करना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में सहायक नगर आयुक्त निहालचंद ने सभी राजस्व निरीक्षकों और कर संग्रहकर्ताओं के साथ वार्डवार बिल वितरण की प्रगति की समीक्षा की। नगर आयुक्त ने निर्देश दिया कि बिल वितरण की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए प्रत्येक कर संग्रहकर्ता को प्रतिदिन न्यूनतम 50 बिल अनिवार्य रूप से वितरित करने होंगे। इस कार्य की नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जाएगी टारगेट पूरा न करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम ने करदाताओं को बड़ी राहत देते हुए घोषणा की है कि यदि भवन स्वामी माह जून तक चालू वर्ष का गृहकर और जलकर जमा करते हैं, तो उन्हें कुल राशि पर 20% की विशेष छूट दी जाएगी। निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस समय सीमा के भीतर करों का भुगतान कर भारी बचत का लाभ उठाएं। राजस्व बढ़ाने के लिए निगम अब विशेष अभियान चलाने जा रहा है। शहर के सभी होटलों, बारात घरों, बार, शराब की दुकानों के साथ निजी हॉस्पिटल्स, क्लिनिक और पैथोलॉजी लैब का सघन सर्वे किया जाएगा। इन व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से लाइसेंस शुल्क की वसूली की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में मुख्य रूप से कर निर्धारण अधिकारी नीरज पटेल, कर अधीक्षक सुदेश यादव सहित सभी राजस्व निरीक्षक और कर संग्रहकर्ता उपस्थित रहे।

## नहर में पलटी कार युवक की मौत,मचा हड़कंप

**मीरजापुर।** लालगंज क्षेत्र के जयकर कला में बीते बुधवार की देर रात टोटो नहर में पलटने से एक युवक की हुई मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान दुबार कला के वैसान बस्ती निवासी 22 वर्षीय दीपक कोरी के रूप में हुई है। दीपक आर्केस्ट्रा पार्टी का संचालन करता था और किसी काम से वह क्षेत्र के जयकर कला गांव की तरफ जा रहा था जहां सिरसी नहर में टोटो पलटने से दीपक की मृत्यु हो गई। परिजनों ने गुरुवार को लालगंज थाने में तहरीर देकर सत्य की जाने का आरोप लगाया है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तहरीर के आधार पर जांच करने में जूट गई है।

लालगंज थाना क्षेत्र के दुबार कला गांव के वैसान बस्ती निवासी दीपक आर्केस्ट्रा पार्टी का संचालन करता है और आर्केस्ट्रा में छत्तीसगढ़ की लड़कियों द्वारा शादी विवाह में डांस कराता है । बताया जा रहा है कि बुधवार की देर रात किसी काम से वह दुबार से लगभग तीन किलोमीटर दूर जयकर गांव में टोटो से जाते समय टोटो पलट गई। दीपक टोटो को स्वयं चला रहा था और उस समय टोटो में अकेले मौजूद था। परिजनों द्वारा थाने में दी गई तहरीर में दीपक की हत्या किए जाने का आरोप लगाया गया है। तहरीर में उल्लेख किया गया है कि जयकर गांव में पहुंचने पर वह घर पर परिजनों से मोबाइल से बात किए थे, लेकिन तुरंत कुछ देर के बाद घर से दीपक की मोबाइल पर फोन किया गया तो बात नहीं हो पाई। इसके कुछ देर बाद मोबाइल पर दीपक के एक्सीडेंट की सूचना मिली। परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को भी घटना से अवगत कराया। दुबार कला पुलिस चौकी के प्रभारी समेत मौके पर पहुची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में भेज दिया। इस संबंध में लालगंज के प्रभारी निरीक्षक अभय कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों द्वारा तहरीर मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की की जाएगी।

## ठीक किया गया विद्युत प्रवाहित टूटा खंभा- तार



**जौनपुर।** नगर पंचायत जफराबाद के दरीबा वार्ड की सभासद सुलाबी देवी उनके प्रतिनिधि संजय राजभर ने विद्युत वितरण खण्ड-चतुर्थ के जिम्मेदार अधिकारियों पर लिखित रूप से अवगत कराने के बावजूद जफराबाद विद्युत प्रवाहित टूटे हुए खंभों व तारों को दुरूस्त न किये जाने का आरोप लगाया है। सभासद सुलाबी देवी द्वारा विद्युत विभाग के अधिकारियों पर घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए बताया कि पॉच माह पूर्व दरीबा वार्ड में रमेश राजभर एवं सूबेदार राजभर के घर के पास लगे विद्युत खम्भे जर्जर होने के कारण टूटकर गिर गये हैं, जिसमें विद्युत सप्लाई चालू है। उन्होंने बताया कि इसी खंभे से विद्युत उपभोक्ताओं के तार भी जुड़े हुए हैं और आगामी मई माह में शादी भी है जहां पर काफी लोग जुटेंगे। जफराबाद में लगने विद्युत कैम्प में कई बार अधिकारियों को उक्त प्रकरण के संदर्भ में बताया गया तथा उनके कहने पर ही विद्युत में जाकर बीते छः दिसम्बर को लिखित रूप से अवगत भी कराया गया परन्तु उनके द्वारा कोई कार्यवाही नही की गई है, जिससे प्रायः घटना की आशंका बनी रहती है। यदि इसे समय रहते विद्युत विभाग द्वारा ठीक नही कराया गया तो कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है।

## किशोरियों और महिलाओं को किया जागरूक



**जौनपुर।** सुरेरी क्षेत्र के सकरा गांव में गुरुवार को वेलस्पन फाउंडेशन फॉर हेल्थ एंड नालेज व मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान के सहयोग से रामपुर ब्लॉक के सकरा परमालपुर नोनरा भरथीपुर रघुनाथपुर ग्राम पंचायत में मास अवेयरनेस जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से गांव की महिलाओ और किशोरियों को जेंडर और वास सेनिटेशन के बारे में जागरूक किया गया इस दौरान भिन्न-भिन्न गांव की कुल दो हजार महिलाओं व किशोरियों को जागरूक की जिसमे सामाजिक कार्यकत्री जय देवी ने जागरूकता के दौरान उपस्थित महिलाओं को बताया की अगर गांव की महिलाए और किशोरियां जागरूक हो जाएंगी तो आने वाला जनरेशन भी जागरूक होगा और गांव की महिलाओ और किशोरियां अपने मुद्दे पर खुल बात करने में सक्षम होंगी तो हमारा गांव व जिला सेनिटेशन और हायजिंग से मुक्त जिला और गांव होंगा तो देश का विकास होंगा स इस दौरान अन्य सामाजिक कार्य कर्ती व ग्रामीण महिलाएं व किशोरी उपस्थिति रही।

# अजय यादव ने जिले का मान महाराष्ट्र में बढ़ाया : सपा

**जौनपुर।** विधानसभा क्षेत्र बदलापुर के ग्राम रमदेईया निवासी अजय यादव को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति से प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक अबु आसिम आजमी द्वारा समाजवादी महाराष्ट्र प्रदेश का पुनः उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। आज प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर प्रथम जनपद आगमन पर नगर के मंगलम लॉन मियांपुर में भव्य स्वागत सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि अजय यादव का जनपद की तरफ से जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य, पूर्व विधायक लालबहादुर यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजबहादुर यादव महासचिव आरिफ हबीब ने बुके देकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत अभिनंदन किया।तत्पश्चात उपस्थित सपाजनों ने क्रमवार माल्यार्पण कर स्वागत अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि स्वागत सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए नवमनोनित प्रदेश उपाध्यक्ष अजय यादव ने कहा कि आज आप द्वारा स्वागत सम्मान किया जाना मेरे लिए ऐतिहासिक और अविस्मरणीय पल है।आने वाले दिनों में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी महाराष्ट्र बड़ी भूमिका निभाएगाऔर उत्तर प्रदेश में पीडीए सरकार बनेगी।उत्तर प्रदेश में समाजवादी सरकार बनाने में महाराष्ट्र समाजवादी पार्टी कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष करेगी।शानदार, भव्य स्वागत अभिनंदन के लिए अजय यादव ने सभी का हृदय से आभार व्यक्त किया। जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य, पूर्व विधायक लालबहादुर यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजबहादुर यादव ने कहा कि जब भी जौनपुर के लोगों को महाराष्ट्र प्रदेश में किसी भी तरह की आवश्यकता पड़ी अजय यादव ने पूरी मदद करने का काम किया। संचालन जिला महासचिव आरिफ हबीब ने किया तथा कार्यक्रम आयोजक संदीप यादव, प्रदीप यादव अमरबहादुर यादव लंबू ने आभार व्यक्त किया।

## हादसे में 11 मौतें, विधायक की गैर हाजिरी पर सवाल

**मीरजापुर।** जनपद के ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के ड्रमंडगंज घाटी में हुए हृदयविदारक सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। बुधवार रात करीब 8 बजे मिजार्पुर-रीवा रोड स्थित ड्रमंडगंज घाटी में ट्रक और बोलेरो, कार की भीषण टक्कर में 11 लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में अधिकांश छानबे विधानसभा के जिगना क्षेत्र के बताए जा रहे हैं, जिससे इलाके में शोक की लहर व्याप्त है। हादसे के बाद छानवे विधानसभा क्षेत्र की विधायका रिंकी कोल की गैरमौजूदगी को लेकर सवाल उठने लगे हैं। आरोप है कि न तो वह घटनास्थल पर पहुंचीं और न ही मृतक परिवारों से मिलने गईं। बताया जा रहा है कि कुछ पीड़ित परिवार उनके आवास पर भी पहुंचे, लेकिन वहां भी उनसे मुलाकात नहीं हो सकी। इसी बीच गुरुवार को अपना दल एस की विधायक रिंकी कोल भाजपा कार्यालय पहुंचीं। जहां उन्होंने मिजार्पुर के प्रभारी मंत्री नंद गोपाल नंदी को उनके जन्मदिन पर बधाई देते हुए केक खिलाकर शुभकामनाएं दीं। इस घटनाक्रम के बाद स्थानीय लोगों और राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है। लोगों का कहना है कि इतने बड़े हादसे के बाद जनप्रतिनिधियों से संवेदनशीलता और पीड़ितों के प्रति सहानुभूति की अपेक्षा की जाती है लेकिन यहां प्राथमिकताएं कुछ और ही नजर आ रही हैं। हमारे उप्र के भाजपा मंत्री और उनकी सहयोगी दल के विधायक से क्या उम्मीद की जा सकती है। एक तरफ हमारे देश के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने इस हृदय विदारक घटना पर संवेदना व्यक्त कर रहे है। वहीं मीरजापुर के प्रभारी मंत्री नंद गोपाल नन्दी अपने जन्मदिन पर अष्टभुजा सर्किट हाउस में केक काटते हुए नजर आए।

## वकीलों ने डीएम से तहसीलदार की शिकायत

**जौनपुर।** कलेक्ट्रेट परिसर में गुरुवार को मछलीशहर तहसील के अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र से तहसीलदार रवि रंजन कश्यप और नायब तहसीलदार विवेक श्रीवास्तव के खिलाफ शिकायत की है। अधिवक्ताओं ने दोनों अधिकारियों पर भ्रष्टाचार और अनियमितताओं में लिप्त होने का आरोप लगाया है।अधिवक्ताओं का आरोप है कि तहसीलदार रवि रंजन कश्यप और नायब तहसीलदार विवेक श्रीवास्तव बिना पैसे लिए कोई काम नहीं करते। उनके अनुसार, बिना धन उगाही के किसी भी पत्रावली पर निर्णय नहीं लिया जाता और मोल-भाव किया जाता है। कई पत्रावलियां छह से आठ महीने तक आदेश के लिए लंबित रखी जाती हैं।शिकायत में यह भी कहा गया है कि ये अधिकारी न तो जनता दर्शन में बैठते हैं और न ही किसी प्रार्थना पत्र पर कार्रवाई करते हैं। छात्र-छात्राओं के आय, जाति और निवास प्रमाण पत्रों पर भी आख्या नहीं मांगी जा रही है, जिससे कई छात्रों की प्रमाण पत्र जमा करने की अंतिम तिथि निकल चुकी है और वे परेशान हैं। अधिवक्ताओं ने बताया कि हर न्यायालय में निजी मुंशी काम कर रहे हैं, जबकि शासन का सख्त आदेश है कि निजी कर्मचारियों को न्यायालयों से हटाया जाए। इसके अतिरिक्त, बिना किसी पूर्व सूचना के अधिवक्ताओं की मेज-कुर्सियां फेंककर तोड़ दी गईं और पंखे भी क्षतिग्रस्त कर दिए गए।तहसीलदार पर न्यायालय के पश्चिम में स्थित सार्वजनिक शौचालय को भी ताला लगवाकर बंद करवाने का आरोप है, जबकि यह जनता की सुविधा के लिए बनाया गया था। अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री की भ्रष्टाचार के खिलाफ श्जीरो टॉलरेंसश नीति का हवाला देते हुए कहा कि इन अधिकारियों के कारण शासन-प्रशासन की छवि खराब हो रही है।अधिवक्ता संघ ने जिलाधिकारी से अनुरोध किया है कि दोनों अधिकारियों का तत्काल स्थानांतरण किया जाए और भ्रष्टाचार की जांच किसी निष्पक्ष एजेंसी से कराई जाए, ताकि शासन और प्रशासन की छवि धूमिल न हो।

संक्षेप

## पंचायत निर्वाचक नामावली हेतु संशोधित सार्वजनिक सूचना जारी

**देवरिया।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) श्रीमती दिव्या मित्तल ने संशोधित सार्वजनिक सूचना जारी करते हुए जनपद में त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण की कार्यवाही निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार कराए जाने के निर्देश दिए हैं जारी सूचना के अनुसार मतदाताओं के डुप्लीकेशन एवं कम्प्यूटरीकरण की कार्यवाही 21 अप्रैल 2026 से 28 मई 2026 तक की जाएगी। इसके उपरांत मतदान केंद्र/स्थलों का क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डों की मैपिंग, मतदाता क्रमांकन, एसवीएन (रश्ठ) आवंटन, मतदाता सूची का डाउनलोड तथा फोटो प्रतियों का कार्य 29 मई 2026 से 09 जून 2026 तक संपादित किया जाएगा।निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 10 जून 2026 को जनसामान्य के लिए किया जाएगा।

# बुद्ध ईका कुशीनगर का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत

जिला संवाददाता



**कसया, कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में बुद्ध इंटरमीडिएट कालेज कुशीनगर का परिणाम शत प्रतिशत रहा। मेधावियों ने सफलता का परचम लहराते हुए अपनी मेधा का लोहा मनवाया है।

बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में पीयूष गुप्ता ने 93 प्रतिशत अंक हासिल कर जनपद कुशीनगर में 10 वाँ स्थान हासिल किया है। जबकि इंटर की बोर्ड परीक्षा में अमृत मणि त्रिपाठी ने 89.6 प्रतिशत अंक हासिल कर जनपद में नौवा स्थान हासिल किया है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य उमेश कुमार उपाध्याय ने बताया कि विद्यालय के छात्र और छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा शत प्रतिशत सफलता पाकर विद्यालय का नाम जनपद में रोशन किया है। प्रधानाध्यक श्री उपाध्याय और शिक्षकों ने विद्यालय के टॉपरों को मिष्ठान खिलाकर खुशी का इजहार किया और सभी सफल छात्र और छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की।

बोर्ड परीक्षा में सफल बच्चो को शिक्षक लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी, राजेश राय, उपेन्द्र प्रसाद, अमरजीत मिश्रा, अशोक चौरसिया, एनसीसी कैप्टन लेफ्टिनेंट वेद प्रकाश मिश्रा, शिवा नन्द दूबे, इत्तेफाक अहमद खान, हरिकेश सिंह, शैलेन्द्र सिंह सहित प्रबंध समिति ने बधाई दी है।

# एक दिन की जिलाधिकारी बनीं साक्षी दूबे



**देवरिया।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार महिला सशक्तिकरण एवं बालिकाओं में नेतृत्व क्षमता के विकास के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति फेज-5 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित ह्लएक दिन की जिलाधिकारीह्व कार्यक्रम ने बालिकाओं के उत्साह और आत्मविश्वास को नई दिशा दी।

इस विशेष कार्यक्रम के तहत चयनित छात्रा साक्षी दूबे को एक दिन के लिए जिलाधिकारी का दायित्व सौंपा गया। साक्षी ने जिलाधिकारी कार्यकक्ष में बैठकर प्रशासनिक कार्यप्रणाली को नजदीक से समझा और विभिन्न विभागों से जुड़े अधिकारियों के साथ संवाद स्थापित करते हुए उनके कार्यों की जानकारी प्राप्त की।इस दौरान उन्होंने जनहित से जुड़े विषयों पर भी जानकारी ली और प्रशासनिक निर्णय प्रक्रिया को समझने का प्रयास किया।

जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की गरिमामयी उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास तथा प्रशासनिक समझ विकसित करना है, जिससे वे भविष्य में समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय एवं सशक्त भूमिका निभा सकें।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि लगन, परिश्रम और दृढ़ संकल्प के साथ कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने छात्राओं को बड़े सपने देखने, चुनौतियों से न घबराने और निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं में प्रशासनिक कार्यों के प्रति जिज्ञासा और उत्साह स्पष्ट रूप से देखने को मिला। संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे बालिकाओं के सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## न्यायालयों व कार्यालयों का 1 मई से बदलेगा समय

**देवरिया।** जनपद न्यायाधीश श्री धनेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया है कि माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के निर्देश के अनुक्रम में सचिव, डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन, देवरिया का प्रस्ताव 17 अप्रैल को प्राप्त होने के उपरान्त 1 मई से 30 जून तक जनपद न्यायालय देवरिया के न्यायालयों व कार्यालयों में कार्य करने का समय निर्धारित किया गया है। न्यायालय का समय सुबह 7 से दोपहर 1 बजे तक होगा। इस दौरान आधे घण्टे का लंच सुबह 10.30 बजे से 11 बजे तक रहेगा। वहीं कार्यालय का समय सुबह 6.30 से दोपहर 1.30 बजे तक होगा। सुबह 10.30 से 11.30 बजे तक आधे घण्टे का लंच होगा। उन्होंने न्यायालयों एवं कार्यालयों में कार्यरत तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को निर्देश दिया कि आधे घंटे का लंच का समय इस प्रकार उपयोग किया जायेगा कि शासकीय काम बाधित नहीं हो। कर्मचारी किसी भी दशा में कार्यालय बंद कर लंच नहीं करेंगे।

## एक मई को बुद्ध जयंती समारोह में उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य आमंत्रित

**कुशीनगर।** भगवान बुद्ध की त्रिविध पावनी 2570 वीं जयंती कुशीनगर भिक्षु संघ द्वारा कुशीनगर में एक मई को आयोजित समारोह में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को आमंत्रित किया गया है। कुशीनगर भिक्षु संघ के सचिव भंते डॉ नन्द रतन और वासुदेव मौर्य सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग लखनऊ और भिक्षुओं संग उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य से लखनऊ में मिले और उन्हें बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित भव्य समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया और बताया कि बौद्धों के चार पवित्र तीर्थ स्थलों में कुशीनगर तथागत बुद्ध की महा परिनिर्वाण स्थली है। संघ ने उप मुख्यमंत्री से बुद्ध जयंती समारोह में शामिल होने का अनुरोध किया। इस दौरान भिक्षु तेजेंद्र, भिक्षु, शील रतन, भिक्षु संघदीप मौजूद रहे।

## कीटनाशक विक्रेताओं के लिए आईपीएमएस पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य, 26 अप्रैल अंतिम तिथि

**देवरिया।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया कि कीटनाशक दवाओं की बिक्री में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शासन के निर्देशानुसार जिले के सभी कीटनाशक विक्रेताओं का विभागीय आईपीएमएस (इंटीग्रेटेड पेस्टीसाइड मैनेजमेंट सिस्टम) पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है।उन्होंने बताया कि पूर्व में पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई थी, लेकिन अनेक विक्रेताओं द्वारा अभी तक पंजीकरण नहीं कराया गया है। जनपद में कुल 692 लाइसेंसधारी विक्रेताओं में से 365 विक्रेताओं ने बार-बार निर्देशों के बावजूद पंजीकरण नहीं कराया, जिसके कारण उनके लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं।

पंजीकरण की प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए 26 अप्रैल तक का अंतिम अवसर दिया गया है। सभी विक्रेता निर्धारित तिथि तक अपना पंजीकरण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कर लें। निर्धारित समय सीमा के उपरांत पंजीकरण न कराने वाले विक्रेताओं के लाइसेंस निरस्त किए जाने की कार्रवाई की जाएगी उन्होंने आगे बताया कि 26 अप्रैल के बाद विभागीय टीमों द्वारा जिले भर में औचक निरीक्षण किया जाएगा। बिना पंजीकरण अथवा निलंबित लाइसेंस के व्यापार करते पाए जाने पर संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध कीटनाशी अधिनियम, 1968 के प्रावधानों के अंतर्गत विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## दो झोपड़ियां जलकर राख

**भटनी (देवरिया)।** थाना क्षेत्र के ग्राम सभा पडौली में मंगलवार की देर रात विद्युत शार्ट सर्किट से भीषण आग लग गई, जिससे दो रिहायशी झोपड़ियां जलकर पूरी तरह राख हो गईं। आग की चपेट में आने से झोपड़ी में रखा लाखों रुपये का सामान नष्ट हो गया।घाँटी बाजार प्रतिनिधि के अनुसार, गांव निवासी रशीद अंसारी व साकिर अंसारी की झोपड़ी में अचानक शार्ट सर्किट के कारण आग लग गई।

देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और दोनों झोपड़ियों को अपने आगोश में ले लिया। जब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते, तब तक आग तेजी से फैल चुकी थी।घटना में दो मोटरसाइकिल, दो साइकिल, एक बकरी का बच्चा, कपड़े, राशन समेत गृहस्थी का पूरा सामान जलकर राख हो गया। आसपास के लोगों ने किसी तरह कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक सब कुछ नष्ट हो चुका था।घटना के बाद पीड़ित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है।

# बोर्ड परीक्षा में शत- प्रतिशत सफलता



**फतेहपुर।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, वीआईपी रोड ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा परिणामों में शत-प्रतिशत सफलता हासिल कर जिले में अपनी धाक बरकरार रखी। गुरुवार को घोषित परिणामों में हाईस्कूल के 443 और इंटरमीडिएट के 526 छात्र-छात्राओं ने कमाल कर दिखाया। इस उपलब्धि ने विद्यालय का दबदबा कायम रखा।इंटरमीडिएट में तन्मय पटेल ने 92% अंकों के साथ जिले में तीसरा स्थान हासिल किया।हाईस्कूल में अनमोल ने 96% अंकों से चौथा, अंकित ने 95.83% से पांचवां तथा अनुभव मिश्रा ने 95.33% से छठा स्थान प्राप्त किया। इन मेधावियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।विद्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में प्रधानाचार्य विक्रम बहादुर सिंह परिहार ने मेधावी छात्रों का मुंह मीठा कर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समस्त आचार्य-आचार्याएं उपस्थित रहीं। छात्रों में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। सफल छात्रों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय गुरुओं के मार्गदर्शन, निरंतर अभ्यास और अभिभावकों के सहयोग को दिया।प्रधानाचार्य ने कहा कि आगामी सत्र के लिए विषयों का गहन मूल्यांकन किया जाएगा ताकि शिक्षा की गुणवत्ता और बेहतर हो।अभिभावकों का सहयोग सराहनीय रहा, जिससे बच्चे तनावमुक्त परीक्षा दे सके। यह सफलता विद्यालय की अनुशासित शिक्षा प्रणाली का प्रमाण है।सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में छात्रों का रहा दबदबा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, वीआईपी रोड के हाईस्कूल व इंटर 526 का परिणाम शत-प्रतिशत। तन्मय पटेल (इंटर) 92% से जिला तीसरा। हाईस्कूल में अनमोल 96% चौथा अंकित 95.83% पांचवां अनुभव मिश्रा 95.33% छठाप्रधानाचार्य विक्रम बहादुर सिंह परिहार ने मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं।

# महिला आरक्षण विधेयक अधिकार या इंतजार की नई कहानी

जिला संवाददाता

देवरिया।देश में आधी आबादी महिला सशक्तिकरण को लेकर एक बार फिर बहस तेज हो गई है। हाल ही में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम को भाजपा सरकार ऐतिहासिक कदम बता रही है, लेकिन इसके लागू होने की शर्तें कई गंभीर सवाल खड़े करती हैं।

केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने इस विधेयक को बड़े प्रचार के साथ प्रस्तुत किया, जिसमें लोकसभा और विधानसभाओं में 33% सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करने का प्रावधान है। पहली नजर में यह महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल लगती है, लेकिन इसकी वास्तविकता इससे कहीं अधिक जटिल है। सबसे बड़ा प्रश्न इसके लागू होने के समय को लेकर है। इस कानून को तत्काल प्रभाव से लागू नहीं किया जाएगा, बल्कि इसे जनगणना और परिसीमन की प्रक्रिया से जोड़ दिया गया है। इसका सीधा अर्थ है कि महिलाओं को इस अधिकार के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या यह वास्तव में सशक्तिकरण है या केवल एक राजनीतिक घोषणा।

अगर हम इतिहास पर नजर डालें, तो भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं को नेतृत्व में आगे बढ़ाने का काम किया है। बिना आरक्षण के ही देश को इंदिरा गांधी जैसी प्रधानमंत्री और प्रतिभा पाटिल जैसी राष्ट्रपति मिली। यह दशार्ता है कि सशक्तिकरण केवल कानून से नही, बल्कि राजनीतिक इच्छाशक्ति से आता है।

इसी क्रम में उत्तर प्रदेश की पहली महिला मुख्यमंत्री सुचिता कृपलानी का नाम आता है, जिन्होंने प्रशासनिक क्षमता और जनसेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया। स्वतंत्रता संग्राम में सरोजिनी नायडू जैसी महिला नेताओं को कांग्रेस ने नेतृत्व में स्थान दिया,जो आज भी प्रेरणा का स्रोत है। वही मीरा कुमार का लोकसभा अध्यक्ष बनना यह साबित करता है कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस हमेशा से समावेशी और प्रगतिशील सोच की पक्षधर रही है।

इसके विपरित आज की केन्द्र की भाजपा सरकार महिला सशक्तिकरण को एक राजनीतिक नारे के रूप में इस्तेमाल कर रही है। अगर हम देवरिया और पूरे पूर्वांचल की बात करें, तो यहां की महिलाएं आज भी मूलभूत समास्याओं से जूझ रही है।

पूर्वांचल से देवरिया में इस विधेयक का महत्व और बढ़ जाता है। यहां की महिलाएं लंबे समय से शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी बुनियादी समस्याओं से जूझ रही हैं। अगर यह आरक्षण समय पर लागू होता है, तो स्थानीय स्तर पर उनकी आवाज को मजबूती मिल सकती है। लेकिन अगर इसे वर्षों तक टाल दिया गया, तो यह केवल एक अधूरा सपना बनकर रह जाएगा।इसके अलावा, सामाजिक न्याय के दृष्टिकोण से भी कई सवाल खड़े होते है।

अंत में, यह कहना उचित होगा कि महिला आरक्षण विधेयक एक सकारात्मक पहल है, लेकिन इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि इसे कितनी ईमानदारी और तत्परता से लागू किया जाता है।महिलाओं को अधिकार देना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी है उसे समय पर और प्रभावी ढंग से लागू करना।

## बांके बिहारी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

**फतेहपुर।** शहर के बांके बिहारी मंदिर परिसर में गुरुवार को प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का अंतिम दिन अत्यंत भव्यता के साथ संपन्न मुरादाबाद के कमिश्नर अन्जनेय कुमार औरजिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की गरिमामयी उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान बांके बिहारी जी एवं राधा रानी की प्राण प्रतिष्ठा विधि-विधान से पूरी हुई। मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा, जहां हजारों श्रद्धालु एकत्रित होकर उत्साह से भरपूर नजर आए।कमिश्नर और डीएम ने संयुक्त रूप से पौधारोपण भी किया, जो पर्यावरण संरक्षण का प्रेरणादायक संदेश बना। मंदिर समिति ने दोनों अधिकारियों का स्वागत प्रतीक चिन्ह और प्रसाद भेंट कर किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य व जनसेवा के लिए प्रभु से प्रार्थना की। बांके बिहारी सेवा समिति के मुख्य सेवादार प्रदीप गर्ग ने सभी अतिथियों को सम्मान पत्र और प्रसाद देकर सम्मानित किया।

उन्होंने आयोजन को सफल बनाने वाले सभी सेवादारों का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम का क्लाइमेक्स विशाल भंडारा रहा, जिसमें शहर व आसपास के क्षेत्रों से उमड़े जनसैलाब ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर खागा विधायक कृष्णा पासवान, विश्व हिंदू परिषद के जिला कार्यकारी अध्यक्ष अनिल सिंह गौतम सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अभिनव यादव, अमित शरण, बॉबी, अभय गुप्ता, बबलू, सिद्धांत गुप्ता, बबलू सोनी, अमित सोनी, सत्य भगवान, अशोक यादव, राहुल सोनी, तरुण पुरवार, मनीषा, शालिनी, खुशी सैनी, कविता रस्तोगी, रविंद्र सिंह, रिंकू सरदार, सूर्यकांत, आशीष दीक्षित एवं अन्य सेवादारों का योगदान सराहनीय रहा।यह आयोजन भक्ति, श्रद्धा और सामाजिक एकता का अनुपम उदाहरण बन गया। प्रदीप गर्ग ने कहा कि मंदिर अब भक्तों का प्रमुख धार्मिक केंद्र बनेगा और सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाएगा।

# विश्व पृथ्वी दिवस पर संगोष्ठी कर लिया गया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प



**कुशीनगर।** विश्व पृथ्वी दिवस पर निर्वाण सेवा संस्थान, कुशीनगर द्वारा संगोष्ठी और पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया।नगरपालिका परिषद कुशीनगर अंतर्गत छत्रपति शिवा जी इंटर कालेज, बनवारी टोला में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक ध्रुव सिंह पटेल ने कहा कि वैश्विक तापक्रम वृद्धि और प्राकृतिक संसाधनों के क्षय जैसे मुद्दों की ओर ध्यान आकर्षित करता है।

विश्व पृथ्वी दिवस के माध्यम से मानव अस्तित्व के लिए पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला गया है। सामाजिक कार्यकर्ता संजय सिंह ने कहा कि पृथ्वी पर महासागर और भूमि असंख्य जीवों का घर हैं। हमें इस पृथ्वी को बचाने के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करना होगा।

जिससे पर्यावरण संरक्षित और प्रदूषण मुक्त होगा। विद्यालय के प्रभारी अभिनव कुशवाहा ने बढ़ते प्रदूषण पर चिंता व्यक्त करते हुए जागरूकता अभियान पर जोर दिया। आयोजक संस्था के कार्यक्रम समन्वयक हृदया नन्द शर्मा ने कहा कि संस्थान के प्रबंधक और मुंबई हाईकोर्ट के अधिवक्ता विजेंद्र कुमार राय के निर्देशन में संस्था द्वारा राष्ट्र हित में शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा और सामुदायिक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इस दौरान उपस्थित सभी को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

## बसपा के जिला बैठक संगठन पर जोर

फतेहपुर। बहुजन समाज पार्टी बसपा ने गुरुवार को जिला स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर संगठन की मजबूती पर विशेष जोर दिया। ए.एस. मैरिज लॉन, हाईटेक सिटी जी.टी. रोड बाईपास पर हुई इस बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष वीर प्रकाश लोधी एडवोकेट ने की। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने शिरकत की और संगठन की विस्तृत समीक्षा करते हुए कार्यकताओं को दिशा-निर्देश दिए।प्रदेश अध्यक्ष ने राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बहन कुमारी मायावती के निर्देशों से सभी को अवगत कराया। उन्होंने बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने पर बल देते हुए कहा कि पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ता घर-घर जाएं। पार्टी पदाधिकारियों को जिला स्तर पर सक्रियता बढ़ाने है।

# गुण्डा घोषित कर डीएम ने चार को 6 माह के लिए किया जिला बदर

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर द्वारा उत्तर प्रदेश गुण्डा नियंत्रण अधिनियम, 1970 के तहत सख्त कार्रवाई करते हुए जनपद के चार व्यक्तियों को 6 माह की अवधि के लिए जिला बदर (निष्कासन) करने का आदेश जारी किया गया है।

जारी आदेश के अनुसार, विस्तृत विवेचना के आधार पर अपराधी व्यक्तियों को अधिनियम की धारा 3 (3) के अंतर्गत गुण्डा घोषित करते हुए जनपद कुशीनगर की सीमा से 6 माह के लिए निष्कासित किया गया है, जिसमे वीरेन्द्र यादव पुत्र सुरेन्द्र यादव, निवासी अमवा टोला बसहिया, थाना रामकोला, राजन उर्फ राजन भारती पुत्र विनोद प्रसाद, निवासी पगरा पड़री, थाना पटहेरवा, राजन चौरसिया पुत्र रमाशंकर चौरसिया, निवासी कटाई भरपुरवा, थाना जटहां बाजार और गोलू तिवारी उर्फ नितीश तिवारी पुत्र इन्द्रजीत तिवारी उर्फ पप्पू तिवारी, निवासी कनखोरिया, थाना कसया शामिल है। जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि निष्कासन अवधि के दौरान संबंधित व्यक्ति जनपद की सीमा के बाहर जहां भी रात्रि विश्राम करेंगे, उसकी सूचना संबंधित थानाध्यक्ष को देना अनिवार्य होगा। साथ ही, बिना न्यायालय की अनुमति के जनपद की सीमा में प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। हालांकि, यदि किसी विशिष्ट न्यायिक आदेश के अनुपालन हेतु संबंधित व्यक्ति को जनपद के किसी न्यायालय में उपस्थित होना आवश्यक होगा, तो इसके लिए धारा 4 के अंतर्गत अलग से अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं होगी। जिलाधिकारी ने आदेश की प्रति संबंधित थानाध्यक्षों एवं पुलिस अधीक्षक कुशीनगर को भेजते हुए निर्देशित किया है कि आदेश का विधिवत तामिला कराते हुए अनुपालन आख्या न्यायालय को प्रेषित की जाए। यह आदेश तामिला की तिथि से प्रभावी माना जाएगा।

# कुशीनगर में एमएलसी ध्रुव कुमार त्रिपाठी का अपमान, प्रशासन कटघरे में

जिला संवाददाता



**कुशीनगर।** जनपद में सरकारी प्रोटोकॉल की अनदेखी का सनसनीखेज मामला खूब चर्चा में है जिसकी गूंज अब लखनऊ तक सुनाई देने की संभावना है। सबब यह है कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य व प्रश्न एवं संदर्भ समिति के अध्यक्ष ध्रुव कुमार त्रिपाठी के सरकारी दौरे के

● मुद्दा सदन तक गूंजने के आसार

दौरान बुधवार को जो कुछ भी हुआ, उसने जिला प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़ा कर दिया हैं। चर्चा - ए-सरेआम है कि एमएलसी ध्रुव कुमार त्रिपाठी जैसे ही कुशीनगर की सीमा में दाखिल हुए, वैसे ही प्रोटोकॉल की धज्जियां उड़ती नजर आईं, न कोई वरिष्ठ अधिकारी स्वागत के लिए मौजूद थे, न ही वह औपचारिक सम्मान दिया गया, जो नियमों के तहत अनिवार्य है। लापरवाही यहीं नहीं थमी, बताया जाता है कि रात्रि विश्राम के दौरान भी व्यवस्थाएं अस्त-व्यस्त रहीं, जिसके वजह से सभापति की नाराजगी और गहरी हो गई।सूत्रो के मुताबिक इस पूरे घटनाक्रम से क्षुब्ध एमएलसी ने कई अधिकारियों के व्यवहार को दुर्व्यवहार की श्रेणी में रखते हुए कड़ी आपत्ति जताई।हालात इतने बिगड़ गये कि उन्होंने कुछ अधिकारियों से औपचारिक शिष्टाचार तक निभाने से इनकार कर दिया। यह संकेत साफ है कि मामला अब सिर्फ प्रोटोकॉल तक सीमित नहीं रह गया, बल्कि सम्मान और जिम्मेदारो की जवाबदेही तय करने का बन चुका है।दिलचस्प बात यह है कि तीखी नाराजगी के बावजूद एमएलसी ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने विकास भवन में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान कई योजनाओं की धीमी प्रगति पर भी सवाल उठाए गए, लेकिन असली चर्चा प्रोटोकॉल की चूक को लेकर ही केंद्रित रही। अधिकारियों के पास जवाब कम और सफाई ज्यादा नजर आई। अब राजनीतिक हलकों में यह मामला तेजी से गर्म हो रहा है। चूंकि श्री त्रिपाठी स्वयं प्रश्न एवं संदर्भ समिति के अध्यक्ष हैं, ऐसे में इस प्रकरण को विधान परिषद में उठाए जाने की संभावना प्रबल मानी जा रही है। यदि ऐसा हुआ, तो कुशीनगर प्रशासन को न केवल जवाब देना होगा बल्कि संभावित कार्रवाई का सामना भी करना पड़ सकता है। ऐसे में प्रशासन की इस लापरवाही ने कई बुनियादी सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या जिले में प्रोटोकॉल सिर्फ कागजों तक सीमित है? क्या अधिकारियों की जवाबदेही खत्म होती जा रही है? और सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब एक संवैधानिक पद पर बैठे जनप्रतिनिधि के साथ ऐसा हो सकता है, तो आम जनता के साथ कैसा व्यवहार होता होगा?

### जानकार बोले

विशेषज्ञों का कहना है कि चूकि ध्रुव कुमार त्रिपाठी शिक्षक एमएलसी व प्रश्न एंव सन्दर्भ समिति के सभापति है इसलिए प्रोटोकॉल के अनुसार उनकी प्रारम्भिक स्वागत की जिम्मेदारी डीआईओएस व एडीएम की होती है किन्तु सभापति के स्वागत और अगुवाई के समय डीआईओएस व एडीएम दोनो अधिकारी नदारत रहे यहां तक कि रात्रि विश्राम के दौरान किसी अधिकारी ने व्यवस्था नही देखी।

### डीआईओएस को लगायी फटकार

सूत्रो की माने तो प्रश्न एंव सन्दर्भ समिति के सभापति ध्रुव कुमार त्रिपाठी की नाराजगी उस समय जगजाहिर हो गयी जब समीक्षा बैठक मे उन्होने डीआईओएस श्रवण कुमार गुप्त से 31 मार्च तक सेवानिवृत्त हुए शिक्षको की पुरी जानकारी मांगी और डीआईओएस, सभापति के सवालो का जबाब देने के बजाय निरुत्तर होकर अगल-बगल झाकने लगे। इसके बाद सभापति ने एक के बाद एक करके कई सवाल दागे लेकिन डीआईओएस के पास उनके सवाल का कोई जबाब नही था। नतीजतन प्रोटोकॉल की उडाई गयी धज्जियाँ से नाराज सभापति ने डीआईओएस श्रवण कुमार गुप्त को जमकर फटकार लगायी। इसको लेकर प्रशासनिक गलियारों मे चचाओं का बाजार गरम रहा।

## दोबारा अतिक्रमण पर होगी कार्यवाही

बांदा। नगर मजिस्ट्रेट संदीप केला ने शहर में व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। महेश्वरी देवी चैराहे से लेकर चैक बाजार तक प्रशासन की टीम ने दल-बल के साथ कार्रवाई की। इससे दुकानदारों और ठेला-फेरी लगाने वालों में हड़कंप मच गया। जैसे ही अभियान शुरू हुआ, कई लोगों ने आनन-फानन में अपना सामान समेटना शुरू कर दिया, जबकि कुछ स्थानों पर प्रशासन को सख्ती भी करनी पड़ी। अभियान के दौरान महेश्वरी देवी चैराहा, प्रकाश टॉकीज, कोतवाली क्षेत्र, शंकर गुरु चैराहा, चैक बाजार, सब्जी मंडी और छावनी चैराहा तक सड़क और पटरी पर किए गए अतिक्रमण को हटवाया गया। खासतौर पर नालों के ऊपर रखे गए अस्थायी ढांचे, तख्त, टीनशेड और अन्य सामान को भी हटाया गया। इससे जल निकासी व्यवस्था बाधित हो रही थी। प्रशासन ने मौके पर मौजूद लोगों को स्पष्ट रूप से चेतावनी दी कि यदि भविष्य में दोबारकी जाएगी। नगर मजिस्ट्रेट संदीप केला ने बताया कि शहर के मुख्य बाजारों में अतिक्रमण के कारण आए दिन जाम की समस्या उत्पन्न होती है।

## डीएम का हरित संदेश

**फतेहपुर।** बाकें बिहारी मंदिर परिसर में गुरुवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने पर्यावरण संरक्षण और धार्मिक आस्था के अनूठे संगम का उदाहरण प्रस्तुत किया। मंदिर पहुंची जिलाधिकारी ने सबसे पहले भगवान बाकें बिहारी का पूजा-अर्चना की और उसके बाद परिसर में एक बरगद के पौधे का वृक्षारोपण किया। इस दौरान उन्होंने मछलियों को चारा भीखिलाकर जीव-जंतुओं के प्रति अपनी संवेदनशीलता का परिचय दिया।यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया थाजिलाधिकारी ने बताया कि बरगद का वृक्ष अपनी विशाल छाया और ऑक्सीजन उत्पादन के कारण पर्यावरण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। मंदिर परिसर में इसकी रोपाई से न केवल धार्मिक स्थल की सुंदरता बढ़ेगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरा-भरा वातावरण भी सुनिश्चित होगा। मछलियों को चारा खिलाने के माध्यम से उन्होंने जलजीवों की रक्षा पर बल देते हुए कहा कि प्रकृति के हर प्राणी का संरक्षण हमारा नैतिक कर्तव्य है कार्यक्रम में तहसीलदार सदर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका फतेहपुर सहित मंदिर समिति के सदस्य व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभिन्न धार्मिक व सार्वजनिक स्थलों पर वृक्षारोपण अभियान को गति दी जाए तथा नियमित रूप से पौधों की देखभाल सुनिश्चित की जाए। इस पहल से स्थानीय लोगों में पर्यावरण रक्षा के प्रति उत्साह जागा है।बाकें बिहारी मंदिर परिसर में किया वृक्षारोपण, मछलियों को खिलाया चाराफतेहपुर।

बाकें बिहारी मंदिर परिसर में गुरुवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने पर्यावरण संरक्षण और धार्मिक आस्था का अनूठा संगम रचा। मंदिर पहुंचीजिलाधिकारी ने भगवान बाकें बिहारी की पूजा-अर्चना के बाद परिसर में बरगद के पौधे का वृक्षारोपण किया। इसके उपरांत उन्होंने मछलियों को चारा भी खिलाया।जिलाधिकारी ने कहा कि बरगद वृक्ष पर्यावरण के लिए वरदान है।

इसकी रोपाई से मंदिर परिसर हरा-भरा होगा। मछलियों को चारा देकर उन्होंने जीव संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर तहसीलदार सदर, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने सभी को वृक्षारोपण अभियान चलाने के निर्देश दिए।

# अर्थव्यवस्था की नाकेबंदी

अमेरिका, इजराइल और ईरान की जंग में वैश्विक अर्थव्यवस्था की नाकेबंदी हो गयी है। व्यापारिक नौवहन के प्रमुख मार्ग होर्मुज स्ट्रेट को पहले ईरान ने हथियार की तरह इस्तेमाल किया और अब अमरीका भी इसमें कूद गया है। कुल मिलाकर होर्मुज की नाकेबंदी में वैश्विक अर्थव्यवस्था के समझ बड़ा खतरा उत्पन्न हो गया है। हालांकि इस युद्ध में अमरीका को भी सबक मिला है और ईरान भी युद्ध शायद ही चाहता हो, लेकिन अगर जल्द ही युद्धविराम पर कोई उपयुक्त समझौता नहीं हुआ, तो दुनिया महंगाई और मंदी की गिरफ्त में फंस सकती है। बहरहाल अमेरिका द्वारा अप्रत्याशित रूप से होर्मुज स्ट्रेट की नाकाबंदी करने के निर्णय के बाद भविष्य की राह अनिश्चित नजर आ रही है। जब दुनिया की सबसे शक्तिशाली नौ सेना वैध समुद्री सीमाओं के करीब खाड़ी की सीमाओं से काफी दूर, ईरानी पोतों का पीछा कर रही है तो इस गतिरोध को दूर कर पाना मुश्किल नजर आ रहा है। ईरान ने भी अमेरिका की बंदी की प्रतिक्रिया में होर्मुज स्ट्रेट को एक बार खोलकर दोबारा बंद कर दिया है। ऐसे में राजनीतिक और आर्थिक हालात दो सप्ताह पहले युद्ध विराम के शुरूआती समय की तुलना में कहीं अधिक बिगड़ चुके हैं। यह स्पष्ट होता जा रहा है कि अमेरिका को गतिरोध दूर करने के लिए एक उपयुक्त हल तलाश करना होगा। युद्ध विराम की अवधि बढ़ा कर लेकिन होर्मुज स्ट्रेट की नाकाबंदी करके अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ईरानी सत्ता प्रतिष्ठान में कथित मतभेद पर दांव लगा रहे हैं ताकि ईरान के वार्ताकारों को बात चीत के लिए दोबारा राजी किया जाये। हालांकि अब तक इस कदम के पीछे का तर्क समझ से परे है। यदि, जैसा कि रिपोर्ट किया गया है, शक्तिशाली इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) सक्रिय रूप से राजनीतिक नेताओं को दरकिनार कर रही है, तो साझा आधार खोज पाना कठिन है। अपनी




प्रकृति से ही ईरान की सर्वोच्च शासकीय एजेंसी होने के कारण, आईआरजीसी राजनीतिक नेतृत्व की तुलना में कहीं अधिक कठोर होगी और अमेरिका की चुनौतीपूर्ण शर्तों यानी यूरेनियम संवर्धन पर रोक और हमास व हिज्बुल्लाह जैसे सहयोगी समूहों के हथियारविहीन होने को स्वीकार करने में अनिच्छुक रहेगी। इसलिए बहुत कुछ लेबनान और इजरायल के बीच अमेरिका-प्रायोजित शांति वार्ताओं पर निर्भर करता है। इसके अलावा, अमेरिकी नाकाबंदी ईरान की निर्यात आय और खाद्य पदार्थ, अनाज तथा दवाइयों जैसे आवश्यक आयातों को निस्संदेह सीमित करेगी, जिससे उसके लोगों का कष्ट बढ़ेगा। वास्तव में, संघर्ष शुरू होने के बाद भी देश ने अपना तेल निर्यात जारी रखा और ऊंची कीमतों का लाभ उठाया। होर्मुज स्ट्रेट से पारगमन शुल्क लगाने के साथ-साथ, ईरान ने एक तरह का बफर तैयार कर लिया है। मार्च में, उसने पिछले डेढ़ वर्ष में अपनी पांचवीं सबसे ऊंची आय दर्ज की। इसके अलावा, दशकों से बढ़ती पाबंदियों ने ईरानी जनता को कठिनाइयों के प्रति अभ्यस्त बना दिया है। इस स्थिति में, एक और नाकाबंदी झेलना उनके लिए बहुत कठिन नहीं होना चाहिए। इतना कष्ट झेलने के बाद, ईरानी शायद इस समय पीछे हटने के लिए तैयार न हों। इस बीच, दुनिया ईंधन की कमी के कारण विनाशकारी आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों से जूझ रही है। तेल की कीमतें, जो युद्ध विराम की घोषणा के समय कुछ हद तक स्थिर हुई थीं, फिर से बढ़ गईं जब अमेरिकी नौ सेना ने एक ईरानी झंडे वाले मालवाहक जहाज को जब्त कर लिया। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने पहले ही 2026 की आर्थिक वृद्धि का अनुमान 3.3 फीसदी से घटाकर 3.1 फीसदी कर दिया है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए यह आकलन भी आशावादी प्रतीत होता है। लेकिन आर्थिक प्रगति से भी बड़ी समस्या यह है कि अगर ऊर्जा आपूर्ति के मार्ग बाधित रहेंगे, तो भारत जैसे देश में तेल, गैस के साथ उर्वरक संकट भी पैदा हो सकता है। इसलिए सरकार को वैकल्पिक उपाय या प्लान-बी पर भी काम करना चाहिए।

### विचार

कोई भी व्यक्तिजब तक किसी वस्तुके लिए श्रम नहीं करेगा , तब तक वह वस्तु उसे प्राप्त नहीं हो सकती।

– गारफील्ड.

जो व्यक्ति को कुचले, वह अत्याचारी है। चाहे उसका नाम कुछ भी क्यों न रख दिया जाये।

– गिल.

जो संपूर्ण प्राणियों को शांत रखने का प्रयत्न करता है। सर्वदा सत्य व्यवहार करता है।कोमल व्यवहार होकर सबका सम्मान करता है, सर्वदा शुद्ध भावसे रहताहै, वह कुल में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है।

– महात्मा विदुर.

जो व्यक्ति निरुत्साहित, दीन और शोकाकुल रहता है, उसके सभी काम बिगड़ जाते हैं औरवह बड़े संकट में पड़ जाता है।

– महर्षि बाल्मीकि.

श्रद्धा का अर्थ है आत्मविश्वास और आत्मविश्वास का अर्थ है ईश्वर पर विश्वास।

– महात्मा गांधी.

# नागरिकों का संवैधानिक हक न हो बाधित

**नरेंद्र शर्मा**

> भारत के लोकतंत्र की मजबूती का आधार ही यही है कि प्रत्येक 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के वैध नागरिक को मतदान का अधिकार है। लेकिन वैध नागरिक ही अगर मतदान से वंचित हो जायेंगे, तो हमारा लोकतंत्र कैसे मजबूत होगा। इस तथ्य को हल्के में नहीं लिया जा सकता।

भारत के संविधान की मूल पांडुलिपि पर चित्रण नंदलाल बोस ने किया था। उनके 88-वर्षीय पोते सुप्रबुद्धा सेन का नाम एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) के दौरान मतदाता सूची से हटा दिया गया था। साथ ही सेन की 82-वर्षीय पत्नी दीपा सेन व केयरटेकर चक्रधर नायक का नाम भी मतदाता सूची से काट दिया गया था। यह तीनों उन 34 लाख लोगों में शामिल थे, जिन्होंने सुप्रीम कोर्ट के आदेश द्वारा पश्चिम बंगाल में स्थापित ट्रिब्यूनलों में अर्जी लगायी थी कि वह भारत के वैध मतदाता हैं, उनका मतदाता सूची से नाम हटाया जाना गलत है। इसलिए उनका नाम फिर से मतदाता सूची में जोड़ा जाये। गौरतलब है कि एसआईआर में पश्चिम बंगाल के 7.6 करोड़ मतदाताओं को घटाकर 6.82 करोड़ कर दिया गया है। लेकिन ट्रिब्यूनलों ने 34 लाख अर्जियों में से मात्र 139 वोटर्स को ही क्लियर किया है, जिनमें सेन, उनकी पत्नी व केयरटेकर भी शामिल हैं। क्लीयरेंस के बावजूद सेन अपनी बीमारी की वजह से 23 अप्रैल 2026 को पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के दौरान विश्व भारती स्टाफ क्लब, शांति निकेतन में मतदान न कर सके। ट्रिब्यूनलों ने 510 अपीलों को इस आधार पर ठुकराया कि अर्जियां गलत तरीक से भरी गई थीं और प्रार्थियों को मतदाता बनने के लिए फॉर्म 6 भरना होगा।

बहरहाल, 34 लाख अपीलों में से ट्रिब्यूनलों ने अभी तक सिर्फ 147 पर ही अपना निर्णय सुनाया है, जिनमें से 139 को मतदान करने का अधिकार दिया गया है, जबकि शेष 8 को डिलीट कर दिया गया है और वह पुनःमतदाता बनने के लिए फॉर्म 6 भी नहीं भर सकते, उन्हें कलकत्ता हाईकोर्ट की शरण लेनी होगी। यह लोकतंत्र का मजाक नहीं तो और क्या है कि 34 लाख अर्जियों में से सिर्फ 147 पर फैसला लिया जाता है और वह भी मतदान से केवल एक दिन पहले? यह तो लोकतंत्र को ही बर्बाद करने वाली स्थिति प्रतीत होती है। एक तो बहुत कम समय देकर जल्दबाजी में एसआईआर करायी गयी, जिससे अपर्याप्त ट्रेनिंग प्राप्त बीएलओ पर जबरदस्त मानसिक व शारीरिक दबाव पड़ा कि अनेक हृदय




रोगी हो गये और कई ने आत्महत्या तक की। इस लचर व्यवस्था के कारण स्तरीय एसआईआर का होना संभव ही नहीं था और मनमाने ढंग से लाखों वैध मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से गायब करना भी गलत है। नतीजतन विरोध-प्रदर्शन भी हुए और अदालतों को भी हस्तक्षेप करना पड़ा।

### एसआईआर प्रक्रिया

शिकायतों को दूर करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने ट्रिब्यूनल स्थापित करने का आदेश दिया, लेकिन उसका भी नतीजा आपके सामने है।

अतः यह आश्चर्य नहीं है कि 22 अप्रैल 2026 को कानूनी चुनौतियां तीव्र हो गईं। कलकत्ता हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई कि 19 ट्रिब्यूनलों के कामकाज में हस्तक्षेप किया जाये और यह सार्वजनिक किया जाये कि उनकी मानक कार्य प्रक्रिया क्या है? जिसे हाईकोर्ट के तीन न्यायाधीशों के पैनल ने तैयार किया था। लेकिन कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल के नेतृत्व वाली खंडपीठ ने यह कहते हुए जनहित याचिका सुनने से इंकार कर दिया कि ट्रिब्यूनलों की स्थापना सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर की गई थी, इसलिए याचिकाकर्ताओं को सुप्रीम कोर्ट में ही दस्तक देनी चाहिए। बहरहाल, 22 अप्रैल 2026 को जो डाटा जारी हुआ है, उससे मालूम होता है कि एसआईआर के तहत मतदाता सूचियों से नाम हटाये जाने का मुद्दा कितना गंभीर है। मसलन, न्यायिक समीक्षा के बाद मुर्शिदाबाद में 74,775 मतदाताओं के नाम हटाये गये और एसआईआर के विभिन्न चरणों में यह संख्या 91,712 थी। लेकिन ट्रिब्यूनल ने इनमें से सिर्फ एक प्रार्थी, धुलयान नगर पालिका के अध्यक्ष मुहम्मद इन्जमुल इस्लाम के मतदान अधिकार को पुनःस्थापित किया है। यह लोकतंत्र के साथ अच्छा बर्ताव कदापि नहीं कहा जा सकता है। भारत के लोकतंत्र की मजबूती का आधार ही यही है कि प्रत्येक 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के वैध नागरिक को मतदान का अधिकार है। लेकिन वैध नागरिकों को ही उनके मतदान अधिकार से वंचित किया जाना खतरे का संकेत है। इस तथ्य को हल्के में नहीं लिया जा सकता। अगर इस चलन पर तुरंत प्रभाव से विराम न लगाया गया तो भारत में लोकतंत्र ही खतरे में पड़ जायेगा। एक नागरिक का मतदाता सूची से नाम मनमाने ढंग से हटा दिया जाता है और फिर उससे उम्मीद की जाती है कि वह अदालतों के चक्कर लगाये फिर से मतदाता बनने के लिए। इस कानूनी लड़ाई के लिए कितने नागरिकों के पास पैसा व समय होता है? गरीब देश में यह अन्याय नहीं तो और क्या है?

समस्या सिर्फ यही नहीं है। पश्चिम बंगाल के मोथाबरी में कुछ लोगों ने लगभग एक माह पहले सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया था कि उनके नाम मतदाता सूची से हटा दिये गये हैं। उनके नाम तो मतदाता सूची में जोड़ दिये गये, लेकिन अब वह शायद मतदान ही न कर पायें, क्योंकि प्रदर्शन की जांच कर रही एनआईए का उनके भीतर इतना अधिक डर बैठा हुआ है कि वह अपने चुनाव क्षेत्र से ही फरार हैं। गौरतलब है कि 1 अप्रैल 2026 की शाम को लगभग 4 बजे प्रदर्शनकारी पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में कालियाचक 2 ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिस के बाहर एकत्र होने लगे। वे गुस्से में थे, क्योंकि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान उनके नाम मतदाता सूची से हटा दिये गये थे। प्रदर्शनकारियों ने पहले यह मांग की कि दफ्तर के अंदर जो न्यायिक अधिकारी मौजूद हैं, उनसे उनकी मुलाकात करायी जाये। जब उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी गई तो स्थिति तनावपूर्ण हो गई। भीड़ ने बिल्डिंग का घेराव कर लिया और सात न्यायिक अधिकारी उसके अंदर ट्रैप हो गये, जिनमें तीन महिलाएं भी थीं। समय गुजरने के साथ प्रदर्शन तीव्र होता गया। प्रदर्शनकारियों ने नेशनल हाईवे 12 (कोलकाता-सिलीगुड़ी मार्ग) को भी ब्लॉक कर दिया, जिससे ट्रैफिक बाधित हुआ और प्रशासनिक अधिकारियों पर दबाव बढ़ता गया। देर रात को स्थिति नियंत्रण में तो आ गई थी, लेकिन इस पर सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी को ध्यान में रखते हुए जांच एनआईए को सौंपी गई। एनआईए की जांच जैसे ही तेज हुई तो प्रदर्शनकारियों में अपनी गिरफ्तारी का भय व्याप्त होने लगा। वे अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर होने लगे।

सिंगापारा की एक अधेड़ महिला के अनुसार, 'हमने अपने मर्दों से कहा कि वह यहां न रुकें। हमें मालूम है कि वह निर्दोष हैं, लेकिन सुनेगा कौन? अगर उन्हें (पुलिस द्वारा) उठा लिया गया तो हमारी देखभाल कौन करेगा? मेरे पति का नाम मतदाता सूची पर पुनः दर्ज हो गया है, लेकिन वह वोट डालने के लिए वापस नहीं आयेगा।' जमीनी रिपोर्ट से मालूम होता है कि मोथाबरी के अनेक क्षेत्रों में बड़ी संख्या में वयस्क पुरुष अपने घरों से फरार हैं। हालांकि इस संदर्भ में कोई आधिकारिक संख्या नहीं हैं, लेकिन वीरान चौराहे, बंद दुकानें और भयावह खामोशी अपनी दास्तान खुद बयान कर रही है। इन लोगों के मतदान न करने से किस पार्टी को फायदा होगा और किस पार्टी को नुकसान, यह तो मुद्दा ही नहीं है, सवाल यह है कि मतदाता सूची से किसी का नाम हटाकर या भय के कारण किसी का मतदान न कर पाना, लोकतंत्र को मजबूत करेगा या कमजोर? इस प्रश्न पर गहन मंथन की आवश्यकता है।

### सोशल मीडिया

लखीमपुर खीरी में मार्ग दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुखद है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिये गये हैं। सीएम योगी.



मध्यमग्राम रोड-शो में यह भगवा रंग बंगाल में महिलाओं के खिलाफ अत्याचार का आक्रोश है, प्रतिशोध है। टीएमसी जा रही है और भाजपा बंगाल में आ रही है। अमित शाह.



बच्चे को लेकर सिलेंडर के लिए जूझने वाली मां का संघर्ष और कोई नहीं जान सकता है, खासकर वो तो बिल्कुल नहीं जो न परिवार में विश्वास करते है और न ही पारिवारिक रिश्तों में। अखिलेश यादव.



# गंभीर बीमारी की वजह बन सकती है दांतों की गंदगी



स्वास्थ्य

**डॉ.माजिद अलीम**

द लैंसेट रिजनल हेल्थ, साउथ ईस्ट एशिया में ओरल हेल्थ से संबंधित प्रकाशित एक लेख में इस बात की चर्चा की गई है कि हमें अपनी दांतों की सफाई के प्रति बेहद सजग और सचेत होना चाहिए। क्योंकि इसमें बरती गई लापरवाही कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी की वजह बन सकती है। ओरल हेल्थ और कैंसर के खतरे के बीच इस लेख में सिर और गर्दन के कैंसर के मामलों को इससे जोड़कर बताया गया है।

हम लोग अकसर मुंह की साफ-सफाई को या दांतों के स्वास्थ्य को सांस संबंधी बीमारियों से जोड़कर देखते हैं। हकीकत यह है कि कैविटी और मसूड़ों से जुड़ी बीमारियां और दांतों के रख-रखाव में बरती गई लापरवाही के कारण कैंसर और गंभीर दूसरी बीमारियों की वजह हो सकती है। इस लेख के आधार पर ही एम्स द्वारा लोगों से अपील की गई है कि सुबह उठकर प्रतिदिन अपने दांत साफ करने को लेकर स्कूलों में भी बच्चों को इस बारे में सजगता बरतने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। आइये हम आपको बताते हैं कि किस तरह हम ओरल हेल्थ को लेकर सजग रह सकते हैं।

**दिन में दो बार ब्रश करें**

सुबह सोकर उठने के बाद और रात को सोने से पहले दांतों की सफाई जरूरी है। रात को ब्रश करने से उनमें दिनभर में जमा होने वाला प्लाक, खाने के कण दांतों में जमने से दांतों की गंदगी से होने वाली बीमारियों के खतरे कम हो जाते हैं।

**टंग क्लीनर न भूलें**

दांतों की सफाई के साथ-साथ प्रतिदिन जीभ की भी सफाई करें ताकि पूरा मुंह साफ रहे। जीभ पर बैक्टीरिया जमा होने से सांसों की दुर्गंध और जीभ पर अनेक बैक्टीरिया जमा हो जाते हैं, जिनकी सफाई जरूरी है।

**प्रतिदिन फ्लॉस करें**

फ्लॉसिंग का मतलब दांतों और मसूड़ों के बीच की साफ-सफाई फ्लॉसिंग से फ्लॉस का जमाव कम होता है और कैविटी और मसूड़ों की बीमारियां कम होती हैं।

**माउथ वॉश**

दिन में कम से कम एक बार माउथ वॉश से मुंह की सफाई करें, यह हमारे दांतों की सुरक्षा और सांसों की बदबू को दूर करता है। खाना खाने के बाद जब हमारे मुंह में भोजन के कण लंबे समय तक बने रहते हैं तो इससे सांसों में दुर्गंध पैदा होती है, इसलिए माउथ वॉश का इस्तेमाल करें।

**ब्रश करने की सही तकनीक अपनाएं**

जल्दबाजी में ब्रश करने से भोजन के कण दांतों में ही फंसे रह जाते हैं, जिससे उनमें प्लाक बनता है। नरम ब्रिसल वाले ब्रुश से सर्कुलर मोशन में लगभग दो मिनट तक मुंह की सफाई करनी चाहिए। दांतों को तेजी से न रगड़ें क्योंकि इससे उनके इनेमिल को नुकसान पहुंचता है और मसूड़े खराब होते हैं।

**फ्लोराइड युक्त टूथ पेस्ट चुनें**

फ्लोराइड युक्त टूथ पेस्ट दांतों के इनेमिल की रक्षा करता है और उन्हें गिरने से बचाता है। अपने टूथ पेस्ट का इस्तेमाल करते हुए ब्रांड और फ्लेवर की बजाय फ्लोराइड युक्त पेस्ट का इस्तेमाल करें।

**जमकर पानी पीएं**

दिन में 8 से 10 गिलास जमकर पानी पीएं ताकि दांतों में जमा भोजन के कण पानी के साथ मिल सकें और लार बने। क्योंकि मुंह में बनने वाले और हमारे दांतों को नुकसान पहुंचाने वाले एसिड के लिए यह सुरक्षा कवच है।

**एसिडिक फूड और अधिक चीनी का प्रयोग न करें**

सोडा, चाय और सिट्रिस यह दांतों की बाहरी परत को नुकसान पहुंचाते हैं। इनको कम से कम लें और मीठा या सोडा लेने के बाद पानी पीएं।

**डॉक्टर के पास नियमित जांच के लिए जाएं**

हर छह महीने के बाद अपने दांतों की जांच करवाएं और किसी प्रोफेशनल डेंटिस्ट से क्लीनिंग करवाएं। क्योंकि डेंटिस्ट दांतों संबंधी बीमारियों को समय रहते इनसे बचने के लिए सुझाव दे सकते हैं। स्वस्थ दांत हमारे व्यक्तित्व में चार चांद लगाते हैं और अस्वस्थ दांत बीमारी और परेशानी का कारण बनते हैं। इसलिए अपने दांतों उचित ख्याल रखिए और इनको स्वस्थ बनाये रखने के लिए वह हर उपाय करें, जो दंत चिकित्सक बतायें।

# आदर्श चरित्र

अंतर्दृष्टि

सत्संग का अर्थ है सम्भ्रांत, आदर्श चरित्र, तत्वदर्शी मनीषियों की संगति, सानिध्य और शिक्षा का अवगाहन। ऐसे मनीषी आज बहुत ही कम हैं। जो हैं वे कार्य में व्यस्त रहने के कारण व्यक्तिगत सत्संग क लिए समय नहीं दे पाते। ऐसी दशा में आत्म निर्माण संबंधी प्रवचनों की जहां व्यवस्था हो वहां पहुंचा जा सकता है। महापुरषों के ग्रंथ भी सत्संग का ही काम दे सकते हैं। वे मनीषी भले ही हमसे दूर हों या स्वर्गवासी हो चुके हों तो भी उनके विचार उनके लिखे ग्रंथ हमें सदा प्रस्तुत मिलेंगे और वे हमें सत्संग का लाभ देते रहेंगे। आज सत्संग के नाम पर निराशावादी भाग्यवादी पलायनवादी अतिवादी विचारधारा देने वाले साधु बाबाजी बहुत हैं। इन विचारों से भ्रम जंजाल ही बढ़ता है और उसके प्रभाव से व्यक्ति एक प्रकार से निकम्मा ही बन जाता है। इसलिए ऐसे सत्संग को कुसंग मानकर उससे बचते रहना ही उचित है। चिंतन और मनन के बिना पुस्तक बिना साथी का स्वाध्याय सत्संग ही है। अपने आप अपनी स्थिति पर अपनी त्रुटियों और दुर्बलताओं पर विचार करके, बुराइयों को छोड़ने और अच्छाइयों को बढ़ाने के लिए अकेले में सोच विचार कराना चिंतन है और उत्थान पथ पर अग्रसर करने वाली सतशिक्षा के महत्व एवं माहात्म्य पर विस्तारपूर्वक सोचना एवं उसी ढांचे में अपने को ढालने की योजना बनाना मनन है। चिंतन और मनन करते रहने वाला मनुष्य अपनी बौद्धिक चरित्र और लौकिक दुर्बलताओं को आत्मनिरीक्षण एवं आत्मा आलोचनाओं के आधार पर भली प्रकार जान सकता है और जिस प्रकार रोग का निदान होने पर चिकित्सा सरल हो जाती है। उसी प्रकार अपनी त्रुटियों को जानने वाला उन्हें सुधारने का उपाय भी ढूंढ ही निकालता है। रात्रि को सोते समय दिन भर के भले-बुरे विचारों और कार्यों का लेखा-जोखा लेना चाहिए। जीवन की वास्तविक सम्पत्ति समय ही है। नियमित कार्यम बनाकर अपने बहुमूल्य समय का सदुपयोग करने की कला जिसे आ गयी उसने सफलता का रहस्य समझ लिया। रात को रोते समय दिन भर के विचारों और कार्यों की भलाई-बुराई का परीक्षण करके यह देखना कि आज दिन का कितना सदुपयोग अपव्यय एवं दुरुपयोग हुआ। इसी प्रकार प्रातःकाल उठते समय दिन भर का कार्यक्रम बनाना तथा पिछले दिन की बात को स्मरण रखते हुए जीवन के अपव्यय एवं दुर्व्यय को बचाकर आधिकारिक सदुपयोग की योजना बनाई जाये। नित्य डायरी रखकर भी इस प्रकार आत्म निरीक्षण एवं आत्म निर्माण का आयोजन करते रहा जा सकता है।

# जंगल में गधे का प्रवचन

व्यंग्यलोक

जंगल में एक गधा धार्मिक प्रवचन देने का धंधा किया करता। एक चालाक भेड़िया उसका प्रधान धर्म चेला हुआ करता। शाम के समय जब उल्लू अपने कोटर से बाहर निकल कर एक मीठी सियासी तान छेड़ रहा था, तब गधे ने भेड़िए को अपने पास बुलाया। उसे अधर्म और अनीति के आसन पर बिठाया और धर्माचरण के लिए एक कहानी का अंश सुनाया। हे प्रिय चतुर चालाक भेड़िशिष्य श्रेष्ठी! सुन! एक छोटी-सी धार्मिक कहानी मैं पढ़ता था। चतुर लोगों ने धर्म को अंधा बना दिया है। इसलिए अब धर्म जन्मांध होने लगा है। वह जहर के खेत बोने लगा है। अंधा धर्म और उसका एक धार्मिक आस्थावान आंख वाला मित्र एक कुर्सी के लिए संवैधानिक मूल्यों को पार करते थे। वे दोनों अलग-अलग कुर्सी यात्रा पर निकले थे, रास्ते में मिलना हो गया और उस धार्मिक आस्थावान मित्र ने उस अंधे धर्म को अपने साथ ले लिया। वे कुछ दिन साथ-साथ चले, उनमें मैत्री घनी हो गई। एक दिन सुबह अंधा धर्म पहले उठ गया, सुबह उसकी नींद पहले खुल गई। उसने टटोलकर अपनी सियासी पार्टी के झंडे वाली लकड़ी ढूंढ़ी। चुनावों की रात थी और वोटिंग के दिन थे। लकड़ी तो उसे नहीं मिली। एक पुराने मुद्दों का सांप पड़ा हुआ था। यह नए चुनावों के मारे एकदम सिकुड़कर कड़ा हो गया था। उसने उसे उठा लिया। उसने टीवी डिबेट को धन्यवाद दिया कि मेरी पार्टी के झंडे की लकड़ी तो खो गई, लेकिन उससे बहुत ज्यादा बेहतर, बहुत प्रभावी और जनता में तनाव पैदा करने वाली सुंदर लकड़ी तुमने मुझे दे दी। उसने टीवी डिबेट को धन्यवाद दिया कि तुम बड़ी कृपालु हो। उसने उसी लकड़ी से अपने आंख वाले आस्थावान मित्र को धक्का दिया और उठाने की कोशिश की कि उठो, सुबह हो गई है। वह आंख वाला मित्र उठा। देखकर घबड़ाया। उसने कहा- तुम हाथ में ये क्या पकड़े हुए हो? इसे एकदम छोड़े दो। ये पुराने मुद्दों का घनघोर विषधारी सांप है और यह जनता के लिए खतरनाक हो जाएगा। वह अंधा धर्म बोला- मित्र! ईर्ष्या के कारण तुम मेरी इस कुसीमार्गी लकड़ी को सांप बता रहे हो! चाहते हो कि मैं इसे छोड़ दूं, तो तुम इसे उठा लो। अंधा जरूर हूं, लेकिन इतना नासमझ नहीं हूं। पुराना पका-पकाया धर्म हूं! उस आंख वाले धार्मिक आस्था पुरुष ने कहा- पागल हो गए हो? उसे एकदम छोड़ दो। वह सांप है और देश-दुनिया की जनता के लिए खतरा है। अंधा धर्म हंसा और बोला- तुम इतने दिन मेरे साथ रहे लेकिन ये नहीं समझ पाए कि मैं भी समझदार हूं। तुम्हारी तरह परम कुर्सी मार्गी हूं। मेरी पार्टी के झंडे की लकड़ी खो गई है और टीवी डिबेट ने एक बहुत सुंदर लकड़ी मुझे दे दी है, तो तुम उसे सांप बता रहे हो? वह अंधा धर्म गुस्से में, मित्र की ऐसी ईर्ष्या और जलन को देखकर, अपने रास्ते पर चल पड़ा।



**रामविलास जॉंगिड़**

## आप की बात

### विचार समर्थन और विरोध के वाहक

विचारों की शक्ति पर अपने समय में काफी काम हुआ है। यह माना गया कि ध्वनि ,प्रकाश और ताप की तरह चेतना क्षेत्र में विचारों की भी एक जीवंत शक्ति है। तभी अध्ययन का क्रम चला। सत्संग की व्यवस्था हुई । परामर्श और प्रवचन की शैली का विकास हुआ। विचारों ने विचारों को काटा और विचारों ने विचारों का समर्थन किया। व्यक्तियों और समाजों को ऊंचा उठाने गिराने में विचारों की असाधारण भूमिका रही है। कई बार लोगों के मौलिक विचार भी नहीं होते। मगर कुछ कर गुजरने की इच्छा गहरी होती है। किसी को अपना जीवन लक्ष्य बनाने के लिए कौन से विचार ग्रहण करने चाहिए इसका सबसे सरल उपाय है कि विचारों को सुनना होगा। फिर मन में विचार करना होगा कि हमारे कौन से विचार श्रेष्ठ हैं। यह समझना होगा कि जिन विचारों को मन में गहरे ले जा रहे हैं, उनमें हमारा सामंजस्य है या नहीं। हमारी क्षमताएं उन विचारों के क्रियान्वयन के लिए तैयार हैं। उन्हें लागू करने के लिए बड़े संयम और धैर्य की आवश्यकता होती है। बुद्धिमानी इसी में है कि जो उपलब्ध है उसी का आनंद लिया जाए। दरअसल हमारे विचार ही हमारे व्यक्तित्व को भी परिभाषित करते हैं और बहुत कुछ उसकी सीमाएं भी तय करते हैं।

**अशोक सिंह, लखनऊ.**

### अमीर-गरीब की खाई

देश में तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संसाधनों का न्यायिक बंटवारा न होने के कारण आर्थिक विषमता भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है और कोरोना काल में यह और जटिल हुई है क्योंकि तमाम गरीब जो औपचारिक रूप से किसी रोजी-रोजगार से जुड़े थे वह खत्म हो गये। इससे गरीबी बढ़ी है और गरीबों का जीवन और कठिन हो गया है। अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई समाज में अनेक तरह की विषमता उत्पन्न कर रही है। दुनिया की संपत्तियां कुछ हाथों में सिकुड़ती जा रही हैं और विकास के लाभ आमजन तक नहीं पहुंच रहे हैं। विश्व में आर्थिक विषमता का बढ़ना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। धन के असमान वितरण से स्थिति भयावह होती जा रही है। विश्व में केवल दो प्रतिशत अमीरों के पास विश्व की आधी से अधिक सम्पत्ति है। विश्व के केवल एक प्रतिशत लोग विश्व की चालीस प्रतिशत सम्पत्ति पर कब्जा जमाये हुए हैं। विश्व की नब्बे प्रतिशत आबादी के हिस्से में कुल सम्पत्ति का सिर्फ पंद्रह प्रतिशत ही हिस्सा है। सम्पत्ति के मामले में बढ़ रही असमानता से गरीबों का जीवनस्तर गिरावट की ओर अग्रसर है। जमीन, जायदाद, मकान, वित्तीय सम्पत्तियां कुछ खास तबकों के पास सिमटी चली जा रही है। विकासशील देशों में आम जनता को आर्थिक असमानता से ज्यादा नुकसान हो रहा है। एक तरफ कुछ लोगों की सम्पन्नता का बढ़ना आम आदमी के लिए ही कष्टकारी होता जा रहा है। दुनिया में गैर बराबरी का बढ़ना किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। इसकी रोकथाम के लिए सरकारों को ठोस पहल करनी होगी। आज एक आदमी के लिए जीवन यापन कठिन होता जा रहा है जबकि मोटे पैकेज की बाढ़ है। यह बात सिर्फ निजी क्षेत्र में नहीं बल्किसरकारी क्षेत्र में भी देखने को मिल रही है। सरकारी क्षेत्र में मोट वेतन दिये जा रहे हैं और स्टॉफ घटाये जा रहे हैं। जबकि वेतन सीमित करके कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है। इसलिए सरकारों को वेतन आयोग की रिपोर्टों को कूड़े के ढेर में फेंककर अधिक से अधिक लोगों को नियोजित करने का प्रयास करना चाहिए। इससे विषमता घटेगी। दरअसल विकास का लाभ समाज को तभी मिलता है, जब उसके दायरे में अधिक से अधिक लोग आयें। जब विकास कुछ ही हाथों में केन्द्रित होगा तो वह राष्ट्र लिए के लिए फलदायी नहीं हो सकता है।

**ज्ञान प्रकाश वर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## कालेज में टीबी जागरुकता शिविर का आयोजन

**बांदा।** सौ दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत भागवत प्रसाद मेमोरियल स्कूल में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित छात्र छात्राओ, विद्याालय स्टाफ को टीबी के लक्षण जैसे दो हफ्ते से खासी आना, मुंह से खून आना. बुखार आना, थकान होना, सीने में दर्द होना, सांस लेने में तकलीप होना, रात में पसीना आना, गर्दन में गिल्टी, गांठ, बांझपन आदि लक्षण के बारें में बताया गया। उच्च जोखिम वाली जनसंख्या जैसे कि 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति, मधुमेह से पीडित व्यक्ति, एचआईवी से ग्रसित, लंबी बीमारी से ग्रसित व्यक्ति को टीबी होने की संभावना अधिक रहती है। ऐसे व्यक्तियों को सतर्क रहना है। समय से बलगम, एक्सरे की जांच कराना है। टीबी का इलाज छह माह तक दिया जाता है। दवायें संबंधित टीबी मरीज के निवास स्थान के पास डाट्स सेंन्टर में उपलब्ध करायी जाती है। निःक्षय पोषण योजना के अर्तगत एक हजार रुपये प्रति माह इलाज समाप्ति तक डीबीटी के माध्यम से मरीज के खाते में भेजे जाते है। निक्षय शिविर का आयोजन ग्राम बरगहनी, गढ़ा, गौरीकला एवं खैराडा में किया जा रहा है। जिसमें हैण्डहेल्ड एक्सरे मशीन से उपस्थित जन समूह का एक्सरे, ब्लडप्रेशर, शुगर, बीएमआई, हीमोग्लोबिन की जांच भी की गई।

## दो बाइकों की भिड़ंत महिला की मौत, पांच घायल

**बांदा।** बबेरू के मर्का रोड पर वन विभाग के पास गुरुवार दोपहर दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में पांच लोग घायल हो गए, जबकि एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।गुजेनी गांव निवासी दीपू (20), रामप्यारी (65) और कमलेश (35) एक बाइक पर सवार होकर गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे अपने गांव से बबेरू जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। दूसरी बाइक पर शारदा नगर मरका निवासी श्याम मूरत (26) और राम सिंह (24) सवार थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकों पर सवार पांचों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू में भर्ती कराया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद दीपू, श्याम मूरत, राम सिंह और रामप्यारी को जिला अस्पताल बांदा रेफर कर दिया गया। हालांकि, एंबुलेंस न मिलने के कारण रामप्यारी की रास्ते में ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और रामप्यारी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज बांदा भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सपा नेता ने मृतक के परिजनों को बंधाया ढांढस

अयोध्या। बीकापुर विधानसभा क्षेत्र के सिकंदरपुर निवासी बिजली विभाग के संविदा कर्मी माता दीन पासवान (गुड्डू) की लाइन ठीक करते समय हुए हादसे में दुखद मृत्यु हो गई। घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही वरिष्ठ सपा नेता राघवेंद्र प्रताप सिंह अनूप तत्काल मृतक के घर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाते हुए अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों से की पहल की।

नेता अनूप के प्रयास से परिवार को अंतिम संस्कार हेतु 5,00,000 की नगद सहायता तथा तेरहवीं के लिए 50,000 दिलाया गया। साथ ही विभाग की ओर से दुर्घटना सहायता के रूप में 7,50,000 दिलाए जाने का आश्वासन भी मिला।

# हाईस्कूल में नैन्सी और इंटरमीडिएट में अनिल रहे अव्वल

जिला संवाददाता



**बांदा।** जनपद में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों का रिजल्ट घोषित होते ही कालेजों में प्रतिभाशाली बच्चों को बुलाकर सम्मानित किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार हाईस्कूल के टापर्स नैन्शी कश्यप, 95.83 प्रतिशत, भागवत प्रसाद मेमोरियल इंटर कालेज बांदा,

- **परीक्षाफल घोषित होते ही छात्र-छात्राओं में प्रसन्नता**

दीपा सिंह 95.50 प्रतिशत, भागवत प्रसाद मेमोरियल इंटर कालेज बांदा, प्राची सिंह, 95 प्रतिशत इंटरमीडिएट कालेज तिंदवारा, सपना, 94.83, श्री एमएसडी आदर्श इंटर कालेज जसपुरा, विकास सोनकर 94.50 प्रतिशत पंचमुखी इंटर कालेज बघेलाबारी, आशुतोष, 94.50 प्रतिशत भागवत प्रसाद मेमोरियल इंटर कालेज बांदा, राधिका गुप्ता 94.50 प्रतिशत भागवत प्रसाद मेमोरियल इंटर कालेज बांदा, अर्पित गुप्ता 94.33 प्रतिशत सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज बांदा, अनामिका पटेल 94.33 प्रतिशत पंचमुखी इंटर कालेज बघेलाबारी, ललित पाल 94.17 प्रतिशत राजकीय इंटर कालेज बांदा, अंकिता मिश्रा 94.17 प्रतिशत एमवीपीएसपीएसएस गर्ल्स इंटर कालेज बबेरू, सागर कुमार 93.83 प्रतिशत पंचमुखी इंटर कालेज बघेलाबारी, अभिनय,93.67 प्रतिशत भारत भक्त समाज इंटर कालेज ब्योंजा, अरूण कुमार 93.33 प्रतिशत वीरांगना लक्ष्मीबाई हायर सेकेंडरी स्कूल, संजना कुशवाहा, 93.33 प्रतिशत सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज बांदा रहे। इसी तरह इंटरमीडिएट में अनिल कुमार 96 प्रतिशत पंचमुखी इंटर कालेज बघेलाबारी, अनिरुद्ध 92 प्रतिशत आदर्श बजरंग इंटर कालेज बांदा, वैशाली, 90.60 प्रतिशत राजकीय बालिका इंटर कालेज बांदा, प्रशांत अवस्थी 90.40 प्रतिशत भागवत प्रसाद मेमोरियल इंटर कालेज बांदा, प्रांशी गुप्ता 90.40 प्रतिशत सरस्वती इंटर कालेज अतर्रा, प्रांजली गुप्ता, 90 प्रतिशत राजकीय इंटर कालेज फतेहगंज, श्रीकांत 90 प्रतिशत भागवत प्रसाद मेमोरियल इंटर कालेज बांदा, शिखा देवी 89.80 प्रतिशत हिन्दू इंटर कालेज अतर्रा, पंकज सिंह 89.80 प्रतिशत पंचमुखी इंटर कालेज बघेलाबारी, प्रतिभा अग्निहोत्री 89.20 प्रतिशत सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज बांदा, अनुज कुमार, 89.20 प्रतिशत एसएसपी इंटर कालेज करतल, आशुतोष तिवारी 89.20 प्रतिशत तथागत ज्ञान स्थली इंटर कालेज अतर्रा, मीनाक्षी पटेल 89.20 प्रतिशत पंचमुखी इंटर कालेज बघेलाबारी, प्रांशी 89 प्रतिशत एसडी गर्ल्स इंटर कालेज तिंदवारी, यशोवर्धन तिवारी 88.80 प्रतिशत सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज बांदा, निशू कुशवाहा 88.80 प्रतिशत हिन्दू इंटर कालेज अतर्रा, विवेक सिंह 88.60 प्रतिशत भागवत प्रसाद मेमोरियल इंटर कालेज बांदा रहे।

## हाईस्कूल में अमित और इंटरमीडिएट में माधव सिंह ने किया जनपद टॉप

जिला संवाददाता

**ललितपुर। (वीओएल)।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाओं में इस बार भी जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं ने अपना लोहा मनवाया है। जबकि जनपद की सरकारी शिक्षा संस्थाओं ने एक बार फिर से निराश किया है। इस बार बोर्ड परीक्षाफल में इंटरमीडिएट का परीक्षाफल 70.31 प्रतिशत एवं हाईस्कूल में 80.22 प्रतिशत परीक्षाफल रहा है। हाईस्कूल में जनपद भर से 19 हजार 325 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी जिसमें से 15 हजार 503 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा पास की। हाईस्कूल में जनपद में टॉपटेन की सूची में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज महरौनी के छात्र अमित ने 94.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वहीं दूसरे स्थान पर किसान इंटर कॉलेज बिरधा की छात्रा मोहिनी पटेल रहीं, जिन्होंने 94.33 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। तीसरे स्थान पर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज महरौनी के अभय पटेल रहे जिन्होंने 93.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया इसी प्रकार इंटरमीडिएट में जनपद भर से 15 हजार 414 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी जिसमें से 11 हजार 917 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा पास की। इंटरमीडिएट में जनपद में टॉपटेन की सूची में प्रथम स्थान पर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज महरौनी के छात्र माधव सिंह रहे, जिन्होंने 92.60 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। वहीं द्वितीय स्थान पर एसएन इंटर कॉलेज महरौनी के छात्र सतीश ने 91.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। वहीं सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज महरौनी की छात्रा वैष्णवी तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आपको बताते चलें कि पिछले साल 2025 की परीक्षा में भी महरौनी के छात्र-छात्राओं ने जनपद की टॉप टेन सूची में स्थान पाया था।

वहीं जनपद के राजकीय इंटर कॉलेजों एवं राजकीय बालिका इंटर कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने फिर से निराश किया वहीं सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज महरौनी के छात्र-छात्राओं ने पुनः एक बार फिर से अपनी काबिलियत को सामने रखा।

## बुंदेलखंड विश्वविद्यालय का पहला स्वशाषी महिला महाविद्यालय बना पहलवान गुरुदीन महिला महाविद्यालय

**ललितपुर। (वीओएल)।** शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए पहलवान गुरुदीन महिला महाविद्यालय को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा आटोनॉमस (स्वायत्त) महाविद्यालय का दर्जा प्रदान किया गया है। यह उपलब्धि न केवल महाविद्यालय बल्कि पूरे जनपद एवं प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। बुन्देलखण्ड में यह पहला ऐसा महिला महाविद्यालय है, जिसे यह उपलब्धि मिली है। महाविद्यालय को मिला यह स्वायत्त दर्जा संस्थान की उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा, अनुशासन, उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण एवं निरंतर प्रगति का परिणाम है। इससे अब महाविद्यालय को अपने पाठ्यक्रम, परीक्षा प्रणाली एवं शैक्षणिक गतिविधियों में और अधिक स्वतंत्रता मिलेगी, जिससे छात्राओं को बेहतर एवं आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराई जा सकेगी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर महाविद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य, समस्त शिक्षकगण, कर्मचारियों एवं छात्राओं में हर्ष का माहौल है। सभी ने इसे सामूहिक प्रयास, समर्पण एवं कड़ी मेहनत का परिणाम बताया। इस अवसर पर संस्थापक डॉ पारसनाथ यादव ने कहा कि पहलवान गुरुदीन महिला महाविद्यालय को आटोनॉमस दर्जा मिलना हम सभी के लिए अत्यंत गर्व और सम्मान की बात है। यह उपलब्धि हमारे समर्पित शिक्षकों, कर्मठ स्टाफ एवं छात्राओं की मेहनत का परिणाम है। हमारा उद्देश्य सदैव छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण, आधुनिक एवं संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान करना रहा है। आने वाले समय में यह संस्थान शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेगा।

## समाजसेवी संस्थाओं से डीएम जसजीत कौर ने की गौशालाओं में भूसा दान करने की अपील



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन द्वारा आयोजित वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से दिए हुए निर्देशों के अनुपालन में जानकारी देते हुए बताया कि जिले में गौशालाओं में संरक्षित गोवंशों के समुचित भरण पोषण के लिए शासन द्वारा जिला बिजनौर को 60 हजार कुंतल भूसा भण्डारण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि मुख्य सचिव द्वारा निर्देशित किया गया है कि 48 हजार कुंतल भूसा सरकारी बजट द्वारा खरीदा जाएगा जबकि 12 हजार कुंतल भूसा जिले की स्वयंसेवी संस्थाओं एवं इच्छुक दानी व्यक्तियों द्वारा दान स्वरूप स्वीकार किया जाएगा। जिलाधिकारी कौर ने उक्त संबंध में सभी उप जिलाधिकारी, अधिशासी अधिकारियों एवं खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शासन द्वारा निर्धारित किए गए लक्ष्य के सापेक्ष भूसे का प्रबंध करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्र की स्वयंसेवी संस्थाओं, जन प्रतिनिधियों, इच्छुक दानी व्यक्तियों एवं बड़े किसान बंधुओं से संपर्क कर, उन्हें भूसा दान करने के लिए प्रेरित करें।

## खराब विद्युत मशीनों की वजह से फीडर से ग्रामीण उपभोक्ता परेशान



**बांदा।** पैलानी तहसील के कानाखेड़ा मे एक सैकड़ा से ज्यादा ग्रामीणों ने पावर हाउस पहुंचकर प्रदर्शन किया। बिजली विभाग के अधिकारियों

- **जेई और एसडीओ नहीं उठाते फोन**

के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विभागीय अधिकारियों से कानाखेड़ा फीडर की जर्जर मशीनों को तुरंत बदलने व फीडर को अलग करने की मांग की।कानाखेड़ा के ओमप्रकाश सिंह, पूर्व प्रधान पंकज यादव ने बताया कि हमारे यहां का विद्युत फीडर महज शोपीस बनकर रह गया है। विद्युत आपूर्ति बदहाली और बेसमय कट की समस्या ने लोगों को हलाकान कर रखा है। पिछले दो सालों से पावर हाउस की मशीन जर्जर हालत में हैं। आए दिन बिजली खराब हो जाती हैं।

कई बार विभाग के जेई और एसडीओ साहब को लिखित में दिया लेकिन आज तक मशीनों को नहीं बदला गया। बिजली विभाग के अधिकारियों ने जल्द ये काम नहीं कराया तो ग्रामवासी जिलाधिकारी के यहां धरना प्रदर्शन कर उनको अवगत कराएंगे। इस मौके पर रमेश सिंह गौतम, रामप्रसाद कुशवाहा, हाकिम चैहान, रामनरेश साहू, दीपक कछवाह, ज्ञान चैहान; कल्लू चैहान, भूरा साहू आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी-एसपी ने परीक्षा केंद्रों और कंट्रोल रूम का लिया जायजा




**बांदा।** जिलाधिकारी अमित आसेरी ने 25 से 27 अप्रैल को होने वाली होमगार्ड परीक्षा की तैयारियों के संबंध में परीक्षा केन्द्रों, कंट्रोल रूम पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने कंट्रोल रूम में कैमरों से निगरानी किये जाने की व्यवस्था का जायजा लेते हुए परीक्षा तिथियों में इंटरनेट कनेक्टिविटी की व्यवस्था

- **इंटरनेट कनेक्टिविटी की व्यवस्था सुचारू रखने के दिए निर्देश**

सुचारू रूप से रखने, परीक्षा केंद्रों में समय से सामग्री उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। गुरुवार को जिलाधिकारी ने होमगार्ड भर्ती परीक्षा केंद्र डीएवी कॉलेज के स्ट्रांग रूम एवं कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया। सभी परीक्षा कक्षों के सीसीटीवी कैमरों को संचालित रखने के निर्देश दिये। उन्होंने परीक्षा केंद्र में आवश्यक प्रकाश की व्यवस्था, फर्नीचर, सिटिंग प्लान, पेयजल, छाया, सुरक्षा की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने परीक्षा की तिथियों में एंबुलेंस की व्यवस्था एवं प्राथमिक उपचार की समुचित व्यवस्था भी रखे जाने के निर्देश दिये। यह परीक्षा दिनांक 25 से 27 अप्रैल को दो पालियों में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक, द्वितीय पाली में 3 बजे से 5 बजे तक आयोजित की जायेगी।

परीक्षा केंद्र जनपद के विभिन्न विद्यालयों में आदर्श बजरंग इण्टर कॉलेज, राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज, खानकाह इंटर कॉलेज, इंटरमीडिएट कॉलेज तिंदवारा, नगर पालिका बालिका उ0मा0 विद्यालय, जनता इण्टर कॉलेज खुरहंड, रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में आयोजित की जायेगी। उन्होंने सभी परीक्षा केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थायें समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने परीक्षा तिथियों में समुचित ट्रैफिक की व्यवस्था किये जाने तथा विद्यालयों के बाहर वाहन पार्किंग की व्यवस्था भी रखने के निर्देश दिये है। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, अपर जिलाधिकारी न्यायिक मायाशंकर, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज सहित प्रधानाचार्य डीएवी इंटर कॉलेज संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एलपीजीसीएल प्लांट में फायर सर्विस वीक के दौरान जागरूकता की अलख

**ललितपुर। (वीओएल)।** फायर सर्विस सप्ताह के अंतर्गत, इस वर्ष की थीम सेफ स्कूल, हॉस्पिटल एंड सोसायटी को ध्यान में रखते हुए एलपीजीसीएल प्लांट द्वारा विभिन्न स्थानों पर फायर सेफ्टी जागरूकता एवं इमरजेंसी प्रिपेयर्डनेस कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस क्रम में प्लांट टाउनशिप क्षेत्र, शैक्षणिक संस्थानों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में विशेष प्रशिक्षण एवं जागरूकता अभियान चलाए गए। ग्राम बुरौगांव स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों को फायर सेफ्टी के महत्वपूर्ण उपायों की जानकारी दी गई तथा लाइव डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से आपातकालीन परिस्थितियों में सही एवं त्वरित प्रतिक्रिया के बारे में बताया गया। इसके अतिरिक्त, कम्युनिटी हेल्थ सेंटर, बार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मेडिकल स्टाफ एवं उपस्थित लोगों को फायर सेफ्टी उपायों एवं इमरजेंसी रिस्पॉन्स सिस्टम के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई ।फायर सर्विस वीक के अंतिम दिन बुरौगांव गांव में ग्रामीणों के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें उन्हें फायर सेफ्टी उपायों के साथ-साथ पराली (स्टबल) जलाने से बचने के लिए भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान लाइव डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से आग लगने की स्थिति में त्वरित एवं सुरक्षित प्रतिक्रिया के तरीकों का प्रदर्शन किया गया। फायर सर्विस वीक के दौरान आयोजित समस्त कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं संचालन ईएचएस विभाग के प्रमुख, दीपक आनंद एवं उनकी टीम द्वारा किया गया।

## जनगणना 2027 के प्रथम चरण का प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर के दिशा निर्देशन एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह की अध्यक्षता में आज आरजीपी इंटर कॉलेज में फील्ड ट्रेनर्स द्वारा प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को जनगणना 2027 के प्रथम चरण को पूर्ण सुव्यवस्थित, निष्पक्ष एवं निर्वाध रूप से संपन्न करने के लिए प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया। अपर जिलाधिकारी वान्या सिंह ने बताया कि फील्ड ट्रेनर्स द्वारा जनगणना कर्मियों को प्रशिक्षण देते हुए जनगणना कि महत्ता और जनगणना प्रक्रिया की बारीकियां समझायी गयीं। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं है, बल्कि यह देश की योजनाओं और नीतियों के निर्माण का आधार भी है। इसलिए प्रत्येक जानकारी को पूरी सावधानी और सटीकता के साथ दर्ज करना बेहद आवश्यक है। इस अवसर पर जिला जनगणना प्रभारी अधिकारी बिजनौर जे.पी. यादव ने कहा कि जनगणना कार्य एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय जिम्मेदारी है, जिसे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ निभाना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कार्मिक समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचें तथा फील्ड में आने वाली समस्याओं का समाधान आपसी समन्वय से किया जाए। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्मिकों ने जनगणना 2027 को सफल बनाने के लिए पूर्ण समर्पण और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का सामुहिक संकल्प लिया।

# वीवी पेट स्ट्रांग भवन का डीएम जसजीत कौर ने किया निरीक्षण, व्यवस्थाएं मिलीं दुरुस्त

जिला संवाददाता



**बिजनौर।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी जसजीत कौर ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम संरक्षित स्ट्रांग रूम का मासिक निरीक्षण किया गया।

उन्होंने निरीक्षण के दौरान ईवीएम स्ट्रांग रूम के बाहर लगे सील्ड तालों सहित ईवीएम सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा, विद्युत व्यवस्था एवं अन्य सभी प्रकार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया, सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित पाई गईं।

जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा गुरुवार को झंडापुर स्थित वीवी पेट वेयरहाउस का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने सिक्योरिटी, विद्युत व्यवस्था, साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान ईवीएम के रख रखाव व सुरक्षा के दृष्टिगत सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपनी सहमति जताई और सुरक्षा के इंतजाम देख कर संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी से सुरक्षा कार्मिकों ने स्वच्छ पेयजल की समस्या के बारे में शिकायत करते हुए बताया कि वी.वी. पेट स्ट्रांग भवन में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं है।

जिलाधिकारी ने सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी को तत्काल समरसेबल की खराब मोटर को ठीक कराने तथा मोटर ठीक होने तक कैंफर द्वारा नियमित रूप से वी.वी. पेट स्ट्रांग भवन पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रमोद कुमार, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भाजपा से धीर सिंह, बसपा मोहम्मद सिद्दीक तथा सपा से अखलाक पप्पू, कांग्रेस से अनिल त्यागी एवं काजी आतिफ सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# यातायात नियमों के उल्लंघन पर 45 वाहनों के चालान



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़, सुचारु एवं सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत प्रभारी यातायात सुनील कुमार सिंह द्वारा मय यातायात पुलिस टीम के साथ जनपद मुख्यालय के विभिन्न प्रमुख चौराहों, तिराहों एवं सार्वजनिक स्थानों पर बैरियर लगाकर सघन चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर कुल 45 वाहनों के चालान किए गए तथा अवैध रूप से लगाए गए मॉडिफाइड साइलेंसर जब्त किए गए। इसी क्रम में महोबा नगर क्षेत्र में विशेष रूप से दोपहिया वाहनों की चेकिंग करते हुए बिना हेलमेट एवं बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई की गई। यातायात प्रभारी द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें तथा वाहन चलाते समय सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखें, जिससे स्वयं एवं अन्य लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## सुनौरी मंदिर परिसर से चोरी किये गये माल सहित चार आरोपी गिरफ्तार




**ललितपुर। (वीओएल)।** विगत दिवस थाना तालबेहट के सुनौरी गौड बाबा मंदिर परिसर में खुदाई के दौरान मिली धातु के बिस्किटों को चुराने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने अब पकड लिया है। थाना तालबेहट पर तहरीर देकर अवगत कराया गया था कि अज्ञात चोरो द्वारा खुदाई के दौरान प्राप्त 14 नग बिस्कुट नुमा वस्तुओं का चोरी कर लिया गया। तहरीर पर थाना तालबेहट पुलिस द्वारा सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था । घटना की गंभीरता व संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा घटना के अनावरण हेतु क्षेत्राधिकारी, तालबेहट आशीष मिश्रा के नेतृत्व में 03 पुलिस टीमे गठित की थी। गठित टीम द्वारा घटनास्थल के आस-पास व आने - जाने वाले मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों से प्राप्त फुटेज का डेटा व सर्विलांस से प्राप्त तकनीकी डेटा का तार्किक अवलोकन व तकनीकी विश्लेषण रने पर प्राप्त जानकारी की मदद से प्रकाश में आये चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जिनके नाम मंगल पुत्र मनोहर यादव उम्र 35 वर्ष, जयसिंह पुत्र मूरत यादव उम्र 30 वर्ष, शिशुपाल उर्फ बादाम पुत्र मनोहर यादव उम्र करीब 35 वर्ष एवं राजा पुत्र रामदास उम्र करीब 38 वर्ष समस्त निवासीगण ग्राम सुनौरी थाना तालबेहट जनपद ललितपुर बताये गये हैं। पुलिस की पूछताछ में पकडे गये आरोपियों ने बताया कि 9 अप्रैल को दिन में गांव सुनौरी में स्थित गौड बाबा मंदिर पर निर्माण कार्य कराने के लिये जेसीबी से खुदाई चल रही थी, कि तभी खुदाई के दौरान कुल 14 नग बिस्कुट नुमा वजनी धातु मिली थी।

जिसको गांव में मौजूद लोगो द्वारा आपसी सहमति से वापस मिट्टी के अन्दर दबा दिया गया था ।हम लोगो को इस बात की जानकारी होने पर हमने रात्रि में मौका पाकर जमीन में दबी बिस्कुट उपरोक्त को पुनः खुदाई करके उक्त बिस्कुट नुमा धातु को चोरी कर लिया था। इस बात की सूचना जब गांव वालो ने पुलिस को दी तो पुलिस द्वारा उसकी खोजबीन, जांच पड़ताल की गयी तो हम लोगो ने पुलिस का ध्यान हटाने व पकड़े जाने के डर से 09 बिस्किट को वापस उसी घड़े में रखकर, मन्दिर के पास रख आये थे। आज हम लोग चोरी किये गये शेष 04 बिस्कुट उपरोक्त को आपस में बांटकर, बेचने जा रहे थे कि पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया।

# अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंचे खान निरीक्षक पर हमला

### खान निरीक्षक पर पथराव, सरकारी कार्रवाई में बाधा डालकर जेसीबी-डंपर छुड़ाए

जिला संवाददाता

**ललितपुर। (वीओएल)।** जिले में अवैध खनन माफियाओं का आतंक इस कदर बढ़ चुका है कि अब यह गिरोह खुलेआम सरकारी अधिकारियों पर जानलेवा हमला करने से भी नहीं हिचक रहे। ताजा मामला कोतवाली ललितपुर क्षेत्र के ग्राम महरौनी खुर्द का है, जहां अवैध खनन की सूचना पर कार्रवाई करने पहुंचे खान निरीक्षक पर ही दबंगों ने हमला बोल दिया।

पथराव कर न केवल उन्हें घायल कर दिया गया, बल्कि सरकारी कब्जे में लिए गए वाहन भी छुड़ाकर मौके से फरार हो गए। खनन विभाग में तैनात खान निरीक्षक सुदीप कुमार को 19 अप्रैल 2026 की देर रात अवैध खनन की गुप्त सूचना प्राप्त हुई। सूचना के आधार पर उन्होंने तत्काल कार्रवाई करते हुए तहसील ललितपुर अंतर्गत ग्राम महरौनी खुर्द स्थित संदिग्ध स्थल पर छापेमारी की। मोरम का अवैध उत्खनन व परिवहन किया जा चुका था। जब टीम ने वाहन चालकों से वैध दस्तावेज मांगे, तो वे कोई कागज प्रस्तुत नहीं कर सके। जैसे ही खान निरीक्षक द्वारा जेसीबी

- **शासन को राजस्व की हानि पहुंचा रहे खनन माफिया, 10-12 दबंगों ने दी जान से मारने की धमकी**
- **रात के अंधेरे में चल रहा था अवैध खनन का साम्राज्य**
- **खनन माफियाओं का तांडव**

निरीक्षण के दौरान टीम ने मौके पर एक जेसीबी मशीन और डम्पर नंबर यू.पी.94 टी 2096 को अवैध रूप से खनन और परिवहन करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। मौके की जांच में सामने आया कि करीब 100 घन मीटर साधारण मिट्टी का अवैध खनन, लगभग 600 घन मीटर लाल और डम्पर को जब्त कर कोतवाली ले जाने की कार्रवाई शुरू की गई, तभी गांव के ही दबंगों का गिरोह मौके पर पहुंच गया।

आरोप है कि मौके पर सोबरन सिंह पुत्र फूल सिंह, छत्रपाल सिंह पुत्र सोबरन सिंह, नाती राजा पुत्र छत्रपाल सिंह, लववाज पुत्र राजेंद्र सिंह ठाकुर के साथ 10-12 अज्ञात व्यक्तियों ने एकराय होकर अचानक हमला बोल दिया। बताया गया कि आरोपियों ने पहले गाली-गलौज शुरू की फिर पत्थरों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे खान निरीक्षक सुदीप कुमार के हाथ में चोट आई। हालात इतने बिगड़ गए कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

हमलावर यहीं नहीं रुके और उन्होंने दबंगई दिखाते हुए सरकारी कब्जे में लिए गए जेसीबी मशीन और डंपर को बलपूर्वक छुड़ा लिया और मौके से फरार हो गए। यह घटना न केवल सरकारी कार्य में बाधा का मामला है, बल्कि यह सीधे-सीधे प्रशासन और कानून व्यवस्था को चुनौती देने जैसा है। इस अवैध खनन से सरकार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। प्राथमिक अनुमान के अनुसार लाखों रुपये के खनिज का अवैध उत्खनन

सरकारी राजस्व की सीधी हानि, खनन नियमों की खुली अवहेलना की गयी है। खान निरीक्षक सुदीप कुमार की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2), 352, 191(2), 125, 132 के अलावा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 4/21, उत्तर प्रदेश उपखनिज (परिहार) नियमावली 2021 के नियम 3(1), 58, 72(1) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## तमंचा - कारतूस बराम और मोबाइल बरामद, चार गिरफ्तार

ललितपुर। (वीओएल)। थाना जखौरा पुलिस ने अवैध रुपयों की मांग करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस, मोबाइल फोन व नकदी बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मु.अ.सं. 108/2026, धारा 308(5) बीएनएस के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया। एसपी मो. मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह व सीओ सदर सुनील कुमार के पर्यवेक्षण में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। थाना जखौरा में 21 अप्रैल 2026 को वादी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 20 अप्रैल को कुछ लोगों द्वारा उससे अवैध रुपयों की मांग की गई। मामले की गंभीरता हुए पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की और टीम गठित की गई। तत्पश्चात 23 अप्रैल को चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

संक्षेप

## निसान इंडिया और एविस इंडिया ने की साझेदारी

नयी दिल्ली। निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और एविस इंडिया ने आज भारत में कॉरपोरेट मोबिलिटी और लीजिंग सॉल्यूशंस को मजबूती देने के लिए रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। दोनों कंपनियों ने मिलकर इंटीग्रेटेड लीजिंग एवं सब्सक्रिप्शन ऑफरिंग्स की पेशकश की है। इस गठजोड़ का लक्ष्य विभिन्न कंपनियों की ओर से आ रही फ्लेक्सिबल एवं एसेट-लाइट मोबिलिटी मॉडल्स की बढ़ती मांग को पूरा करना है। साथ ही इससे एक स्ट्रक्चर्ड एवं एंड-टु-एंड इकोसिस्टम के माध्यम से निसान के व्हीकल पोर्टफोलियो तक सुगम एवं किफायती पहुंच भी सुनिश्चित होगी। इन ऑफरिंग्स के तहत फ्लेक्सिबल लीजिंग एवं सब्सक्रिप्शन प्लान के माध्यम से निसान मैग्नाइट एवं ऑल-न्यू निसान ग्रेवाइट समेत निसान के प्रोडक्ट पोर्टफोलियो तक पहुंच मिलेगी। इसमें 60 महीने तक की अवधि और 50,000 किलोमीटर तक की दूरी के लिए अलग-अलग प्लान मिलेंगे।

## बढ़ते कवर वाला टर्म प्लान चुनें : बंधन लाइफ

बंगलुरु। बंधन लाइफ इंश्योरेंस ने 30वें दशक के उत्तरार्ध और 40वें दशक के लोगों को सलाह दी है कि वे अपने जीवन बीमा कवर की समीक्षा करें और उसे और मजबूत बनाएं, ताकि परिवार की लंबे समय की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। कंपनी ने यह भी बताया कि महंगाई समय के साथ बीमा सुरक्षा की वास्तविक कीमत को कम कर देती है, इसलिए अपने कवर की समय-समय पर समीक्षा करना जरूरी है। 30वें दशक के उत्तरार्ध और 40वें दशक में लोग आमतौर पर अपनी कमाई के सबसे अच्छे दौर में होते हैं, लेकिन इसी समय बच्चों की पढ़ाई और घर के कर्ज चुकाने जैसी बड़ी जिम्मेदारियां भी होती हैं। ऐसे में इस समय बीमा कवर बढ़ाना जरूरी है, ताकि बढ़ती महंगाई और अनिश्चितताओं के बीच परिवार सुरक्षित रह सके। बीमित राशि बढ़ाने का विकल्प देने वाला टर्म प्लान किफायती तरीके से मजबूत वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है।

## लोकधुन की पीपीएल इंडिया से साझेदारी

मुंबई। लोकधुन टेलीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड ने 1 अप्रैल 2026 से पीपीएल इंडिया के साथ हाथ मिला लिया है। इसी के साथ कंपनी ने रिकॉर्डेड म्यूजिक परफॉर्मेंस लिमिटेड के साथ अपनी पुरानी संबद्धता समाप्त कर दी है। यह रणनीतिक फैसला न केवल इन दोनों कंपनियों के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि इसे भारत के म्यूजिक लाइसेंसिंग इकोसिस्टम में शक्ति के पुनर्गठन के तौर पर देखा जा रहा है। 2016 में स्थापित और नई दिल्ली मुख्यालय वाली लोकधुन टेलीमीडिया के पास आज 80,000 से अधिक गानों की एक बहुत बड़ी लाइब्रेरी है। कंपनी के अंतर्गत 'वेव म्यूजिक' और 'लोकधुन पंजाबी' जैसे बड़े सब-लेबल्स काम करते हैं, जिनका भोजपुरी और पंजाबी संगीत उद्योग पर एकछत्र राज है। डिजिटल दुनिया में लोकधुन का कद किसी ग्लोबल स्टार से कम नहीं है।

## एकीकृत अंतरिक्ष क्षमताओं के निर्माण की तत्काल जरूरत

नई दिल्ली। बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और आधुनिक युद्ध में अंतरिक्ष की बढ़ती केंद्रीयता के बीच भारत के रक्षा एवं अंतरिक्ष क्षेत्र के शीर्ष नेताओं ने इंडियन स्पेस एसोसिएशन द्वारा आयोजित संगोष्ठी इंडियन डिफेंस स्पेस सिंपोजियम 2026 में लचीले, संप्रभु एवं एकीकृत अंतरिक्ष क्षमताओं के निर्माण की तत्काल जरूरत रेखांकित की। आज नई दिल्ली में शुरू हुआ यह दो दिवसीय फोरम भारत के रक्षा एवं अंतरिक्ष पारितंत्र के बीच तालमेल मजबूत करने पर केंद्रित रहा जिसमें रक्षा मंत्रालय, सशस्त्र बलों, रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी से अधिकारी, नीति निर्माता, सार्वजनिक उपक्रम, स्टार्टअप्स और उद्योगपति शामिल हुए।

## टेक महिन्द्रा का एबिट साल दर साल 39.2% बढ़कर 7152 करोड़ रुपए पहुंचा

मुंबई। टेक महिन्द्रा ने 31 मार्च, 2026 को समाप्त हुई तिमाही एवं वर्ष के लिए समेकित वित्तीय नतीजों की घोषणा की है। हमारे परिवर्तन में एक एआई नेतृत्व वाले संगठन की ओर तेजी ला रहे हैं जिसमें सभी सेवाओं में एआई का समावेश किया जा रहा है और साथ ही हम हमारे ग्राहकों के लिए मूल्य डिलीवरी बढ़ाने के लिए हमारी क्षमताओं को विस्तार दे रहे हैं। टेक महिन्द्रा का वित्त वर्ष 26 का एबिट साल दर साल 39.2% बढ़कर 7,152 करोड़ रुपये पहुंचा, 36 रुपये अंतिम लाभांश घोषित, कुल लाभांश 51 रुपये पहुंचा है। यह लगातार तिमाहियों में एक अरब डॉलर से अधिक के सौदों समेत हाल के वर्षों में हासिल सबसे बड़े सौदे में परिलक्षित होता है।

# सेंसेक्स में 852 अंकों की गिरावट



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 852.49 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी 205 अंक नुकसान में रहा। अमेरिकी-ईरान वार्ता रुकने के कारण कच्चा तेल एक बार फिर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचने से बाजार में गिरावट आई।

कारोबारियों के अनुसार विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी के साथ ही एशियाई और यूरोपीय बाजारों में कमजोर रुख ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। तीस शेयर वाला बीएसई सेंसेक्स 852.49 अंक यानी 1.09 प्रतिशत टूटकर 77,664 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 942.31 अंक यानी 1.20 प्रतिशत फिसलकर 77,574.18 पर आ गया था। दूसरी ओर 50 शेयर पर आधारित एनएसई निफ्टी 205.05 अंक यानी 0.84 प्रतिशत गिरकर 24,173.05 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयर में ट्रेंट, बजाज फिनसर्व, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इन्फोसिस और एचडीएफसी बैंक में उल्लेखनीय गिरावट हुई। दूसरी ओर अदाणी पोर्ट्स, लार्सन एंड टुब्रो, सन फार्मा, भारती एयरटेल और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लाभ में रहे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.89 प्रतिशत बढ़कर 103.8 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। भारतीय बाजारों में गिरावट का सिलसिला जारी रहा, निफ्टी में लगातार दूसरे दिन नरमी देखी गई। पिछले दो कारोबारी दिनों में इसमें 400 अंक से अधिक की गिरावट आई। बाजार का मिजाज जोखिम से बचने का है, क्योंकि वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता बढ़ गई है और घरेलू कारक राहत देने में विफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज की गिरावट का मुख्य कारण पश्चिम एशिया में तनाव का तेजी से बढ़ना है। हॉर्मुज जलडमरूमध्य में व्यवधान से जुड़ी चिंताओं ने निवेशकों के भरोसे को कमजोर किया है, जिससे वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता बढ़ गई है। इसका सीधा असर कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के रूप में दिखा। भारत जैसी आयात पर निर्भर अर्थव्यवस्था के लिए इससे बढ़ती मुद्रास्फीति और कॉरपोरेट मार्जिन पर दबाव को लेकर चिंताए हैं। मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.39 प्रतिशत और स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.34 प्रतिशत की गिरावट आई। क्षेत्रवार प्रदर्शन देखें तो पीएसयू बैंक में 2.36 प्रतिशत, वाहन में 2.27 प्रतिशत, रियल्टी में 1.91 प्रतिशत, उपभोक्ता विवेकाधीन वस्तुओं में 1.71 प्रतिशत, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं में 1.63 प्रतिशत और बैंकएक्स में 1.46 प्रतिशत की गिरावट आई।

# रुपया 33 पैसे टूटकर 94.11 प्रति डॉलर पर



मुंबई। रुपये में बृहस्पतिवार को लगातार चौथे दिन गिरावट आई और यह 33 पैसे टूटकर 94.11 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। रुपया एक महीने में दूसरी बार 94 के स्तर से नीचे आया। पश्चिम एशिया में शांति वार्ता में कोई प्रगति न होने के कारण कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से घरेलू मुद्रा दबाव में है।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों का कहना है कि घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट और अमेरिकी मुद्रा की वैश्विक मांग में वृद्धि के बीच विदेशी पूंजी की निकासी के कारण भी रुपये पर दबाव बना रहा। पिछले एक सप्ताह में रुपया एक प्रतिशत से अधिक टूटा है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.03 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले 94.17 के निचले स्तर तक पहुंचा। बाद में दिन के उच्च स्तर 93.98 को छूने के बाद यह 94.11 (अस्थायी) पर रहा जो पिछले बंद भाव से 33 पैसे की गिरावट है। रुपया बुधवार को 34 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93.78 पर बंद हुआ था। पिछले चार सत्र में घरेलू मुद्रा 17 अप्रैल को 92.91 के बंद भाव के मुकाबले 120 पैसे यानी लगभग 1.3 प्रतिशत टूटी है। पश्चिम एशिया में 28 फरवरी को शुरू हुए युद्ध के कारण उत्पन्न चुनौतियों के बीच घरेलू मुद्रा 23 मार्च को पहली बार 94 डॉलर प्रति डॉलर के स्तर से नीचे पहुंची थी। रुपया 30 मार्च को कारोबार के दौरान अपने अब तक के सबसे निचले 95.22 तक लुढ़क गया था। घरेलू बाजारों में कमजोरी एवं डॉलर की मजबूती से रुपये में लगातार चौथे सत्र में गिरावट आई और 94 के स्तर को पार कर गया। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल भी रुपये पर दबाव रहा। अमेरिका-ईरान वार्ता को लेकर अनिश्चितता के कारण वैश्विक बाजार की धारणा प्रभावित हुई। उन्होंने कहा कि डॉलर के रुपये का हाजिर भाव 93.80 से 94.50 रुपये के बीच रह सकता है। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 1.88 प्रतिशत चढ़कर 103.83 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक बुधवार को बिकवाल रहे थे।

# चावल निर्यात 2025-26 में 7.5 प्रतिशत घटकर 11.53 अरब डॉलर

नयी दिल्ली। देश का चावल निर्यात वित्त वर्ष 2025-26 में 7.5 प्रतिशत घटकर 11.53 अरब डॉलर रह गया। पश्चिम एशिया क्षेत्र के देशों सहित प्रमुख बाजारों को निर्यात में कमी इसकी मुख्य वजह रही। वाणिज्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

वहीं मार्च में निर्यात 15.36 प्रतिशत घटकर 99.75 करोड़ डॉलर रहा। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध के कारण ईरान, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब और ओमान सहित पश्चिम एशिया क्षेत्र के देशों को होने वाले निर्यात पर असर पड़ा है। ईरान, भारत के बासमती चावल का सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है लेकिन मौजूदा अस्थिरता के कारण ऑर्डरप्रवाह, भुगतान और जहाजों की आवाजाही पर दबाव बढ़ता दिख रहा है। खबरों के अनुसार, आयातकों ने अपनी मौजूदा प्रतिबद्धताओं को पूरा करने और भारत को भुगतान भेजने में असमर्थता जताई है जिससे निर्यातकों के लिए अनिश्चितता उत्पन्न हो गई है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत ने 172 से अधिक देशों को 2.01 करोड़ टन चावल का निर्यात किया था जिसकी कीमत 12.5 अरब डॉलर थी। भारत, दुनिया के सबसे बड़े चावल उत्पादकों और निर्यातकों में से एक है। 2024-25 में देश ने लगभग 4.7 करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र से करीब 15 करोड़ टन चावल का उत्पादन किया।

# वित्त मंत्री ने बैंक प्रमुखों के साथ बैठक की



नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एंथ्रोपिक के माइथोस मॉडल द्वारा वित्तीय प्रणालियों की डेटा सुरक्षा से जुड़े खतरों की बात सामने आने के बाद बृहस्पतिवार को कृत्रिम मेधा (एआई) से जुड़े जोखिमों पर बैंक प्रमुखों के साथ बैठक की।

यह बैठक एंथ्रोपिक द्वारा क्लाउड माइथोस एआई मॉडल के विकास के मद्देनजर महत्वपूर्ण है, जिसमें दावा किया गया है कि उसने कई प्रमुख ऑपरेटिंग सिस्टमों में कमजोरियां पाई हैं। सूत्रों के अनुसार बैठक में एआई से निपटने के लिए जरूरी जोखिमों और उपायों पर चर्चा की गई। वित्त मंत्री की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में वित्तीय क्षेत्र पर एआई द्वारा उत्पन्न विभिन्न जोखिमों पर विचार-विमर्श किया गया। सूत्रों ने बताया कि बैंकों से अपनी प्रणालियों, डेटा और ग्राहकों के पैसे को सुरक्षित करने के लिए एहतियाती कदम उठाने को कहा गया। इस बैठक में बैंकों के शीर्ष अधिकारी, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधिकारी शामिल हुए। वित्त मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार मंत्रालय और आरबीआई इस बात का अध्ययन कर रहे हैं कि इस सुरक्षा चूक से भारतीय वित्तीय क्षेत्र को किस हद तक जोखिम का सामना करना पड़ सकता है। खबरों के अनुसार एंथ्रोपिक ने कहा कि माइथोस साइबर सुरक्षा कार्यों में मनुष्यों से बेहतर प्रदर्शन कर सकता है। यह प्रमुख ऑपरेटिंग सिस्टम और वेब ब्राउजर में 27 साल पुरानी कमियों सहित हजारों बग को खोजने और उनका फायदा उठाने में सक्षम है। उसके नए मॉडल माइथोस तक अनधिकृत पहुंच बनाई गई थी। माइथोस एक शक्तिशाली एआई मॉडल है, जिसने डिजिटल सुरक्षा कमजोरियों की पहचान करने की अपनी अभूतपूर्व क्षमता और दुरुपयोग की संभावना के कारण नियामकों के बीच चिंता पैदा कर दी है।

# बीओबी सीनियर सिटीजन विशेष सम्मान शुरू करने की घोषणा

लखनऊ। भारत के अंतर्राष्ट्रीय बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य लाभ और

निःशुल्क डोरस्टेप बैंकिंग सेवाओं की पेशकश करने वाले एक प्रीमियम बचत बैंक खाते बॉब सीनियर सिटीजन विशेष सम्मान के शुभारंभ की घोषणा की। यह खाता 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के ग्राहकों के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है, जिसका उद्देश्य उनके समग्र स्वास्थ्य एवं वित्तीय समृद्धि में वृद्धि करना है। निःशुल्क ऑनलाइन चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा भी प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त, ग्राहक हर महीने दो निःशुल्क डोरस्टेप बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं जिससे आवश्यक बैंकिंग सेवाएं सीधे उनके घर तक पहुंचेंगी। इसके अतिरिक्त, इस ऑफर में रिवर्स मॉर्गेज ऋण के प्रोसेसिंग प्रभार में 50% की छूट, लॉकर के किराए में रियायत और बॉब भूमि रुपे सेलेक्ट डेबिट कार्ड भी शामिल है जो जीवनशैली से जुड़ी विभिन्न प्रकार की विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराता है। बैंक ऑफ बड़ौदा को विशेष रूप से तैयार की गई पेशकशों के माध्यम से अपने वरिष्ठ नागरिक ग्राहकों सेवाएं प्रदान करते हुए गर्व महसूस कर रहा है।

बैंकिंग एवं जीवनशैली से संबंधित कई लाभ एक साथ प्रदान करने वाली एक प्रीमियम पेशकश की है।

# व्हाट्सएप लेकर आया प्रीपेड मोबाइल रिचार्ज की सुविधा

नई दिल्ली। व्हाट्सएप ने आज घोषणा की है कि भारत में लोग अब सीधे ऐप के भीतर ही अपना प्रीपेड मोबाइल रिचार्ज कर सकते हैं। पेयू द्वारा संचालित यह फीचर एंड्रॉइड और आईओएस पर चरणों में जारी किया जा रहा है और आने वाले हफ्तों में सभी यूजर्स के लिए उपलब्ध होगा। यह फीचर लोगों को कुछ आसान स्टेप्स में अपना या अपने दोस्तों और परिवार के सदस्यों का नंबर रिचार्ज करने की अनुमति देता है। भारत भर में जियो, एयरटेल और वोडा इंडिया के प्रीपेड कनेक्शन वाले लोग विभिन्न उपलब्ध प्लान्स में से चुन सकते हैं और सीधे व्हाट्सएप के भीतर अपना मोबाइल रिचार्ज पूरा कर सकते हैं, जिससे यह प्रक्रिया और भी आसान

## कोटक ने किया तत्काल वर्किंग कैपिटल डिमांड लोन का विस्तार

नई दिल्ली। पायलट चरण में 9,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का वितरण करने के बाद कोटक महिंद्रा बैंक ने कॉर्पोरेट ग्राहकों के लिए तत्काल वर्किंग कैपिटल डिमांड लोन का विस्तार किया है। यह इस बात का संकेत है कि अल्पकालिक कर्ज तक तेज पहुंच अब कंपनियों की रोजमर्रा की फंडिंग जरूरतों को पूरा करने का तरीका बदलने लगी है। यह सुविधा पात्र कंपनियों को डिजिटल प्रक्रिया के जरिए चंद सेकंड में वर्किंग कैपिटल लोन लेने का मौका देती है। इससे वे मैन्युअल प्रक्रियाएं और बैंकिंग की समय-सीमाएं खत्म हो जाती हैं जो पहले लोन की सीमा मंजूर होने के बावजूद रकम मिलने में देरी कराती थीं। ग्राहक अब वर्किंग कैपिटल तब लेते हैं जब जरूरत पड़ती है, न कि बैंकिंग की समय-सीमाओं के हिसाब से योजना बनाकर।

### सैमसंग ने की द डेविल वियर्स प्राडा 2 को सिनेमाघरों में रिलीज करने के लिए ग्लोबल गैलेक्सी एस26 अल्ट्रा सहयोग की घोषणा की

नयी दिल्ली। आज सैमसंग ने 20वी सेंचुरी स्टूडियोज की फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' की थिएटर में आगामी रिलीज का जश्न मनाने के लिए एक वैश्विक सहयोग की शुरूआत की है, जिसमें नए गैलेक्सी एस26 अल्ट्रा पर गूगल के साथ सर्कल टू सर्च फीचर का उपयोग करके मिरांडा प्रेस्टली की आखिरी समय की एक मांग को बड़ी ही कुशलता से पूरा करती हैं। इस वैश्विक साझेदारी के तहत, 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' के वर्ल्ड प्रीमियर के दौरान रेड कार्पेट पर गैलेक्सी एस26 अल्ट्रा का जलवा देखने को मिला। एक ऐसी गतिविधि में, जो मिरांडा प्रेस्टली को भी गौरवान्वित कर दे, गैलेक्सी एस26 अल्ट्रा का उपयोग उपस्थित लोगों के शानदार रेड कार्पेट लुक्स को कैद करने के लिए किया गया। 'द डेविल वियर्स प्राडा' बहुत पसंद है और टीम गैलेक्सी की सदस्य होने के नाते मुझे अपना गैलेक्सी एस26 अल्ट्रा बहुत पसंद है।

## फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन महिलाओं को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित करेगी

नई दिल्ली। वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान, फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन —जो फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की महिला उद्यमियों की शाखा है—उन पहलों को प्राथमिकता देगा जो सहायक वातावरण बनाती हैं, प्रमुख उद्योगों को मजबूत करती हैं, और महिला उद्यमियों को स्थायी रूप से अपने उद्यमों को बड़े पैमाने पर ले जाने में सहायता करती हैं। इसके प्रयास कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल साक्षरता, एमएसएमई, वित्तीय समावेशन और नीतिगत वकालत जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों तक फैले होंगे। फ्लो जैसे मंच महिलाओं को वैश्विक मुद्दों से जुड़ने, अपना प्रभाव बनाने और आत्मविश्वास के साथ नेतृत्व करने में सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। फ्लो में, हमारा मानना है कि सशक्तिकरण केवल पहुंच के बारे में नहीं है।

# भीषण गर्मी के बीच अप्रैल में अधिकतम बिजली की मांग 240 गीगावाट तक पहुंची



नयी दिल्ली। देश में अधिकतम बिजली मांग बढ़ते तापमान के कारण कूलर और एयर कंडीशनर जैसे शीतलन उपकरणों के अधिक इस्तेमाल के मद्देनजर बुधवार को इस मौसम में सर्वाधिक स्तर करीब 240 गीगावाट तक पहुंच गई।

बिजली मंत्रालय के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, 22 अप्रैल को अधिकतम पूरी की गई बिजली मांग (एक दिन में सबसे अधिक आपूर्ति) 239.70 गीगावाट दर्ज की गई जो इस गर्मी की सबसे अधिक है। आंकड़ों के अनुसार, इस महीने के पहले पखवाड़े में अधिकतम बिजली मांग अपेक्षाकृत कम रही और यह पिछले वर्ष अप्रैल के औसत 235.32 गीगावाट से नीचे बनी रही। इस वर्ष 16 अप्रैल को अधिकतम पूरी की गई बिजली मांग 234.81 गीगावाट दर्ज की गई थी जबकि अगले दिन यह बढ़कर 238.94 गीगावाट हो गई। 18 अप्रैल को मांग लगभग इसी स्तर पर 238.80 गीगावाट रही लेकिन 19 अप्रैल को घटकर 225.69 गीगावाट हो गई। इसके बाद 20 अप्रैल को फिर बढ़कर 237.43 गीगावाट पहुंच गई। 21 अप्रैल को यह घटकर 236.73 गीगावाट रह गई थी। विशेषज्ञों का मानना है कि देश में तापमान बढ़ने के साथ बिजली की मांग और खपत और बढ़ेगी क्योंकि घरेलू एवं व्यावसायिक उपभोक्ताओं द्वारा एयर कंडीशनर, एयर कूलर तथा अन्य उपकरणों का उपयोग अधिक होगा। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, अगले चार-पांच दिन उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत के अधिकतर हिस्सों में लू चलने के आसार हैं। मई 2024 में अधिकतम बिजली मांग लगभग 250 गीगावाट के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। इससे पहले सितंबर 2023 में 243.27 गीगावाट का रिकॉर्ड दर्ज किया गया था। पिछली गर्मियों (अप्रैल 2025 के बाद से) के दौरान जून में अधिकतम बिजली मांग 242.77 गीगावाट तक पहुंची थी।

पेज एक का शेष

## नीयत साफ

इच्छाशक्ति हो तो बहुत कुछ परिवर्तन लाया जा सकता है। उन्होंने एकला बंधा पर ईको पार्क के रूप में हुए नए कायाकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि वाराणसी या लखनऊ की तरफ से गोरखपुर प्रवेश करते ही सबसे पहला मुकाबला कचरे से होता था। बहुत भद्दा और बहुत बुरा लगता था। पर, करने की इच्छाशक्ति से धीरे-धीरे परिवर्तन होता गया। उन्होंने कहा कि आज से 30-35 वर्ष पहले, आज जहां ट्रांसपोर्टनगर बना है, पहले गोरखपुर का सारा कचरा वही डंप होता था। नगर निगम ने उसका समाधान किया तो आज वहां ट्रांसपोर्टनगर है, बेहतरीन मार्केट और गोरखपुर की मंडी है। ट्रांसपोर्टनगर बन जाने के बाद कचरा एकला बंधा पर गिराया जाने लगा। इसका परिणाम हुआ, वायु प्रदूषण, जमीन में जहर, नदी प्रदूषण और भूजल स्तर पर भी प्रभाव। इसके चलते एनजीटी भी जुमार्ना लगाती थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीयत से नियति को बदला गया और बेहतरीन ईको पार्क तैयार हो गया।

ईको पार्क के विकास के लिए नगर निगम की पूरी टीम की तारीफ करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निगम ने गोरखपुर शहर के प्रवेश द्वार पर कचरे को कंचन में बदलने का काम किया है। 2.26 लाख मीट्रिक टन कचरे का निस्तारण कर बनाया गया ईको पार्क पूरे परिवार के लिए पिकनिक स्पॉट और बेहतरीन पर्यटन स्थल बन गया है। यहां पर बच्चों के खेलने के लिए पार्क है। योग और ध्यान की क्रिया के लिए व्यक्ति यहां आराम से बैठ सकता है। उन्होंने कहा कि यह जो परिवर्तन आया है, वह गोरखपुर के विकास का मजबूत विश्वास और यहां की टीम के दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इच्छा शक्ति और साफ नीयत के कारण बीते नौ वर्षों में गोरखपुर में हर क्षेत्र में बदलाव हुआ है। गोरखपुर ने रोड कनेक्टिविटी, स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा, खेल, उद्योग, रोजगार सहित हरेक क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। पहले जहां खेलने की सुविधा नहीं थी, आज गोरखपुर में कई मिनी स्टेडियम बने हैं। गोरखपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में एक इंटरनेशनल स्टेडियम का निर्माण हो रहा है। गोरखपुर में एम्स और बीआरडी मेडिकल कॉलेज चिकित्सा के उत्कृष्ट केंद्र बने हैं। यहां चार विश्वविद्यालय है। गोरखपुर में खाद कारखाना भी चल गया है और पिपराइच में चीनी में मिल भी लग गई है।

## यूपी बोर्ड

में प्रथम स्थान पर बाबूराम सावित्री देवी इंटर कॉलेज, शेखपुर बिलौली बाजार, पिहानी (सीतापुर) की शिखा वर्मा (97.60%) रहीं। योगी सरकार की मंशा के अनुरूप बोर्ड परीक्षाओं की पूरी प्रक्रिया नकलविहीन और पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई। माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने सभी सफल छात्र छात्राओं को बधाई दी है और उनके बेहतर भविष्य की कामना की है। परीक्षा परिणाम गुरुवार को शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) एवं बोर्ड के सभापति डॉ. महेंद्र देव तथा परिषद के सचिव भगवती सिंह द्वारा जारी किया गया। इस वर्ष हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च 2026 के बीच प्रदेश के 8,033 परीक्षा केंद्रों पर 15 कार्यदिवसों में सफलतापूर्वक सम्पन्न कराई गईं। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 18 मार्च से 4 अप्रैल 2026 के बीच कुल 254 मूल्यांकन केंद्रों पर कराया गया।

**हाईस्कूल में बेटियों ने फिर मारी बाजी**

हाईस्कूल परीक्षा में कुल 26,01,381 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए, जिनमें 13,43,524 बालक और 12,57,857 बालिकाएं शामिल रहीं। इनमें से कुल 23,52,181 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण घोषित किए गए, जिससे कुल पास प्रतिशत 90.42 रहा। बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 87.30 जबकि बालिकाओं का 93.76 प्रतिशत रहा, जो कि लड़कों से 6.46 प्रतिशत अधिक है। संस्थागत परीक्षार्थियों का पास प्रतिशत 90.51 रहा, जबकि व्यक्तिगत परीक्षार्थियों का 66.67 प्रतिशत दर्ज किया गया। हाईस्कूल की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 96,803 परीक्षकों द्वारा किया गया।

**इंटरमीडिएट में 80.38) रहा परिणाम**

दूसरी तरफ, इंटरमीडिएट परीक्षा में कुल 24,86,072 परीक्षार्थी शामिल हुए, जिनमें 13,09,397 बालक और 11,76,675 बालिकाएं थीं। इनमें से 19,98,317 परीक्षार्थी सफल घोषित किए गए, जिससे कुल पास प्रतिशत 80.38 रहा। बालकों का पास प्रतिशत 75.04 और बालिकाओं का 86.32 प्रतिशत रहा, यानी बालिकाएं 11.28 प्रतिशत आगे रहीं। संस्थागत परीक्षार्थियों का पास प्रतिशत 80.47 और व्यक्तिगत परीक्षार्थियों का 77.54 प्रतिशत रहा। इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 55,973 परीक्षकों द्वारा किया गया।

**प्रयोगात्मक परीक्षाएं व अन्य विवरण**

इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 24 जनवरी से 9 फरवरी के बीच दो चरणों में 18,007 परीक्षकों की निगरानी में सम्पन्न कराई गईं। आंशिक विषयों की परीक्षा में हाईस्कूल के 3,286 और इंटरमीडिएट के 58,134 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। कुल मिलाकर इस वर्ष भी यूपी बोर्ड परीक्षा में छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपनी श्रेष्ठता साबित की है, वहीं परीक्षा और मूल्यांकन प्रक्रिया को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पूरा किया गया।

## पश्चिम बंगाल

शुभेंदु सरकार के साथ उस समय हाथापाई की गई जब वह गड़बड़ी की खबरों के बाद एक मतदान केंद्र की ओर जा रहे थे। शुभेंदु सरकार ने दावा किया कि पुलिस की मौजूदगी में उनकी पिटाई की गई और उनके वाहन में तोड़फोड़ की गई। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया कि शुभेंदु सरकार ने एक बूथ के पास अशांति फैलाने की कोशिश की थी जिसके कारण स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। वहीं, एक अन्य घटना में आसनसोल दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के रहमत नगर में भाजपा उम्मीदवार अग्निमित्रा पॉल की कार पर पथराव किया गया जिससे उसकी पिछली खिड़कियों के शीशे टूट गए।

## तमिलनाडु में

मतदाता सूचियों की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान राज्य में मतदाताओं की संख्या अक्टूबर 2025 में दर्ज 6.41 करोड़ से घटकर 5.73 करोड़ हो गई। वर्ष 2021 के चुनावों में लगभग 6.29 करोड़ मतदाता पंजीकृत थे। यह संख्या इस चुनाव में पंजीकृत मतदाताओं से 56 लाख अधिक है। निर्वाचन आयोग के अनुसार, बृहस्पतिवार को सेलम जिले में सबसे ज्यादा 88.02 फीसदी मतदान दर्ज किया गया, जबकि तिरुचिरापल्ली में 82.76 प्रतिशत, कोयंबटूर में 82.33 प्रतिशत, चेन्नई में 81.34 प्रतिशत और मदुरै में 77.89 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

## वैदिक मंत्रोच्चार

रोशनी से अलंकृत किया गया। अलकनंदा नदी के तट पर स्थित यह पावन धाम हिमालय की बर्फीली चोटियों के मध्य अद्भुत छटा बिखेरता नजर आया। कपाट खुलने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से प्रथम महाभिषेक पूजा कराई। पूजा के दौरान राष्ट्र की प्रगति, उत्तराखंड की समृद्धि, जनकल्याण और विश्व शांति की कामना की गई। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने लक्ष्मी मंदिर, गणेश मंदिर और आदि गुरु शंकराचार्य गद्दी सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर भी पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि श्री बद्रीनाथ धाम संपूर्ण भारत की आस्था का महान केंद्र है। यहां पहुंचने वाला हर श्रद्धालु दिव्य ऊर्जा और आध्यात्मिक शांति का अनुभव करता है। उन्होंने कहा कि सरकार यात्रा मार्गों के सुदृढ़ीकरण, श्रद्धालुओं की सुविधाओं के विस्तार और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि चारधाम यात्रा को सुरक्षित, सुचारु और व्यवस्थित बनाने के लिए प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं। स्वास्थ्य सेवाओं, पार्किंग, पेयजल, यातायात नियंत्रण, स्वच्छता, विश्राम स्थलों और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया है। मुख्यमंत्री ने यात्रियों से आवश्यकता पड़ने पर सहायता केंद्रों से संपर्क करने की अपील की।

## चमकविहीन व

गेहूं सरकारी क्रय केन्द्रों पर बिना किसी कटौती के खरीदा जायेगा। किसानों के पंजीकरण में दर्ज विवरण का सत्यापन राजस्व एवं चकबन्दी विभाग द्वारा किया जा रहा है। अब नई व्यवस्था के अन्तर्गत जिन किसानों का उक्त विभागों द्वारा सत्यापन अभी तक नहीं हुआ है, उन किसानों का गेहूं भी क्रय केन्द्र प्रभारियों की ओर से किसानों के राजस्व/चकबन्दी अभिलेखों का मिलान करते हुए क्रय किया जायेगा। समस्त जनपदों के क्रय केन्द्रों पर 15 जून तक अनवरत रूप से गेहूं खरीद जारी रहेगी। किसानों के समस्त गेहूं की खरीद सुनिश्चित कराई जायेगी। भीड़ अधिक होने पर किसान अपनी सुविधानुसार क्रय केंद्र प्रभारी से टोकन प्राप्त कर लें और टोकन में दर्ज तिथि पर क्रय केंद्र लाकर गेहूं बिक्री करें। किसी भी असुविधा पर किसान टोल-फ्री नम्बर 18001800150 पर सम्पर्क कर सकते हैं। शासन ने प्रदेश के सभी 18 मंडल में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित किया है।

## आईएसआई के

पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी, आबिद जट व कट्टरपंथी पाकिस्तानी यूट्यूबर्स विभिन्न सोशल मीडिया के माध्यम से भारतीय नौजवानों को निशाना बनाकर व रेडिक्लाइज करके व आर्थिक लाभ का लालच देकर भारत कि आंतरिक शांति व सद्भाव को बिगाड़ने की योजना बना रहे हैं। ये लोग भारतीय नौजवानो को संवेदनशील स्थलों की रेकी करके उनके निर्देश पर आतंकी हमला करने एवं कुछ एक्स मुस्लिम्स व अन्य लोगों को अत्याधुनिक हथियारों से मारने के लिए उकसा रहे हैं।

## विदेशी श्रद्धालुओं

ने बताया कि प्रयागराज केवल एक तीर्थ स्थल नहीं, बल्कि आध्यात्मिक पर्यटन का वैश्विक केंद्र बनकर उभर रहा है। यूरोप, अमेरिका, रूस, जापान, नेपाल, श्रीलंका और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों से बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं। विदेशी मेहमान भारतीय परंपराओं, सनातन संस्कृति और आध्यात्मिक जीवन शैली से प्रभावित हो रहे हैं। वर्ष 2025 में 20 लाख से अधिक विदेशी पर्यटकों का आगमन इस बात का प्रमाण है कि प्रयागराज की पहचान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर और मजबूत हुई है। आने वाले समय में यह संख्या और बढ़ने की संभावना है, जिससे प्रदेश के पर्यटन, रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बड़ा लाभ मिलेगा। प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ 2025 ने दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में नया इतिहास रचा। 45 दिवसीय इस भव्य आयोजन में 65 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली

जाए तथा प्रभावितों को हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाए। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम राजीव कुमार निगम तत्काल स्थानीय तहसील प्रशासन की टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने राहत एवं बचाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए, जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सुरक्षित बाहर निकालकर तत्काल सीएचसी रमियाबेहड़ में प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया गया।

इसके उपरांत सभी घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल ओयल भिजवाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही डीएम अंजनी कुमार सिंह, एसपी डॉ. ख्याति गर्ग एवं सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता जिला अस्पताल ओयल पहुंचे।




# चेन्नई ने मुंबई को दिया 208 रन का लक्ष्य

## आईपीएल : संजू की दूसरी सेंचुरी, गजनफर-अश्विनी कुमार को 2-2 विकेट

एजेंसी



मुंबई। चेन्नई सुपर किंग्स ने कढछके 33वें मैच में मुंबई इंडियंस को 208 रन का टारगेट दिया। गुरुवार को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। पहले बैटिंग करते हुए चेन्नई ने संजू सैमसन के नाबाद 101 रन की बदौलत 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 207 रन बनाए। उनके अलावा ऋतुराज गायकवाड ने 22 और डेवाल्ड ब्रेविस ने 21 रन बनाए। गेंदबाजी में मुंबई की ओर से अल्लाह गजनफर और अश्विनी कुमार ने 2-2 विकेट लिए।

जसप्रीत बुमराह और मिचेल सैंटनर को एक-एक विकेट मिला। 19वें ओवर में जसप्रीत बुमराह ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए 10 रन दिए। ओवर की पांचवीं गेंद पर सैमसन ने शानदार चौका लगाकर स्कोर आगे बढ़ाया, वहीं इस ओवर में एक नो-बॉल भी रही जिससे फ्री-हिट मिली। ओवर खत्म होने के बाद चेन्नई का स्कोर 191/6 हो गया, जहां संजू सैमसन 85 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं और अपने शतक से सिर्फ 15 रन दूर हैं, जबकि अकील हुसैन उनका साथ दे रहे हैं। 18वें ओवर की आखिरी गेंद पर जेमी ओवरटन 15 रन बनाकर आउट हो गए। अश्विनी कुमार की गेंद पर उन्होंने बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद सही तरीके से बल्ले पर नहीं आई और डीप में नमन धीर के हाथों कैच हो गए। 17वें ओवर की पांचवीं गेंद पर जसप्रीत बुमराह ने कार्तिक शर्मा को 18 रन पर आउट कर दिया। बुमराह की गेंद पर उन्होंने बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन सही टाइमिंग नहीं मिली और गेंद मिचेल सैंटनर के हाथों में चली गई। इसके बाद जेमी ओवरटन क्रीज पर आए हैं। 16वें ओवर में क्रिष भगत के खिलाफ संजू सैमसन ने 15 रन बटोरे। दूसरी गेंद पर सैमसन ने लंबा छक्का जड़ा, इसके बाद तीसरी और चौथी गेंद पर लगातार दो चौके लगाकर गेंदबाज पर दबाव बना दिया। इस ओवर के बाद चेन्नई का स्कोर 164/4 हो गया, जहां सैमसन 77 रन बनाकर शानदार लय में नजर आ रहे हैं, जबकि कार्तिक शर्मा उनका साथ दे रहे हैं। 14वें ओवर में मिचेल सैंटनर के खिलाफ कार्तिक शर्मा ने दो शानदार सिक्स लगा दिए।

ओवर की दूसरी और पांचवीं गेंद पर कार्तिक ने आगे बढ़कर लॉन्ग-ऑफ के ऊपर और फिर एक और बड़ा शॉट लगाकर गेंद को स्टैंड्स में पहुंचाया। 13वें ओवर में अश्विनी कुमार ने शानदार गेंदबाजी करते हुए सिर्फ 3 रन दिए। 13 ओवर के बाद चेन्नई का स्कोर 131/4 है, जहां संजू सैमसन 59 रन बनाकर क्रीज पर टिके हुए हैं, जबकि कार्तिक शर्मा उनका साथ दे रहे हैं। 11वें ओवर की तीसरी गेंद पर संजू सैमसन ने चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया, उन्होंने लो फुल टॉस को डीप बैकवर्ड पॉइंट की दिशा में भेजते हुए 50 रन पूरे किए। हालांकि इसी ओवर की आखिरी गेंद पर डेवाल्ड ब्रेविस 21 रन बनाकर आउट हो गए। अश्विनी कुमार की शॉर्ट गेंद पर ब्रेविस ने अपर कट खेलने की कोशिश की, लेकिन टाइमिंग सही नहीं रही और गेंद सीधे डीप में जसप्रीत बुमराह के हाथों में चली गई।

10वें ओवर की पहली गेंद पर मिचेल सैंटनर के खिलाफ डेवाल्ड ब्रेविस ने शानदार छक्का जड़ते हुए चेन्नई का स्कोर 100 के पार पहुंचा दिया। ओवरपिच गेंद को ब्रेविस ने सीधे मैदान के सामने की ओर लॉन्ग-ऑन के ऊपर से लगभग 80 मीटर दूर भेज दिया। इसके बाद पांचवीं बॉल पर ब्रेविस ने एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से एक और सिक्स लगा दिया। 9वें ओवर की पहली गेंद पर गजनफर ने बड़ा झटका देते हुए शिवम दुबे को बोल्ड कर दिया। दुबे 5 रन बनाकर आउट हुए। कैरम बॉल पर दुबे गेंद को पढ़ नहीं पाए और बोल्ड हो गए। 7वें ओवर की तीसरी गेंद पर गजनफर के खिलाफ संजू सैमसन ने शानदार छक्का लगा दिया। इस ओवर में चेन्नई ने स्ट्राइक रोटेट करते हुए कुल 10 रन जोड़े और रन गति को बरकरार रखा। छठे ओवर में मिचेल सैंटनर ने चेन्नई को दूसरा झटका दिया।

सरफराज खान 14 रन बनाकर बोल्ड हो गए। सैंटनर ने धीमी गति से फ्लाइटेड गेंद डाली, जिस पर सरफराज ने स्वीप खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद उनकी पहुंच से निकलकर सीधे स्टंप्स से जा टकराई। इस विकेट के बाद शिवम दुबे क्रीज पर आए हैं। चेन्नई सुपर किंग्स ने 4 ओवर में 51 रन बनाकर अपनी फिफ्टी पूरी कर ली। इस ओवर में हार्दिक पंड्या के खिलाफ संजू सैमसन ने 19 रन बटोरे। उन्होंने एक छक्का और चार चौके लगा दिया। सैमसन 12 गेंदों पर 24 रन बनाकर खेल रहे हैं। दूसरे ओवर में गजनफर ने ऋतुराज गायकवाड़ को 22 रन पर आउट कर दिया।

कैरम बॉल पर उन्होंने अंदर की ओर जगह बनाकर लॉफ्टेड शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन सही टाइमिंग नहीं मिली और गेंद लॉन्ग-ऑफ पर खड़े तिलक वर्मा के हाथों में चली गई। गायकवाड़ ने अपनी पारी में 14 गेंदों पर 3 चौके और 1 छक्का लगाया। हार्दिक पंड्या के ओवर में ऋतुराज गायकवाड़ ने 3 बाउंड्री लगाई। ओवर की शुरूआत में उन्होंने नो-बॉल पर पुल शॉट खेलकर चौका जड़ा, फिर फुल लेंथ गेंद को शानदार टाइमिंग के साथ स्लिप और थर्ड मैन के बीच से निकालते हुए एक और चौका लगाया।

# बल्लेबाजी में बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे आरसीबी और गुजरात



बेंगलुरु। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और गुजरात टाइटंस की टीम शुक्रवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में आमने-सामने होगी तो उनका लक्ष्य बल्लेबाजी में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। चिन्नास्वामी की थोड़ी चिपचिपी पिच पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पिछले मैच में आरसीबी के बल्लेबाज नहीं चल पाए थे जिससे उसकी टीम को छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। आरसीबी की यह इस सत्र में दूसरी हार थी जिससे उसने शीर्ष चार में अपनी स्थिति मजबूत करने का मौका गंवा दिया था।

वह अब अंक तालिका में आठ अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। उसके बाद सनराइजर्स हैदराबाद (8 अंक), दिल्ली कैपिटल्स और टाइटंस (प्रत्येक 6 अंक) का नंबर आता है। मौजूदा चैंपियन आरसीबी को यह बात अच्छी तरह से पता होगी कि गुजरात टाइटंस के खिलाफ कमजोर प्रदर्शन से उसकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं क्योंकि उसे अब अपने अधिकतर मैच विरोधी टीम के मैदान पर खेलने हैं। यही नहीं वह अब अपने दो घरेलू मैच भी रायपुर में खेलेगा। आरसीबी अब चिन्नास्वामी स्टेडियम में जीत हासिल करके अपने प्रशंसकों को शानदार विदाई देना चाहेगा लेकिन इसके लिए उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा और प्रतिकूल परिस्थितियों में भी बड़ा स्कोर बनाने का तरीका ढूंढना होगा। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ फिल साल्ट को छोड़कर कोई भी अन्य बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया था। कप्तान रजत पाटीदार और टिम डेविड जैसे छक्के जड़ने में माहिर बल्लेबाजों को भी रन बनाने के वैकल्पिक तरीके खोजने पड़े, हालांकि उन्हें इसमें बहुत अधिक सफलता नहीं मिली। इसलिए आरसीबी के बल्लेबाजों को एक प्लान बी तैयार रखना चाहिए, क्योंकि इसकी कोई गारंटी नहीं है कि उनका आक्रामक खेल हर समय कारगर साबित होगा। इसी तरह से गुजरात टाइटंस भी अपने बल्लेबाजों के प्रदर्शन से चिंतित है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में उसकी पूरी टीम 100 रन पर आउट हो गई थी और उसे 99 रन से करारी हार का सामना करना पड़ा था। इससे उसके नेट रन रेट पर भी विपरीत प्रभाव पड़ा है।

## सीएसके ने म्हात्रे की जगह आकाश मधवाल को टीम में किया शामिल

चेन्नई। आयुष म्हात्रे के चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के बचे हुए सत्र से बाहर होने के कारण चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने बृहस्पतिवार को उनकी जगह आकाश मधवाल को टीम में शामिल किया। भारत की अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान म्हात्रे ने सीएसके के लिए इस सत्र में शानदार शुरुआत की थी, उन्होंने छह मैच में दो अर्धशतक बनाए लेकिन सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान उन्हें बाईं हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी। मधवाल 30 लाख रुपये में सीएसके से जुड़े हैं। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मधवाल इससे पहले मुंबई इंडियंस (2023, 2024) और राजस्थान रॉयल्स (2025) का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

## संक्षेप

### प्रियानुज व ऋत्विक राष्ट्रीय चैंपियन बने

देहरादून। असम के प्रियानुज भट्टाचार्य ने शानदार वापसी करते हुए फाइनल में तमिलनाडु के पी बी अभिनंद को हराकर बृहस्पतिवार को यहां जूनियर और युवा राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप का अंडर-19 लड़कों का एकल खिताब जीत लिया। भट्टाचार्य ने 4-2 से जीत हासिल की। तमिलनाडु के अभिनंद और एम आर बालमुरुगन ने अपने ही राज्य के एस के मेहान और उमेश कुमार पर 3-1 की जोरदार जीत के साथ युगल खिताब अपने नाम कर लिया। वहीं अंडर-17 लड़कों के एकल वर्ग का फाइनल बेहद रोमांचक रहा जिसमें जम्मू-कश्मीर के ज त्विक गुप्ता ने ओडिशा के सार्थक आर्य को सात गेम तक चले संघर्षपूर्ण मैच में 4-3 से हराकर खिताब जीता। अंडर-17 लड़कों के युगल में साहिल रावत और धैर्य रावत ने अपने ही क्लब के साथी त्रिशाल राज कुमार और ज षिकेश जगताप पर पांच गेम तक चले कड़े मुकाबले में जीत हासिल कर चैंपियनशिप अपने नाम कर ली।

### ध्रुव ने डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप में बनाई बढ़त

नूंह (हरियाणा)। दूसरे दौर के बाद संयुक्त रूप से शीर्ष पर काबिज ध्रुव श्योराण ने तीसरे दौर में छह अंडर 66 के स्कोर से बृहस्पतिवार को यहां एक करोड़ रुपये इनामी डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप गोल्फ टूर्नामेंट में तीन शॉट की बढ़त बना ली। डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई के पूर्व विजेता गुरुग्राम के 31 साल के ध्रुव ने तीसरे दौर में छह बर्डी की। उनका कुल स्कोर 15 अंडर है। कोलकाता के सुनीत चौरसिया तीसरे दौर में चार अंडर 68 के स्कोर से कुल 12 अंडर 204 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर हैं। दूसरे दौर के बाद संयुक्त रूप से शीर्ष पर काबिज अक्षय शर्मा (70) और पहले दौर के बाद संयुक्त रूप से शीर्ष पर काबिज जमाल हुसैन (68) 11 अंडर 205 के कुल स्कोर से संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। वहीं दूसरी ओर भारत के गगनजीत भुल्लर ने बृहस्पतिवार को यहां सिंगापुर ओपन में पहले दौर में बोगी रहित चार अंडर का स्कोर बनाया जबकि शिव कपूर ने होल इन वन (पहले ही प्रयास में गेंद को होल में डालना) किया। भुल्लर पहले दौर के बाद संयुक्त रूप से छठे स्थान पर हैं।

# छह राज्यों में इंडोर क्रिकेट बुनियादी ढांचों का उद्घाटन करेंगे : पीएम मोदी

एजेंसी

गंगटोक। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने बृहस्पतिवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 अप्रैल को सिक्किम दौरे के दौरान पूर्वोत्तर क्षेत्र के छह राज्यों में इंडोर क्रिकेट बुनियादी ढांचों का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 28 अप्रैल को यहां पालजोर स्टेडियम में एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम सिक्किम को राज्य का दर्जा मिलने के 50 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में साल भर चले समारोहों के समापन का प्रतीक होगा। सैकिया ने उद्घाटन से पहले बुनियादी ढांचे के विकास का जायजा लेने के लिए इंडोर क्रिकेट स्टेडियम स्थल का दौरा किया।

## तुषारा ने एसएलसी के खिलाफ मामला लिया वापस

कोलंबो। इंडियन प्रीमियर लीग में खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी न करने पर श्रीलंका क्रिकेट के खिलाफ अदालत में मुकदमा दायर करने वाले तेज गेंदबाज नुवान तुषारा ने अब यह मामला वापस ले लिया है। तुषारा ने 2022 से अब तक 30 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। उन्होंने दलील दी थी कि एसएलसी ने फिटनेस परीक्षण में असफल रहने का हवाला देते हुए उन्हें एनओसी जारी करने से इनकार कर दिया था।

# कमजोरियों को दूर कर हासिल किया लक्ष्य : हरमनप्रीत

एजेंसी

जोहानिसबर्ग। भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनकी टीम ने सही समय पर खराब प्रदर्शन किया क्योंकि इससे टीम प्रबंधन को कमजोरियों को दूर करने और जून में होने वाले टी20 विश्व कप में मजबूत वापसी करने के लिए पर्याप्त समय मिल गया है। भारतीय महिला टीम को अक्टूबर 2024 में हुए टी20 विश्व कप में ग्रुप चरण से बाहर होने के बाद पहली बार किसी टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में हार का सामना करना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका ने बुधवार को तीसरा मैच नौ क्रिकेट से जीतकर पांच मैच की श्रृंखला में 3-0 से अजेय बढ़त हासिल कर ली। पिछले टी20 विश्व कप से जल्दी बाहर होने के बाद भारतीय टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया तथा वेस्टइंडीज, इंग्लैंड, श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखलाएं जीती।

हरमनप्रीत ने तीसरे मैच के बाद पत्रकारों से कहा, पिछले टी20 विश्व कप के बाद हमने अधिकतर टी20 श्रृंखला जीती हैं। यह एकमात्र ऐसी श्रृंखला है जिसमें हम पहले जैसा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह टीम के लिए अच्छा है कि हम जो भी गलतियां कर रहे हैं वह अभी कर रहे हैं, न कि विश्व कप में। यह सही समय है जब हम अपनी गलतियों से सीख सकते हैं और मजबूती से वापसी कर सकते हैं। हरमनप्रीत ने कहा, कप्तान होने के कारण मैं हर बात को सकारात्मक रूप से लेती हूं। हमें अभी दो मैच खेलने हैं और हम उनमें अच्छा प्रदर्शन करके वापसी कर सकते हैं। इंग्लैंड और वेल्स में होने वाले टी20 विश्व कप में दो महीने से भी कम समय बचा है, ऐसे में भारत का यह प्रदर्शन चिंता का विषय है। विशेषकर उसकी गेंदबाजी अच्छी नहीं रही है। दक्षिण अफ्रीका ने तीन मैचों में 21 विकेट लिए हैं, जबकि भारत केवल सात विकेट ही ले पाया है। तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत ने दक्षिण अफ्रीका के सामने 192 रन का लक्ष्य रखा था। दक्षिण अफ्रीका ने इसे 16.3 ओवर में एक विकेट खोकर हासिल कर लिया। हरमनप्रीत ने कहा, हमारा स्कोर अच्छा था लेकिन हम दुर्भाग्य से पावरप्ले में विकेट नहीं ले पाए। आप कोई भी मैच खेल रहे हों पावरप्ले में विकेट लेने से हमेशा मदद मिलती है। हम ऐसा नहीं कर पाए, जिसका हमें बहुत खामियाजा भुगतना पड़ा। वहीं दूसरी ओर रविंद्र जडेजा ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेलते हुए विभिन्न कारणों से अधिकतर मैचों में अपने कोटे के चार ओवर पूरे नहीं किए हैं लेकिन उन्हें इस बात का कोई शिकवा नहीं है और उनका कहना है कि वह मैदान पर आने से पहले अपना अहंकार होटल के कमरे में छोड़ देते हैं।



जडेजा ने बुधवार को लखनऊसुपर जायंट्स के खिलाफ अपनी टीम को 40 रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इससे पहले कुछ मैचों में अपने कोटे के चार ओवर पूरे न कर पाने के बारे में जडेजा ने जियोहॉटस्टार से कहा, जब मैं मैदान पर आता हूं, तो मैं अपना अहंकार होटल के कमरे में ही छोड़ देता हूं। मैं केवल इस बारे में सोचता हूं कि टीम मुझसे जिस तरह की भी अपेक्षा करेगी मैं उसे पूरी करने की कोशिश करूंगा। उन्होंने कहा अगर इस मैच में बल्लेबाजी की बात करें तो मैं पारी के आखिर तक खेलना चाहता था क्योंकि अगर मैं 17वें या 18वें ओवर में गलत शॉट खेलकर आउट हो जाता तो हम 159 रन तक नहीं पहुंच पाते और शायद 20-25 रन कम बना पाते।

जडेजा ने 29 गेंद पर 43 रन बनाए और फिर चार ओवरों में 29 रन देकर एक विकेट लेकर जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, एलएसजी के लिए छोटा लक्ष्य हासिल करना शायद आसान होता। टी20 क्रिकेट में हर पिच, हर परिस्थिति और हर मैच की स्थिति अलग होती है।

# राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे भारत के शीर्ष एथलीट




एजेंसी

तुमकुर (कर्नाटक), 23 अप्रैल (भाषा) देश की उभरती हुई ट्रैक एवं फील्ड प्रतिभाओं की परीक्षा शुक्रवार से यहां महात्मा गांधी स्टेडियम में शुरू हो रही तीन दिवसीय राष्ट्रीय जूनियर (अंडर-20) एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता में होगी जिसमें कई खिलाड़ियों की नजरें भविष्य में भारत का प्रतिनिधित्व करने पर टिकी होंगी। अगले महीने हांगकांग में होने वाली एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप को ध्यान में रखते हुए इस प्रतियोगिता में काफी कड़ा मुकाबला होने की उम्मीद है, विशेषकर तब जब भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए कड़े क्वालिफिकेशन मानक घोषित किए हैं। पहले दिन पदक के लिए शुरुआती स्पर्धाएं पुरुषों और महिलाओं दोनों वर्गों में पांच हजार मीटर की दौड़ होंगी लेकिन सभी की निगाहें 100 मीटर पुरुष फर्राटा दौड़ पर टिकी होंगी जिसमें झारखंड के पार्थ सिंह, ओडिशा के प्रतीक महाराणा और अन्य धावकों के बीच कड़ा मुकाबला होने की उम्मीद है। पार्थ का पिछला सत्र काफी शानदार रहा था और वे इस स्पर्धा में अपना दबदबा कायम करने के लिए उत्सुक होंगे।

इस स्पर्धा में कुल 79 धावकों ने हिस्सा लेने की पुष्टि की है जबकि पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में भी 93 प्रतिभागियों के साथ मुकाबला उतना ही कड़ा होने की उम्मीद है। यह प्रतियोगिता ओडिशा के अंतरराष्ट्रीय 400 मीटर धावक बापी हंसदा के लिए भी एक आदर्श मंच साबित होगी। बापी उत्तराखंड में आयोजित 2025 राष्ट्रीय खेलों के दौरान लगी चोट के कारण लंबे समय तक खेल से बाहर रहने के बाद वापसी कर रहे हैं। केरल के उभरते हुए धावक मोहम्मद अशफाक ने भी इस प्रतियोगिता में भागीदारी की पुष्टि कर दी है। वे हांगकांग प्रतियोगिता के लिए राष्ट्रीय टीम में जगह पक्की करने के लिए उत्सुक होंगे।

इस स्पर्धा में कुल 89 खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा करेंगे। प्रतियोगिता के पहले दिन सबसे तेज महिला धावक का भी फैसला होगा। महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में 37 प्रतिभागियों ने हिस्सा लेने की पुष्टि की है। महिलाओं की पोल वॉल्ट और चक्का फेंक स्पर्धाओं में भी पदक विजेताओं का फैसला होगा। कुल मिलाकर 709 पुरुषों सहित ।,059 खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में भागीदारी की पुष्टि की है। यह प्रतियोगिता रविवार को संपन्न होगी।

## यूपी स्टेट कराटे चैंपियनशिप आज से, 550 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

**लखनऊ।** चौक स्टेडियम का लालजी टंडन बहुउद्देश्यीय हाल शुक्रवार से तीन दिनों तक जापानी मार्शल आर्ट कराटे के मुकाबलों का गवाह बनेगा। यहां प्रदेश के 30 जिलों के करीब 550 खिलाड़ी विभिन्न वर्गो में अपने हुनर का प्रदर्शन करने उतरेंगे। मौका होगा यूपी स्टेट सब जूनियर, कैडेट, जूनियर कराटे चैंपियनशिप-2026 का, जिसका आयोजन कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी के तत्वावधान में कराटे एसोसिएशन ऑफ लखनऊ द्वारा आगामी 24 से 26 अप्रैल, 2026 तक किया जाएगा। कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी के अध्यक्ष टीपी हवेलिया व महासचिव जसपाल सिंह ने बताया कि चैंपियनशिप में 111 स्वर्ण, 111 रजत व 222 कांस्य पदकों के लिए बालक व बालिका वर्गों में मुकाबले होंगे। चैंपियनशिप में कुमिते के 87 भारवर्ग और काता की 24 श्रेणियों सहित कुल 111 वर्गों में स्पधाएं आयोजित की जाएगी। अध्यक्ष टीपी हवेलिया ने बताया कि इस चैंपियनशिप के माध्यम से उत्तर प्रदेश की कराटे टीम का चयन किया जाएगा, जो आगामी अखिल भारतीय कराटे प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी।

## मशहूर नहीं हुआ हूं, वैसा ही बने रहने की कोशिश कर रहा हूं जैसा मैं पहले था : हिंगे

बेंगलुरु। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शानदार पदार्पण से अचानक मिली शोहरत से प्रफुल हिंगे में जरा भी बदलाव नहीं आया है और सनराइजर्स हैदराबाद के इस तेज गेंदबाज का मानना है कि उन्होंने अपने करियर में अभी शुरूआत ही की है। हाल में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपने पहले आईपीएल मैच में हिंगे ने अपने पहले दो ओवरों में ही वैभव सूर्यवंशी, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, रियान पराग और ध्रुव जुरेल को आउट कर दिया। उनके चार विकेटों की बदौलत सनराइजर्स ने 57 रन से जीत दर्ज की। हिंगे ने कहा कि वह इस प्रदर्शन से बिल्कुल भी अभिभूत नहीं हुए। हिंगे ने जियोस्टार प्रेस रूम में पत्रकारों से कहा, मैंने सोचा था कि मैं दर्शकों के शोर को अपने दिमाग से निकाल दूं। मैं जितना हो सके शांत रहना चाहता था। मैंने नेट्स में भी बहुत ज्याद गेंदबाजी की थी। इसलिए मुझे मैच में उन सभी चीजों को ठीक वैसे ही करना था। जब मैंने ऐसा किया तो मुझे सच में बहुत अच्छा लगा। इस शानदार गेंदबाजी के बाद वह रातों-रात सोशल मीडिया पर सबके चहेते बन गए लेकिन इससे हिंगे जरा भी नहीं बदले हैं।

# स्टार्क को आईपीएल में खेलने को हरी झंडी




एजेंसी

सिडनी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने मिचेल स्टार्क को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने की अनुमति दे दी है और उम्मीद है कि यह तेज गेंदबाज दिल्ली कैपिटल्स के एक मई को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होने वाले मैच के लिए उपलब्ध रहेगा। कोहनी और कंधे में चोट के कारण बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्टार्क जनवरी से कोई मैच नहीं खेल पाए हैं। उन्होंने एशेज के पांचों टेस्ट मैचों में अहम भूमिका निभाई।

उन्हें इस श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। इसके बाद उन्होंने सिडनी सिक्सर्स के लिए बिग बैश लीग के पांच मैच भी खेले थे। क्रिकेट डॉट कॉम एयू के अनुसार, उम्मीद है कि स्टार्क भारत में अब कड़ा अभ्यास करेंगे। वह दिल्ली के राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एक मई को होने वाले मैच में खेलने की राह पर हैं, जो उनका आईपीएल के वर्तमान सत्र में अपना पहला मैच होगा। इस 36 वर्षीय खिलाड़ी की आईपीएल के शुरुआती चरण में अनुपस्थिति ने विदेशी खिलाड़ियों की प्रतिबद्धता पर बहस छेड़ दी थी, जिसके चलते स्टार्क को सोशल मीडिया पर स्पष्टीकरण भी देना पड़ा था। उन्होंने इसे बेहद गलत जानकारी करार दिया था। स्टार्क ने पिछले सत्र में दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से 11 मैचों में 14 विकेट लिए थे। दिल्ली अभी छह मैचों में तीन जीत और तीन हार के साथ अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है।

## एकाना की पिच वाका जैसी एलएसजी के मुख्य कोच

लखनऊ। लखनऊसुपर जायंट्स (एलएसजी) के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने एकाना की पिच की तुलना पर्थ की बीते जमाने की मशहूर वाका पिच से की और स्वीकार किया कि उनकी टीम इसमें मिलने वाली गति और उछाल से तालमेल बिठाने में नाकाम रही है।

एलएसजी अपने घरेलू मैदान पर अब तक खेले गए तीनों मैच हार चुका है। दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटन्स के खिलाफ उसे यहां क्रमशः छह और सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा जबकि बुधवार को राजस्थान रॉयल्स ने उसे 40 रन से हराया। पिछले सत्र में भी एलएसजी ने यहां खेले गए आठ मैचों में से छह मैच हारे थे। इस तरह से उसने इस मैदान पर खेले गए 22 मैचों में से केवल नौ में जीत हासिल की है।

लैंगर ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा यहां की पिच भारत के दूसरे स्थानों की पिच से बहुत अलग है। यह क्रिकेट के लिए शानदार पिच है। यहां आपको गति और उछाल दोनों देखने को मिलते हैं। हम अभी तक इससे सामंजस्य नहीं बिठा पाए हैं। उन्होंने कहा हमने अच्छी शुरुआत की थी।

# बदलाव के पक्ष में एक शानदार जनादेश मिलेगा

## बंगाल में मतदान के अब तक के आंकड़ों से मुझे पूरा यकीन है कि भाजपा को शानदार जीत मिलेगी: मोदी

कृष्णानगर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण में बड़ी संख्या में वोट देने के लिए राज्य की जनता को बधाई दी और मतदान के अब तक के आंकड़ों को परिवर्तन के लिए शानदार जनादेश का संकेत बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने नदिया जिले के कृष्णानगर में एक चुनावी रैली में कहा कि निर्वाचन आयोग इस बात के लिए बधाई का पात्र है कि उसने चुनाव में हिंसा की कोई बड़ी घटना नहीं होने दी। मोदी ने कहा कि बंगाल में पिछले 50 वर्षों के चुनावी इतिहास में यह पहली बार है कि हिंसा की घटनाएं न्यूनतम रहीं। मतदान के बारे में अब तक मुझे जो जानकारी मिली है, उससे मुझे पूरा विश्वास है कि यह बंगाल के मतदाताओं द्वारा बदलाव के पक्ष में एक शानदार जनादेश होगा।



देश के अन्य हिस्सों के मतदान के आंकड़ों का हवाला देते हुए, प्रधानमंत्री ने दावा किया कि जब भी लोग बड़ी संख्या में मतदान करने के लिए निकले हैं, भाजपा को निर्णायक जीत हासिल हुई है। बंगाल में शाम 5 बजे तक औसतन लगभग 90 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। राज्य विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में, 152 सीटों पर अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था के बीच बृहस्पतिवार को मतदान हुआ। हालांकि, कुछ इलाकों से हिंसा की छिटपुट घटनाओं की खबरें हैं। शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की 2,400 से अधिक कंपनियां तैनात की गई हैं। मोदी ने कहा कि मतगणना के बाद भाजपा की बंगाल इकाई 4 मई को विजयोत्सव मनाएगी, जब पार्टी लोगों में न केवल मिठाई बल्कि झालमुड़ी भी बांटेगी। प्रधानमंत्री ने पिछले हफ्ते झाड़ग्राम के अपने दौरे के दौरान झालमुड़ी का स्वाद लिया था। उन्होंने कहा कि मैंने सुना है कि झालमुड़ी ने भी कुछ लोगों को करारा झटका दिया है। मैंने झालमुड़ी खाई थी, लेकिन ऐसा लगता है कि तृणमूल नेताओं को मिर्ची लग रही है। मोदी ने तृणमूल के सिंडिकेट, आपराधिक और माफिया गठजोड़ का जिक्र करते हुए दावा किया कि पार्टी राज्य के कुछ जिलों में एक भी सीट नहीं जीत पाएगी। उनकी यह जनसभा एक ऐसे क्षेत्र में थी, जहां हिंदू नामशूद्र मतुआ समुदाय के सदस्यों की अच्छी खासी संख्या है और एसआईआर के जरिये मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम हटाए जाने से लोगों के बीच आक्रोश है। प्रधानमंत्री ने कहा कि चुनाव के बाद, बांग्लादेश से आए उत्पीड़ित शरणार्थियों को नागरिकता प्रदान करने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि तृणमूल का नारा है घुसपैठियों के साथ, घुसपैठियों का विकास। हमें फर्जी दस्तावेजों के जरिए बाहरी लोगों को नागरिकता देने की साजिश को रोकना होगा।

# पाकिस्तान को लश्कर और जैश जैसे आतंकवादी समूहों पर नकेल कसनी चाहिए: अमेरिकी सांसद

वाशिंगटन। अमेरिकी सांसद ब्रैड शेरमैन ने पाकिस्तान से लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकवादी समूहों पर नकेल कसने की मांग की है।



इस आतंकवादी संगठन का संबंध 2025 के पहलगाम आतंकी हमले से बताया जाता है। भारतीय दूतावास ने 'आतंकवाद की मानवीय कीमतें' शीर्षक वाली एक प्रदर्शनी आयोजित की है जिसमें शेरमैन ने बुधवार को यह बात कही। उन्होंने पहलगाम हमले की पहली बरसी पर उन 26 निर्दोष लोगों को याद किया जिन्हें आतंकवादियों ने मौत के घाट उतार दिया था। शेरमैन ने बुधवार को कहा कि द रेजिस्टेंस फोर्स के हमलावरों ने निर्दोष लोगों को निशाना बनाया और कथित तौर पर पीड़ितों को धर्म के आधार पर अलग किया। इस समूह को व्यापक रूप से लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा हुआ माना जाता है, जिसे पाकिस्तान में पनाह मिली हुई है। हमें इस अवसर का उपयोग पाकिस्तानी सरकार से लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और अन्य आतंकवादी समूहों पर कड़ी कार्रवाई की मांग करने के लिए करना चाहिए। कैपिटल हिल (संसद भवन परिसर) में यह प्रदर्शनी ऐसे समय में आयोजित हो रही है जब पाकिस्तान सात सप्ताह से जारी अमेरिका-ईरान युद्ध को समाप्त कराने के प्रयासों में मध्यस्थता करके खुद को शांतिदूत के रूप में पेश कर रहा है। प्रदर्शनी में डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन दोनों दलों के सांसदों ने शिरकत की। इस डिजिटल प्रदर्शनी में विश्व भर में हुए प्रमुख आतंकवादी हमलों को भी प्रदर्शित किया गया है, जिनमें 1993 के मुंबई बम विस्फोट, 2008 के मुंबई आतंकवादी हमले और पहलगाम हमला शामिल हैं। इसमें हमलों के लिए जिम्मेदार आतंकवादी संगठनों की पहचान भी बताई गई है, जिनमें पाकिस्तान के कई व्यक्ति और लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकवादी संगठन शामिल हैं। यह विशेष प्रदर्शनी हमें कुछ बातों की याद दिलाती है। पहली बात, आतंकवाद का कहर मानवता को तबाह करने पर तुला हुआ है। दुनिया भर के देशों को एकजुट होकर आतंकवाद को हराने के लिए दृढ़ संकल्पित होना होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद से निपटने और उसे हराने के लिए भारत के अटूट संकल्प को स्पष्ट रूप से व्यक्त किया है।

## संक्षेप

### लोकतंत्र में भागीदारी करें युवा : बिरला

नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बृहस्पतिवार को कहा कि युवाओं को लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए क्योंकि राजनीति से दूर रहकर देश का भला संभव नहीं है तथा अच्छे लोगों का लोकतांत्रिक संस्थाओं में आना जरूरी है। बिरला ने दिल्ली विश्वविद्यालय के दो महाविद्यालयों किरोड़ीमल कॉलेज और महाराज अग्रसेन कॉलेज में अलग-अलग कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि शिक्षा को केवल रोजगार प्राप्ति तक सीमित न रखते हुए उसे सामाजिक उत्तरदायित्व, समावेशिता तथा चरित्र निर्माण का सशक्त माध्यम बनाया जाना चाहिए। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे अपनी आकांक्षाओं को व्यापक राष्ट्रीय दृष्टि के साथ समन्वित करें तथा लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। लोकसभा अध्यक्ष का कहना था कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 आलोचनात्मक चिंतन तथा शैक्षणिक लचीलेपन को प्रोत्साहित करते हुए एक परिवर्तनकारी युग का सूत्रपात कर रही है। उन्होंने कहा कि ज्ञान और कौशल निस्संदेह आवश्यक हैं, किन्तु इनके साथ सुदृढ़ नैतिक मूल्यों, सत्यनिष्ठा और धैर्य का समावेश भी उतना ही अनिवार्य है, जिससे स्थायी और सार्थक सफलता सुनिश्चित की जा सके।

# पीएम मोदी के कार्यक्रम के लिए बने मंच तक पहुंचा युवक, थानाधिकारी निलंबित

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बालोतरा के प्रस्तावित दौरे से पहले वीवीआईपी मंच तक एक युवक के अनाधिकृत रूप से पहुंच जाने की घटना को सुरक्षा में गंभीर चूक मानते हुए एक थानाधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों के अनुसार युवक की पहचान अरशद के रूप में हुई है। उसके खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया और बाद में उसे रिहा कर दिया गया।

यह घटना 20 अप्रैल को उस समय हुई जब कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद युवक प्रतिबंधित डी क्षेत्र में प्रवेश कर अतिविशिष्ट लोगों के लिए बने वीवीआईपी मंच तक पहुंच गया। उसने मंच से एक वीडियो भी बनाया, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिससे सुरक्षा तैयारियों पर सवाल उठे हैं। जोधपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सत्येंद्र सिंह ने बताया कि इस मामले में पचपदरा थानाधिकारी अचला राम को निलंबित कर दिया गया है। यह सुरक्षा में गंभीर चूक है कि एक व्यक्ति मंच तक पहुंच गया और वीडियो बनाकर उसे प्रसारित कर दिया। उन्होंने बताया कि राजस्थान आर्म्ड कॉन्स्टेबुलरी (आरएसी) के कमांडेंट को घटना के लिए जिम्मेदार कर्मियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्वाई के निर्देश दिए गए हैं। प्रारंभिक जांच में कार्यक्रम स्थल पर तैनात आरएसी कर्मियों की लापरवाही सामने आई है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री का 21 अप्रैल को एचपीसीएल रिफाइनरी परियोजना के उद्घाटन के लिए बालोतरा दौरा प्रस्तावित था, लेकिन 20 अप्रैल को रिफाइनरी की एक इकाई में आग लगने के बाद यह दौरा स्थगित कर दिया गया था।

# भारत व कतर ने व्यापार बढ़ाने पर की चर्चा

नयी दिल्ली। भारत और कतर ने द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने एवं आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बनाने के तरीकों पर चर्चा की है। पश्चिम एशिया संकट के कारण प्रभावित हुई आपूर्ति श्रृंखलाओं के बीच यह बातचीत हुई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और कतर के विदेश व्यापार मंत्री अहमद बिन मोहम्मद अल सईद ने ऑनलाइन बातचीत की। सोशल मीडिया पर लिखा, हमने द्विपक्षीय व्यापार एवं निवेश संबंधों को और मजबूत करने तथा आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। हमें उम्मीद है कि आने वाले समय में हमारी रणनीतिक साझेदारी और मजबूत होगी। दोनों देशों के बीच 2024-25 में द्विपक्षीय व्यापार 14 अरब अमेरिकी डॉलर रहा जिसे दोनों पक्षों ने 2030 तक दोगुना करने का लक्ष्य रखा है।


# बंगाल चुनाव: समानांतर रणनीति कक्ष का संचालन कर रहे हैं ममता-अभिषेक और शाह

कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा की 152 सीटों पर बृहस्पतिवार को पहले चरण का मतदान हुआ। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और भाजपा नेता अमित शाह ने क्रमशः कालीघाट और साल्ट लेक से अपने अपने दलों के रणनीति कक्ष का संचालन किया तथा इस महत्वपूर्ण चुनावी मुकाबले में वास्तविक समय में मतदान और बूथ स्तर की गतिविधियों पर पल-पल नजर रखी।



बनर्जी के साथ उनके भतीजे और पार्टी के महासचिव अभिषेक बनर्जी थे, जबकि शाह के साथ केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता थे। राज्य में बृहस्पतिवार को विधानसभा चुनाव के पहले चरण में तेजी से मतदान हुआ, जिसमें अपराह्न तीन बजे तक 3.6 करोड़ मतदाताओं में से 78.77 प्रतिशत अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर चुके थे। इस दौरान छिटपुट हिंसा, धमकियों और भाजपा उम्मीदवारों पर हमलों के कुछ मामले भी सामने आए। सुबह से ही, सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस का राजनीतिक केंद्र कालीघाट एक तरह से कमांड सेंटर बन गया। पार्टी सूत्रों के अनुसार, ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी मतदान के रुझानों, जिले से मिली जानकारी और किसी भी तरह की गड़बड़ी के संकेतों पर कड़ी नजर रख रहे थे। स्थानीय सूत्रों के व्यापक नेटवर्क से सुसज्जित तृणमूल नेतृत्व न केवल निगरानी कर रहा था, बल्कि जिले के नेताओं को, विशेष रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में, निर्देश भी जारी कर रहा था। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने बताया कि एक बेहद प्रतिस्पर्धी चुनाव में यह सतर्कता की एक अतिरिक्त कड़ी की तरह था। चुनाव प्रचार के दौरान ईवीएम में कथित हेराफेरी को लेकर बनर्जी द्वारा बार-बार सार्वजनिक चेतावनी दिए जाने के बाद सतर्कता बढ़ाई गई है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com